फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -34, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर 16

यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल 15

## भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट में दिए हलफनामे के उल्लंघन पर मानहानि की नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरूद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में उसे किसी भी रूप में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया, जैसा कि उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपने हलफनामे में कहा था। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम अंतरिक्ष के लिए तैयार...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा

## गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी





प्रशांत बालकृष्णन | अजित कृष्णन | अंगद प्रताप | शुभांशु शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

### प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन-32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।




# सपा में फूट, भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

### राज्यसभा चुनाव : सपा के दो प्रत्याशी जीते, सात विधायकों ने की भाजपा के पक्ष में वोटिंग

- बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट
- अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विजयी प्रत्याशी।

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में केवल दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी रहे। सपा से जया बच्चन, रामजीलाल सुमन जीते जबकि तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। राज्यसभा की 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया। एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया, मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई।

**किसको कितने मिले मत :** मतगणना के परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय सेठ को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले। इस तरह आलोक रंजन हार गए। सपा के रामजीलाल सुमन को 37 और जया बच्चन को 41 वोट मिले। भाजपा और सपा की तरफ से महत्वपूर्ण प्रत्याशियों को मानक से अधिक वोट डलवाए गए थे ताकि उनकी जीत में कोई खतरा न रह जाए।

### हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

**शिमला।** 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की।दोनों को 34-34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।



क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की अब अंतरात्मा के साथ-साथ सम्पूर्ण आत्मा की जांच क्षेत्र की जनता करेगी ताकि भटकती हुई आत्माएं हमेशा के लिए शांत हो जाएं। -**शिवपाल यादव**



हमारी तीसरी सीट सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी। ये जानने के लिए कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ हैं। सुनने में तो ये आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। - **अखिलेश यादव**



क्रॉस वोटिंग नहीं ये तो वेलकम चेंज है। मुझे तो किसी ने पैकेज नहीं दिया है। मैंने भाजपा के पक्ष में वोट किया है। मुझे तो चवन्नी भी नहीं मिली है। - **राजा भैया**



मैंने पीडीए के पक्ष में मतदान किया है। मैं सपा और अपना दल कमेरावादी की विधायक हूं। मैं अपने हक की बात करती रहूंगी, मेरा सपा नेतृत्व से कोई मनमुटाव नहीं। - **पल्लवी पटेल**



सपा के दो प्रत्याशी जीते उनको भी बधाई और उनका तीसरा प्रत्याशी हारा उसके लिए भी उनको बधाई। अखिलेश यादव के अहंकार की आज हार हुई। - **केशव प्रसाद मौर्य**

## सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन



- मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

**मुरादाबाद।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (94) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई राजनेताओं ने गहरा शोक जताया है।

पांच बार के सांसद बर्क संभल के अलावा मुरादाबाद जिले से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह करीब एक महीने से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। 21 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अस्पताल में पहुंचकर उनका हाल जाना था। मंगलवार को उनके निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया।

### एक नजर

#### न्यायमूर्ति खानविलकर लोकपाल के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा सुशील चन्द्र, पंकज कुमार और अजय तिर्की को लोकपाल का सदस्य बनाया है। उपरोक्त नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होंगी।

#### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जांगला पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अलग-अलग दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब डीआरजी का दल तुंगाली गांव के जंगल में पहुंचा तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी करवाई की।

#### केंद्र की पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा की और कहा कि जल क्षेत्र में शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाने वाले इन पुरस्कारों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मार्च को प्रदान करेंगी।

## वैन पलटी, चार विद्यार्थियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रतिष्ठा मिश्रा।



मुस्कान।



अनुराग।



अनुरूप।

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, कांट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार** : हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको (वैन) का कांट क्षेत्र के जरावन में टायर फट गया जिससे ईको खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। सात परीक्षार्थी घायल हो गए।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के 11 परीक्षार्थी ईको से जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन वैन में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16), बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14), हरीपुर की प्रतिष्ठा (15) और नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) की मौत हो गई। गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

> मंगलवार सुबह कांट क्षेत्र में ईको का टायर फटने से घटना होने की बात सामने आई है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। चालक के शराब पीये होने की बात कही जा रही है। इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। आवश्यक कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। - **उमेश प्रताप सिंह**, जिलाधिकारी

## 15 से 31 मई तक होंगी सीयूईटी यूजी की परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी)-स्नातक की परीक्षा 15 से 31 मई तक 'हाइब्रिड मोड' में प्रतिदिन दो या तीन पालियों में आयोजित की जाएगी और परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस महत्वपूर्ण परीक्षा को 13 भाषाओं में 26 विदेशी शहरों सहित 380 शहरों में आयोजित किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई और 26 मार्च को समाप्त होगी।

## पंजाब-राजस्थान में 16 स्थानों पर एनआईए का छापा, छह हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतंकी गठजोड़ के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादियों एवं अन्य अपराधियों के गठजोड़ का पता लगाने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और अन्य अपराधियों के बीच साठगांठ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने चार वर्ष पूर्व राज्य में नकली भारतीय मुद्रा की जब्ती से संबंधित एक मामले में एक अन्य आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही मामले में दोषियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। संघीय एजेंसी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले अकरमुल को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। यूएपीए के तहत अकरमुल को सात वर्ष के कठोर कारावास की भी सजा सुनाई गयी और उसके ऊपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पांच जिलाधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश होने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



- तमिलनाडु में अवैध खनन से संबंधित धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित अवैध रेत खनन को लेकर की जा रही धन शोधन जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों (डीएम) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने ईडी के समन के खिलाफ तमिलनाडु और उसके अधिकारियों की याचिका को 'अजीब और असामान्य' बताया और पांच जिलाधिकारियों को राहत देने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने पिछले साल 28 नवंबर को केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी, जिसमें उसकी ओर से जारी जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला अधिकारियों को पेश होने के लिए कहा गया था। ईडी ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट का रुख किया और कहा कि इससे जांच प्रभावित होगी।

### ईडी ने केजरीवाल को जारी किया 8वां समन

ईडी ने आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यहां एजेंसी के मुख्यालय में चार मार्च को आने को कहा गया है। केजरीवाल (55) इस मामले में सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। यह सातवीं बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

## अंबाला में कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट निलंबित

- दिल्ली कूच के मद्देनजर फैसला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर मंगलवार को 28 से 29 फरवरी तक अंबाला जिले में कुछ स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट और भारी मात्रा में संदेश भेजने की सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की। अंबाला समेत सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और संदेश सेवाएं बहाल किए जाने के दो दिन बाद यह नया फैसला आया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अंबाला में सदर अंबाला, पंजोखेड़ा और नग्गल थाना क्षेत्रों में सेवाएं निलंबित रहेंगी।

### मिला रोजगार — डॉ. कलाम तकनीकी विवि और संबद्ध कॉलेजों के 70 से अधिक शोधार्थियों को मिले उद्यम के अवसर

## जेम पोर्टल ने तैयार की यूपी में स्टार्टअप की खेप

जीशान कदीर, लखनऊ



शोधार्थियों द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल।

- केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिली है 2 करोड़ की धनराशि
- अलग जिलों में रहकर शुरू किया रोजगार, ऑनलाइन बाजार से बढ़ा कारोबार

**अमृत विचार** : जेम पोर्टल यानि गवर्मेंट ई मार्केट प्लेस के सहारे यूपी में छात्रों को स्टार्टअप मिला। चंद माह के भीतर 70 से अधिक जुड़े शोधार्थियों ने ऑनलाइन बाजार में बढ़त बना ली। अलग-अलग जिलों में रहने वाले युवा अब नए साथियों को जोड़कर रोजगार देने में मददगार साबित हो रहे हैं।

एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर मेरठ के सीईओ रेहान अहमद बताते हैं कि सेंटर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ और संबद्ध महाविद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालयों के 70 से अधिक शोधार्थियों ने मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, साफ्टवेयर, बॉयोडायजेस्टर टैंक, मेडिकल डिवाइस, इनोवेटिव प्रोडक्ट, स्टेच्यू मेकिंग, इलेक्ट्रानिक पार्ट, इंडेक्शन सहित अन्य सामानों को बनाया है। नई तकनीक के सहारे तैयार माल ने ऑनलाइन बाजार में युवाओं को रोजगार दिया है। जिन शोधार्थियों ने उद्यम स्थापित किए हैं, वे युवाओं को कंपनी के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे स्थापित करने तक में मदद दे रहे हैं।

### स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिला लाभ

इंक्यूबेशन सेंटर को केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत दो करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। रेहान बताते हैं कि योजना के सहारे वे शोधार्थियों को 70 लाख रुपये की मदद दे चुके हैं।

### पिच डेक के सहारे कॉल टू एक्शन

शोधार्थियों ने पिच डेक के सहारे पूंजी जुटाई और निवेशकों से खरीदारी कर वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया। साथ ही व्यवसाय मॉडल को टीम की मदद से कॉल-टू-एक्शन तक रेखांकित किया जा रहा है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने सभी विजयी प्रत्याशियों को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सम्पन्न हुए राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट ''एक्स'' पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि उत्तर प्रदेश से राज्य सभा के द्विवार्षिक चुनाव में विजयी होने वाले सभी सम्मानित प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आप सभी अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में सहायक होंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं।

### कांग्रेस को मिलाकर सपा को मिले कुल 100 वोट

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यसभा के चुनाव में भाजपा को अपने सहयोगी दलों और सपा के क्रॉस वोटों के बाद कुल 294 विधायकों के वोट हासिल हुए। जबकि समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के वोटों के साथ और राजभर की पार्टी में सेंध के बावजूद प्रथम वरीयता के कुल 100 वोट ही मिल पाए। सपा की तरफ से 7 वोट क्रॉस हुए और एक विधायक यानी महराजी देवी प्रजापति वोट देने नहीं आई। कुल वोट जो गिने गए उनको संख्या 394 है।

### संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे निर्वाचन अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी अपने गृह जिले के संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश समेत देश भर की राज्य सरकारों को इस सिलसिले में निर्देश जारी किया है। आयोग ने चुनाव से पहले निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत

## राज्य सभा चुनावः सपा के सात विधायकों ने किया भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान, बसपा विधायक भी भाजपा के साथ



विधान भवन में मतदान के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ सपा विधायक अभय सिंह, मनोज पांडेय व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई।

मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है।

मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं।

जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।

### रालोद के सभी विधायकों ने संजय सेठ को दिया वोट

लखनऊ : राज्यसभा चुनाव में एक-एक विधायक पर लोगों की निगाहें टिकी थीं। हाल ही में सपा से अलग होकर एनडीए का हिस्सा बने रालोद के सभी नौ विधायकों ने एकजुट होकर भाजपा के संजय सेठ के पक्ष में मतदान किया। मतदान के बाद सभी ने विक्ट्री का इशारा करते हुए, फोटो भी खिंचवायी। इसके बाद विधायकों ने लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक संजीव बालियान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार हम सभी लोगों ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार को वोट दिया है।

### मतदान के दौरान यह रहा खास

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के विधायक जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया। दरअसल, खबर फैली कि हंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रूकी रही।
- मतदान में सुबह से ही भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी भाजपा के विधानमंडल दल कार्यालय में मौजूद दिखे। वह हर एक वोट पर नजर रखे हुए थे। लगातार विधायकों से भी मिल रहे थे।
- मतगणना शुरू होने के बाद सपा और सुभासपा ने आरोप लगाते हुए आपत्ति की। सुभासपा ने अपने विधायक पर बिना दिखाए वोट डालने का आरोप लगाया। इस कारण मतगणना थोड़ी देर के लिए रुकी रही।
- सूत्रों के मुताबिक, सपा के सभी 7 विधायकों ने संजय सेठ के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की है। सपा ने जया बच्चन और रामजीलाल सुमन के लिए 40-40 वोट अलॉट किए थे, लेकिन जया बच्चन को सुभासपा विधायक के समर्थन से 41 वोट मिले हैं।

### क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा विधायकों पर फूटा कार्यकर्ताओं का गुस्सा, भाजपा में जश्न

लखनऊ : राज्यसभा चुनाव में मंगलवार को सपा विधायकों ने क्रास वोटिंग की। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने विधायकों का पुतला फूंका। लखनऊ के परिवर्तन चौक पर विधायकों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नंबर-एक के सामने भी पुतला फूंका गया। सपा समर्थकों ने विधायक मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश कुमार पांडेय और पूजा पाल के खिलाफ विरोध जताया। वहीं दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत का भाजपा पार्टी दफ़्तर में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। ढोल बजने के बीच नाचगाने के साथ मिठाई बांटी गई।

# पुलिस विभाग के 64 निर्माण कार्यों का आज होगा शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 28 फरवरी को लोक भवन में पुलिस महकमें के तीन हजार 114करोड़ रुपये के 64 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 188 करोड़ा 77 लाख रुपये से प्रदेश में बने थाने और पुलिस चैकियों के प्रशासनिक, आवासीय भवनों तथा हॉस्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, पुलिस हास्टल तथा एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय सहित कुल 84 निर्माण कार्या का लोकार्पण भी करेंगे।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बताया कि शिलान्यास एवं लोकार्पण के अलावा प्रयागराज और कुशीनगर में दो पर्यटक थाने शुरू होंगे। इसके अलावा प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने, 75 जनपदों में 1523 पुलिस थानों पर साइबर सेल, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने के साथ-साथ आठ जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाइयों में भी काम शुरू होगा।

प्रमुख सचिव गृह के मुताबिक शिलान्यास किये जाने वाले निर्माण कार्यो मे 4 पुलिस लाइन, 4 पीएसी वाहिनी, दो एसटीएफ, 21 पुलिस थाना और 33 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया जाएगा। लोकार्पित होने वाली 84 योजनाओं में 3 थाना के प्रशासनिक भवन, 6 थाना के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 54 थानों पर हास्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में पुरूष हास्टल, 5 एटीएस के फील्ड यूनिट कार्यालय एवं सात अन्य विविध कार्यो का लोकार्पण करेंगे।

### बेहतर सुविधा को मिले 48 करोड़ 35 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण के लिए 48 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति दी है। प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने की बाबत अनावसीय भवनों के निर्माण को 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रूपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रूपये दिए गए हैं उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी-ए के 6 एवं श्रेणी-बी के 9 आवासों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रूपये, बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण को एक करोड़ 76 लाख 81 हजार रूपये, बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हॉस्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख 65 हजार रुपये दिए गए हैं प्रमुख सचिव (गृह) ने स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने को कहा है। उन्होंने चेतावनी है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बायोमेट्रिक उपस्थिति न दर्ज कराने वाले छात्र परीक्षा से होंगे वंचित

## स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने कॉलेज प्रबन्धकों को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मार्च माह से बायोमेट्रिक उपस्थिति ही होगी मान्य
- मेडिकल फैकल्टी के पोर्टल पर रोज करना होगा अपलोड

**अमृत विचारः** निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है। जो कि लापरवाही की श्रेणी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्मित पोर्टल पर रोजाना उपस्थिति अपलोड की जानी है। आगामी मार्च से बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया गया है, फिर भी कोई बायोमेट्रिक नहीं कराता है तो ऐसे छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होने का मौका नही दिया जायेगा।

इसके लिए उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में बायोमेट्रिक नहीं है, तत्काल स्थापित किये जायें। ताकि मांग के अनुरूप बायोमेट्रिक उपस्थिति की सुविधा को बढ़ावा मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान में इस बाबत की गई कार्रवाई से 15 मार्च तक स्टेट मेडिकल फैकल्टी कार्यालय को अवगत कराया जाये।

### समिति का मतदान स्थगित

अमृत विचार : उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी की निर्वाचित शासी समिति में रिक्त पदों के लिए एक मार्च 2024 को प्रस्तावित मतदान अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए स्टेट मेडिकल फैकल्टी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेगी।

# पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड पकड़ से बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूछताछ में मिलीं जानकारियों से गुनाहगार तक पहुंचने की है कोशिश

**अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने के तीन दिन बाद भी पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड फिलहाल पकड़ से दूर हैं, लेकिन अभी तक मिले सबूत और पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद मिले इनपुट के आधार पर एसटीएफ को जल्दी ही बड़ी कामयाबी की उम्मीद है।

दरअसल, एसटीएफ पकड़े गए लोगों से पूछताछ में मिली जानकारियों की कड़ी से कड़ी जोड़कर असल गुनाहगार तक पहुंचने की कोशिश में हैं। उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से तार जुड़ने के चलते एसटीएफ की टीमें उन राज्यों में भी धर-पकड़ कर रही है। गुनाहगारों तक पहुंचने में एसटीएफ के सामने एक जो बड़ी दिक्कत आ रही है, वह यह कि गिरफ्तारी से पहले कई आरोपियों ने अपने-अपने मोबाइल से वाट्सएप का डाटा डिलीट कर दिया था। अब एसटीएफ उनका डेटा वापस कराने का प्रयास कर रही है। ताकि पेपर लीक मामले से जुड़े गिरोह लोगों के बारे में जानकारी मिल सके।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक अभ्यर्थियों को पेपर बेचने के आरोपी कानपुर के वकील आशीष सचान से पूछताछ में जिस युवक का नाम सामने आया है, वह भी इस कांड से परदा उठाने में मजबूत कड़ी साबित होगा। पता चला है कि एक गांव के रहने वाले उसी युवक ने सिपाही भर्ती का पेपर आशीष सचान के पास पहुंचाया था। परीक्षा की तारीख से एक रात पहले ही उसे साल्व्ड पेपर उपलब्ध हो गया था। एसटीएफ उस युवक तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# एक परिवार की तीन फर्मों को काम देने की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- जांच कमेटी की अध्यक्ष ने अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की फर्मों को काम देने के मामले की जांच होगी। शासन के निर्देश पर निदेशक उपचार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने पड़ताल शुरू कर दी है। कमेटी ने शिकायत में शामिल लखनऊ समेत अन्य मंडलों के अपर निदेशकों से शिकायत में शामिल आरोपों को लेकर बिंदुवार एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

निर्बल समाज उत्थान समिति, फरूखाबाद ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की तीन फर्मों को काम दिया जा रहा है। तीन फर्मों के प्रोपराइट एक ही परिवार के हैं। इन फर्मों में मेसर्स लखनऊ ऑप्टिकल एंड सर्जिकल कंपनी व सरस्वती इंटरनेशनल और कंसोल्ट लैब्रोटरी शामिल हैं।

इन तीन फर्मों को ही टेंडर में शामिल कर स्वास्थ्य विभाग में सिंडीकेट के तहत काम हो रहा है। उक्त शिकायत को लेकर स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, विधायक विजय कुमार राजभर ने शासन में पत्र प्रेषित किया था। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

कमेटी की अध्यक्ष डॉ. शालिनी ने लखनऊ, गोरखपुर, देवीपाटन, मेरठ, कानपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती मंडल के चिकित्सा स्वास्थ्य के अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द आख्या व पूरी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

**तीन सदस्यीय कमेटी :** निदेशक चिकित्सा उपचार डॉ. शालिनी गुप्ता की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी में, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बीपी सिंह कल्याणी व संयुक्त निदेशक भंडार डॉ. राजेश कटियार शामिल हैं।





Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


## एक नजर

### संत रविदास मंदिर में भंडारे का आयोजन आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रविदास समाज सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को कोठी क्षेत्र के ग्राम उसमानपुर के संत रविदास मंदिर में भण्डारे का आयोजन डॉ. हरीप्रसाद सिंह गौतम द्वारा किया जायेगा। इस दौरान कवि सन्त सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सन्त रविदास जीवन दर्शन, लोक गीत एवं नाटक, कठपुतली आल्हा, जादू शो आदि के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

### 36 आरोपियों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव और विभिन्न त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस ने मंगलवार को 36 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की। इस दौरान रामनगर थाने की पुलिस ने वांछित आरोपी अनुपम कुमार मौर्या निवासी ग्राम मथुवा जलालपुर थाना रामनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 40 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब की तस्करी करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मुकेश कुमार गौतम निवासी सरसौदी थाना देवा व रामसजीवन निवासी ग्राम बैसुआ थाना देवा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, तीन पर केस

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी को पड़ोसी युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के मां-बाप मजदूरी करते हैं। बीते शनिवार को दोनों घर से मजदूरी करने के लिए निकले थे। उनके घर पर उनकी बेटी अकेली थी। दंपति का आरोप है कि पड़ोसी समीर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस कार्य में समीर की बहन समरीन व मां मुन्नी ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# कांवरियों का आगमन शुरू, मेले की तैयारियां अधूरी

## लोधेश्वर महादेवा में फाल्गुनी मेला आज से, मंदिर जाने वाले मार्गों पर नहीं हो पायी प्रकाश की व्यवस्था

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा प्रसिद्ध फाल्गुनी मेले की औपचारिक शुरुआत बुधवार को होगी। जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों के जत्थे आने लगे हैं। की तैयारियों को अंतिम रूप देने में विभाग जुटा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाए हैं। मंदिर का रंग-रोगन हो गया है। मंदिर जाने वाले मार्गो से लेकर रैन-बसेरा मेला क्षेत्र में सफाई की जा चुकी है। अभरन सरोवर में पम्पिंग सेट से पानी भरा गया। यहां पर प्रकाश की व्यवस्था पूरी हो गई हैं। वहीं अभी भी पूरे मेला क्षेत्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है।

तालाब में भले जाल लगाया जा रहा हो लेकिन बोहनिया तालाब में गन्दगी फैली है। अभी तक सफाई नहीं की जा सकी है। हैंडपंप खराब है। ऑडिटोरियम व बोहनिया तालाब के पास बने शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। अब तक अस्थायी चेंजिंग रूम भी नहीं बनाए गए हैं। मंदिर के निकासी द्वार पर पानी लीकेज की समस्या बनी हुई है। मेला क्षेत्र में बने पंचायत भवन के जाने वाले मार्ग पर जलभराव है। मंदिर जाने वाले मार्गों पर प्रकाश की व्यवस्था पूर्ण नहीं हो पाई है।

**पहुंचने लगे कांवरिये :** कांवड़ियों के जत्थे महादेवा पहुंच रहे हैं। उन्नाव के राम अवतार बताते हैं कि वह अपने पिता के साथ पिछले 20 वर्षों से यहां आ रहे हैं। महादेवा ने उनकी मनोकामना पूर्ण की है। इस बार उनके साथ 15 सदस्यों का जत्था सोमवार की देर रात यहां पहुंचा।


लोधेश्वर महादेवा मंदिर की ओर बढ़ता कांवरियों का जत्था। अमृत विचार


मेला परिसर की सड़क पर फैला कीचड़। अमृत विचार

### डीएम-एसपी ने मंदिर परिसर का किया निरीक्षण

मंदिर परिसर का निरीक्षण करने सोमवार की देर रात लगभग 10 बजे जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ महादेवा पहुंचे। जहां उन्होंने मेला से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। डीएम व एसपी ने कहा कि समय रहते मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।


मंदिर परिसर का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

# 110 स्कूलों का निरीक्षण पांच शिक्षक मिले नदारद


प्राथमिक विद्यालय पूरेमोती का निरीक्षण करतीं प्रशिक्षु एसडीएम श्वेता मिश्रा।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए निरीक्षण अभियान में मंगलवार को पांच शिक्षक व शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। उधर, प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया। कुल 110 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।

प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी श्वेता मिश्रा ने शहर के प्राथमिक विद्यालय पूरेमोती का निरीक्षण सोमवार को दिन में 11 बजे किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से जोड़, घटाव व गिनती से सम्बंधित सवाल पूछे। बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया। उन्होंने विद्यालय में नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। उधर निन्दूरा ब्लॉक क्षेत्र में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण टीमों को प्रातः विद्यालय आवंटित किये गये। इसके उपरांत टीमें निन्दूरा ब्लॉक के अलग-अलग विद्यालयों में पहुंचीं। वहीं, जनपद स्तरीय टॉस्क फोर्स व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया। इस दौरान सिरौलीगौसपुर के परसा प्रथम की शिक्षिका माहे दरख्शां व अमरा कटेरा विद्यालय की शिक्षामित्र विजय देवी, हैदरगढ़ के विद्यालय चौबीसी प्रथम की शिक्षामित्र सुमन शर्मा, बंकी के केवाड़ी विद्यालय की शिक्षामित्र ममता देवी, सूरतगंज के ननंदऊपारा की शिक्षामित्र नीलू सिंह अनुपस्थित पाई गईं।

# अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**फतेहपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** अधिवक्ताओं के उत्पीड़न के खिलाफ दि बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राल्लापल्ली जगतसाईं को सौंपा।

मंगलवार को बार सभागार में बैठक आयोजित की गयी। इसे सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। प्रयागराज, लखनऊ अन्य जनपदों में भी अधिवक्ताओं के साथ घटनाओं को अराजक तत्व अंजाम दे रहे हैं। इसके निराकरण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। उत्पीड़न रोकने के लिए अधिवक्ता समाज निरंतर विरोध करता रहा है। इसी के साथ आक्रोशित समस्त अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे जहां पर अध्यक्ष ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस मौके पर महामंत्री संजय सिंह, राजीव नयन, योगेन्द्र सिंह बल्लू, ओमप्रकाश, अनीक अहमद, पौरूष, श्रवण, कुलदीप, संतोष, ज्ञानू, अशोक, नफीस आदि अधिवक्ता मौजूद थे।


प्रदर्शन के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

# दो ट्रक टकराए, खलासी की मौत, चालक घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** बांदा में मंगलवार की भोर लगभग चार बजे दो ट्रक आमने-सामने से टकरा गए। इसमें मौरंग लादकर हैदरगढ़ लौट रहे ट्रक के खलासी की मौत हो गयी जबकि उसका बड़ा भाई ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। वे घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं।

हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लालपुर मजरे अंसारी गांव निवासी हरिश्चंद्र (35) पुत्र रामकेश हैदरगढ़ कस्बा निवासी सभासद शब्बीर राइन के यहां ट्रक चालक के रूप में काम करता है। रविवार की सुबह हरिश्चंद्र अपने छोटे भाई खलासी राजकुमार (22) के साथ ट्रक लेकर मौरंग लेने के लिए ट्रक लेकर बांदा रवाना हुआ था। मौरंग लादने के बाद मंगलवार की तड़के ट्रक से दोनों हैदरगढ़ लौट रहे। भोर में लगभग 4 बजे बांदा जनपद की सीमा में ही विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक मौरंग लदा ट्रक टकरा गया। हादसे में खलासी राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ट्रक चालक बड़ा भाई हरिश्चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप

### छात्रों ने लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक


कॉपी पर लिखे मतदाता जागरूकता के स्लोगन दिखाते छात्र-छात्राएं।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देशन में हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के छठवें दिन 37057 मतदाताओं को छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोगों को अपनी कॉपी पर लिखे स्लोगन पढ़कर सुनाए व आगामी लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए अपील करते हुए उनकी सहमति के लिए हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान भी लिए। मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल ऑफिसर राहुल शुक्ला ने बताया कि छठवें दिन हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज एवं सिद्धौर शिक्षा क्षेत्रो में 37057 मतदाताओं सहित अब तक कल 1,81,280 मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए जागरूक किया जा चुका है।

### प्रधानों की बैठक में आज तय होगी आंदोलन की रणनीति

**सतरिख बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड हरख के ग्राम प्रधान 28 फरवरी को संत कवि बाबा बैजनाथ राजकीय महाविद्यालय हरख के सामने एक प्रतिष्ठान पर बैठक करेंगे। इसमें समस्याओं पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। ग्राम पंचायत हरख की प्रधान व संघ की ब्लॉक अध्यक्ष सीमा वर्मा का कहना है कि वर्तमान समय में प्रधान कठिन परिस्थितियों के दौर से गुजर रहे है। पंचायत का विकास कार्य कराने को लेकर उनके सामने दिक्कतें हैं। लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। 28 फरवरी को आयोजित होने वाली बैठक में इन्हीं मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रधानों की राय लेकर आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन की भी रूपरेखा तय की जाएगी।

### बर्क का निधन समाजवादी आंदोलन की बड़ी क्षति : फरीद


सांसद बर्क को श्रद्धांजलि देते पूर्व मंत्री व विधायक फरीद महफूज किदवई व अन्य।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को दिवंगत सांसद शफीक उर रहमान बर्क के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोहिया भवन में आयोजित शोकसभा में पूर्व मंत्री व विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि बर्क का निधन समाजवादी आंदोलन की क्षति है। समाजवादी विचारधारा को बढ़ाने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे किसानों के सच्चे हिमायती थे। वे जीवन पर्यंत शोषित व वंचित समाज के लिए लड़ते रहे। प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा ने कहा कि शफीक उर रहमान बर्क विधायी व संसदीय मामलों के ज्ञाता थे। सपा जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा के संचालन में हुई शोक सभा को संबोधित करने वालों में सपा जिला उपाध्यक्ष मो. सबाह, जिला सचिव जैसीराम यादव, सिराज उस्मानी, आफाक, मनोज पाल, चौधरी विनोद, रामपाल यादव, अशोक सिंह, महिपाल सैनी, अखिलेश यादव, रोहित यादव, रोहित वर्मा, चंद्र प्रकाश राजवंशी व पूर्व प्रमुख प्रदेश सचिव मौलाना असलम आदि थे।

### पुरोहित परिवार ने 50 प्रतिशत हिस्सेदारी मंदिर को दान दी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा मंदिर के पुरोहित अवस्थी परिवार ने अपनी 50% की हिस्सेदारी मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए एसडीएम को शपथ पत्र के माध्यम से दान दे दी। मंगलवार को अमित कुमार, राकेश, आलोक, दीपक, अम्बरीश, अवधेश, विजय, घनश्याम, पंडित प्रभाशंकर शास्त्री, चंद्रभूषण, रमाकांत, इंदुशेखर सहित मंदिर के करीब 6 दर्जन पुरोहितों ने उप जिलाधिकारी पवन कुमार को शपथ पत्र देकर कहा कि हम लोगों को मंदिर से मिलने वाला सम्पूर्ण लाभांश को समिति बनाकर मंदिर के विकास तथा आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था में लगाया जाए। फाल्गुनी मास में एक माह तक शिव भक्तों का लोधेश्वर महादेवा धाम में तांता लगा रहता है। भक्तों द्वारा अनेक प्रकार का चढ़ावा चढ़ाया जाता है। हम सभी पुरोहितजनों ने मंदिर की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ताला-चाबी उप जिलाधिकारी को सौंपी है तथा निस्वार्थ और संपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

# रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के बाद ऐंठ लिए 45 लाख

**फतेहपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** रजिस्टर्ड एग्रीमेन्ट करने के बाद विपक्षी ने 45 लाख रुपये ऐंठ लिये। बैनामा करने का दबाव बनाने पर आरोपी युवकों ने पीड़त के साथ अभद्रता की व जान से मारने की धमकी दी। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली के मोहल्ला सत्यप्रेमी नगर के आदित्य प्रकाश सिंह ने मित्र सूरज के साथ मिलकर कुर्सी थाना क्षेत्र में एक जमीन का सौदा आरोपी अंकुर यादव व अनूप यादव निवासी पंडरिया डीह मजरे सैहारा थाना देवां से ग्राम दौडिहारा परगना देवा थाना कुर्सी का सम्पूर्ण रकबा क्रय करने का करार किया था। इसके एवज में पीड़ित ने आरोपी युवकों को आरटीजीएस व नकद 45 लाख रुपये दे दिये थे। आरोप है कि जब पीड़ित ने बैनामा कराने को कहा तो षड्यन्त्र कर दस्तावेज तैयार कर भूमि का आधा भाग का एक रजिस्टर्ड एग्रीमेन्ट कर दिया। शेष बची भूमि को विपक्षीजनों द्वारा बेचने की बात बतायी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

# गैंगस्टर के दोषी को दो साल की कैद

**बाराबंकी अमृत विचार:** गोकशी के दोषी गैंगस्टर को अदालत में मंगलवार को 2 साल के साधारण कारावास तथा पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई।

सुबेहा थाने पर 9 फरवरी को निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने तौकीर निवासी जगदीश का पुरवा मजरे सिधियावां थाना सुबेहा के विरुद्ध गोकशी करके आर्थिक लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। इस पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने अपनी जांच में आरोप को सही पाया और आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। इस पर सुनवाई के बाद अदालत ने तौकीर को गोकशी का दोषी पाया और उसे दो साल की सजा सुनाई।

# ऐतिहासिक होगा चुनाव परिणाम : पुनिया

**कांग्रेस की बैठक**

- बेरोजगारी, महंगाई आदि मुद्दों के साथ पार्टी लड़ेगी चुनाव

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी पर इण्डिया गठबन्धन का फैसला ऐतिहासिक है। आपकी मेहनत से चुनाव परिणाम भी ऐतिहासिक होगा। किसान की कर्जमाफी, पुरानी पेंशन की बहाली, अन्नदाता को एमएसपी की गारण्टी, महिला सुरक्षा, रोजगार, महंगाई को प्रमुख मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा जाएगा।

ये बातें पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया ने मंगलवार को अपने ओबरी आवास पर कांग्रेस संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की चुनाव तैयारी बैठक में कहीं। अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन तथा संचालन महासचिव केसी श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथि बाराबंकी के संभावित कांग्रेस उम्मीदवार प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिले में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कराना पहली कोशिश होगी। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी साम्प्रदायिक शक्तियों को हराने में अपनी भूमिका अदा करें। तैयारी बैठक में आदर्श पटेल, राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया। अमृत विचार

**मनमानी** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत मिली थी पहली किस्त, विभाग ने एक माह पहले नोटिस भेजकर दिया था समय

# 53 लाभार्थी हजम कर गए धनराशि, नहीं बनाया आवास, अब होगी वसूली

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 53 लाभार्थी पहली किस्त के रूप में मिली 50-50 हजार रुपये की धनराशि हजम कर ली। करीब छह माह बाद भी उन्होंने आवास का निर्माण शुरू नहीं कराया। इस पर नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने नोटिस भेजकर आवास का निर्माण कराने के निर्देश दिए थे। समय बीतने के बाद अब विभाग इन लाभार्थियों से नियमानुसार किस्त की धनराशि की वसूली करने की तैयारी में लगा है।

निकाय क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत तीन किस्त के रूप में ढाई लाख रुपये की धनराशि दी जाती है जिनके पास भूमि तो है लेकिन मकान निर्माण के लिए पैसा नहीं है। योजना के तहत नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने निकायों के ऐसे 53 लोगों को करीब छह माह पहले पहली किस्त के रूप में 50-50 हजार रुपये की धनराशि भेजी थी लेकिन कई बार चेतावनी के बाद भी इन लोगों ने आवास का निर्माण शुरू नहीं कराया। करीब एक माह पहले डूडा ने इन सभी लाभार्थियों को नोटिस जारी कर कहा था कि आवास का निर्माण कराकर जीओ टैग कराएं ताकि डेढ़ लाख रुपये की दूसरी किस्त देने की कार्रवाई की जा सके लेकिन इन लाभार्थियों पर नोटिस का कोई असर नहीं हुआ। लाभार्थियों ने निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया और पैसा हजम कर गए। अब विभाग इन सभी से 50-50 हजार रुपये की रिकवरी की तैयारी में लग गया है। इसकी सूचना सूडा समेत जिलाधिकारी को भी दी गयी है। परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि आवास का निर्माण न कराने वाले 50 से अधिक लाभार्थियों को नोटिस भेजी गई थी। लेकिन इसके बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। अब रिकवरी कराई जाएगी।




### 194 लाभार्थियों को मिलेगी तीसरी किस्त

आचार संहित लगने से पहले अधूरे आवासों को पूरा करने के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है। तभी तो डूडा ने दूसरी और तीसरी किस्त के रूप में एक करोड़ डेढ़ लाख रुपये की धनराशि लाभार्थियों को भेजी है। इनमें 194 लाभार्थियों को तीसरी किस्त के रूप में 50 हजार तो डेढ़ लाख रुपये की दूसरी किस्त पाने वालों में तीन लाभार्थी शामिल हैं। बताया गया है कि एक-दो दिनों के अंदर किस्त का पैसा लाभार्थियों के खातों में पहुंच जाएगा।

### 218 आवासों पर तेजी से चल रहा काम

आवास विकास परिषद द्वारा शहर से सटे जगनेहटा गांव में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत कॉलोनी बनाकर 218 आवास तैयार किए जा रहे हैं। डूडा की निगरानी में इस पर तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद चिह्नित लाभार्थियों को आसान किस्तों पर इन आवासों का आवंटन किया जाएगा। एक आवास की लागत करीब छह लाख रुपये बताई गई है। इसमें ढाई लाख रुपये डूडा की ओर से सब्सिडी के रूप में दिए जाएंगे। शेष आसान किस्तों पर लाभार्थी को बैंक से ऋण दिलाया जाएगा।

### चुनाव बाद लिए जाएंगे नए आवेदन

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत अब नए आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद आवास देने की प्रक्रिया फिर से शुरू होगी। डूडा अधिकारियों के अनुसार फिलहाल इस पर रोक लगा दी गई है। सूत्रों की मानें तो नए वित्तीय वर्ष में नयी सरकार योजना की धनराशि में बढ़ोतरी भी कर सकती है। इसके तहत आवास निर्माण के लिए तीन लाख रुपये दिए जा सकते हैं।

## एक नजर

### जायद गोष्ठी आज

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर बुधवार को जायद किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सायं 4 बजे से होगा। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भी वितरण किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन पर सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। यह जानकारी सहायक निदेशक कृषि ने दी है।

### अपहृता बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : दरियाबाद पुलिस ने एक अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस युवती के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस अपहर्ता को गिरफ्तार नहीं कर सकी। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# आलू के दाम अच्छे मिलने से किसानों के चेहरे खिले

**मेहनत का फल**

- शीतगृह में रखने के बजाय खेत से ही किसान बेच रहे आलू
- पोटैटो बेल्ट में इस बार 22 हजार हेक्टेयर में की गयी खेती

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी



खेत से ही आलू की बिक्री करता किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बीते वर्ष मंदी की मार झेल चुके आलू के किसानों के चेहरे इस वर्ष खिले नजर आ रहे हैं। इस वर्ष आलू के दाम अच्छे मिलने से क्षेत्र के किसानों को काफी मुनाफा हो रहा है आलू का अच्छा भाव मिलने से किसान इस बार आलू को कोल्ड स्टोरेज में भंडाारित करने के बजाय खेत से ही बेचने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

पोटैटो बेल्ट के नाम से विख्यात बाराबंकी जनपद के देवा से लेकर फतेहपुर क्षेत्र में बड़ी तादाद में किसान राजेंद्र वन (लाल आलू) किस्म के आलू की खेती करते हैं। इस बार अधिकांश किसान अपना आलू खेत से ही बेच रहे हैं। जिले में इस बार किसानों ने करीब 22 हजार हेक्टेयर रकबे में आलू की खेती की थी। इस बार आलू की फसल बेहतर बताई जा रही है। देवा के आंशिक क्षेत्र के साथ ही फतेहपुर, बेलहरा, सूरतगंज, मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में इन दिनों आलू की खोदाई शुरू हो गई है। वर्तमान में 1100 प्रति क्विंटल बिल्टी के भाव में व्यापारी आलू बेच रहे हैं। इसके सापेक्ष किसानों को 1000 रुपए क्विंटल का भाव मिल रहा है। किसानों के मुताबिक एक बीघे में औसतन 20 से 25 क्विंटल आलू निकल रहा है। जिससे किसान की 15 हजार रुपए बीघा की औसतन आमदनी हो रही है। आलू की फसल में इस वर्ष करीब 10 से 12 हजार रुपए प्रति बीघा का खर्च आया है। खेत से ही आलू के अच्छे दाम मिलने के कारण किसान इस बार आलू का भंडारण करने के बजाय खेत से ही आलू बेचने की ओर रुख कर रहा है। जानकारों की मानें तो देवा क्षेत्र में एक दो कोल्ड स्टोर को छोड़ दिया जाए तो कई कोल्ड स्टोर में भंडारण क्षमता पूर्ण होना आसान नहीं दिख रहा है। देवा क्षेत्र के ग्राम भगतपुरवा सलारपुर निवासी किसान बृजेश कुमार यादव बताते हैं कि उनका अभी आलू 100 दिन का हुआ है। मार्च के पहले सप्ताह में आलू की खोदाई शुरू करेंगे। भाव अच्छा मिल रहा है। खेत से ही आलू बेचने का मन है। वहीं तकाजीपुर मजरे खेवली गांव निवासी अवधराम यादव बताते हैं कि कोल्ड स्टोर में आलू भंडारण में बोरी, भाड़ा और भंडारण शुल्क मिलाकर करीब 400 रुपये प्रति क्विंटल का खर्च आता है। इसलिए इस बार खेत से ही आलू बेचने का मन बनाया है।

**बिहार व पूर्वांचल की मंडियों में भेजा जा रहा आलू**

इस समय बिहार की दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पासू पट्टी, बेनीपट्टी, मधुबनी, खुटैना, सुपौल से लेकर प्रदेश की पडरौना, कुशीनगर, देवरिया, गाजीपुर, बलिया, तमकुही, कसिया की मंडियों में इस क्षेत्र से आलू भेजा जा रहा है।

–दीपक सिंह, प्रोप्राइटर वैष्णवी आलू कम्पनी, देवा

# एलएलबी की परीक्षा में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**सचल दल पहुंचा**

- सिटी लॉ कॉलेज में पहली पाली में पकड़े गए 26 नकलची
- दूसरी पाली में अवध से 12 व टीआरसी से 25 नकचली धरे गए

**अमृत विचार:** एलएलबी की परीक्षा में एक कॉलेज में सामूहिक नकल का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पुलिस और अवध विवि की सचल दल की टीम पहुंची। टीम ने पहली पाली में नकल करते 26 छात्रों को पकड़ा।

वायरल वीडियो में एक युवक परीक्षा कक्ष में प्रवेश करता है। वह कह रहा है कि यह सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी है। और कह रहा था डीएम साहब लाइव हैं। वह हर परीक्षार्थी के पास से गाइड लेकर दिखा रहा था। उसे रोकने का प्रयास किया गया तो उसने कहा कि यहां ठेका लेकर नकल कराई जा रही है। इसी बीच मारपीट होने से पहले वीडियो बंद हो गया। सफदरगंज के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सिटी लॉ कॉलेज में नकल की शिकायत पर पुलिस गई थी। इसी दौरान अवध विवि की सचल दल आ गया। उसने 26 छज्ञत्रों को नकल करते पकड़ा। दूसरी पाली में अवध ला कॉलेज में 12 व टीआरसी में 25 नकलची पकड़े गए। इस संदर्भ में डीएम का पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# 20 करोड़ के विकास कार्यों पर लगी मुहर

## बनीकोडर क्षेत्र पंचायत की बैठक में सदस्यों से मांगे गए प्रस्ताव, मनरेगा के तहत 17.59 करोड़ स्वीकृत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी



क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद ब्लॉक प्रमुख उर्मिला देवी व अन्य।

**अमृत विचार :** ब्लॉक बनीकोडर के सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें लगभग 20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर मुहर लगी। साथ ही लगभग ढाई से तीन करोड़ रुपये से विकास कार्य कराने के लिए बीडीसी सदस्यों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए और साथ ही 17.59 करोड़ रुपये मनरेगा के तहत स्वीकृत हुआ।

खंड विकास अधिकारी डॉ. विनय मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 2016-17 से अब तक 6086 प्रधानमंत्री और वर्ष 2016-20 से अब तक 374 मुख्यमंत्री आवास का आवंटन हुआ है। इसमें 45 प्रधानमंत्री व 12 मुख्यमंत्री आवास अभी पूरे नहीं बने। 12 गौशालाओं का निर्माण हुआ है, जिसमें 10 संचालित हैं व दो का संचालन जल्द ही शुरू होगा। कुल 40 परियोजनाओं में 31 कार्य पूरे हुए हैं व 9 जल्द पूरे होंगे। एडीओ पंचायत ने गांवों में कूड़ा सेन्टर का निर्माण कराये जाने तथा कूड़ा गाड़ी खरीदने के बारे में जानकारी दी। वित्तीय वर्ष 2024-25 का मनरेगा लेबर बजट रखा व स्वच्छ भारत मिशन, गौ आश्रय स्थल, परिषदीय विद्यालयों के सौंदर्यीकरण, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा, आजीविका मिशन, जल निकासी, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। समिति को बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 क्षेत्र पंचायत में पंचम राज्य वित्त व 15वां केंद्रीय वित्त योजना में 3.38 करोड़ रुपए मिले थे जिसमें 2.27 करोड़ रुपये से विकास कार्य हो चुके हैं व 1.10 करोड़ बचे हैं। केंद्र व राज्य योजना के करीब 3 करोड़ के प्रस्ताव मांगे गए। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चन्द्रशेखर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रिंकू सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि राकेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य लवली रावत, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एडीओ पंचायत, एडीओ आईएसबी, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# निर्देश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**लापरवाही**

- पार्कों के निर्माण और मरम्मत में बरती गयी थी अनियमितता
- डीएम से शिकायत के बाद जांच में सही पाए गए थे आरोप

**अमृत विचार:** शहर में पार्कों के निर्माण और मरम्मत में अनियमितता की गई। डीएम से शिकायत के बाद हुई जांच में अनियमितता के आरोप सही पाए गए। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पालिका को कार्रवाई का निर्देश दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

दुर्गापुरी कल्याण समिति के सचिव मनीष मल्होत्रा ने संपूर्ण समाधान दिवस में 20 जनवरी को डीएम से शिकायत की थी कि विवेकानंद पार्क में पंपिंग स्टेशन बाबू पार्क के निर्माण में अनियमितता की गयी है। ठेकेदार ने जमकर भ्रष्टाचार किया जिसके चलते पानी सड़क पर बह रहा है। पार्क की मिट्टी ठेकेदार उठा ले गया। एंगल गायब कर दी गई। इसी पार्क के बगल में 25 लाख की लागत से ननकू बाबू पार्क बनवाया गया। यहां केवल बाउंड्री वॉल बनाकर नगर पालिका से रुपया निकाल लिया गया। लेखपाल और तहसीलदार ने जब जांच की तो पाया कि स्वामी विवेकानंद पार्क में तोड़फोड़ के बाद मरम्मत नहीं की गई। ननकऊ बाबू पार्क की सिर्फ बाउंड्री वॉल बनाई गई। जांच के आधार पर उप जिलाधिकारी नवाबगंज में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि विवेकानंद पार्क में पंप हाउस के निर्माण के बाद हउदियां नहीं बनवाई गई। ठेकेदार द्वारा तोड़फोड़ के बाद मरम्मत नहीं की गई। ननकू बाबू पार्क में सिर्फ चहारदीवारी का ही निर्माण किया गया। उपजिलाधिकारी ने प्रकरण में अपने स्तर से जांच कर अधिशाषी अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद भी पालिका ने न तो ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई की और न ही इंजीनियर के खिलाफ। शिकायतकर्ता मनीष मेहरोत्रा का आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

# दहेज हत्या में मां-बेटे को 10-10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** दहेज हत्या में दोषी मां-बेटे को अदालत ने मंगलवार को 10-10 साल की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोनों को चार-चार हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

रामसनेहीघाट थाने में 21 सितंबर 2021 को अनूप कुमार ने लवकुश व श्यामकली पत्नी सोहनलाल निवासी राजेपुर थाना रामसनेहीघाट के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अनूप कुमार का आरोप था कि दहेज की मांग पूरी न कर पाने के कारण उसकी बहन की हत्या कर दी गई।

तत्कालीन विवेचक ने आरोप सही पाया। साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय ने दोषी लवकुश और उसकी मां श्याम कली को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# मारपीट के दोषी को पांच वर्ष का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार:** न्यायालय ने मंगलवार को मारपीट के दोषी को 5 साल की सजा और डेढ़ हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। दोषी पर दलित उत्पीड़न निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था।

मसौली थाने में 26 अक्टूबर 2011 को जालिम सिंह के विरुद्ध छोटेलाल ने मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को दोषी पाया और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने मंगलवार को जालिम सिंह उर्फ राकेश को 5 साल की सजा सुनाई।

# आग से सात झोपड़ियां राख, लाखों की क्षति

कोठी, बाराबंकी



घटना के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से फूस की सात झोपड़ी राख हो गयीं। इस घटना में जेवर, नकदी, राशन व कपड़े जल गये। इस घटना में लाखों का नुकसान हो गया। ब्लॉक प्रमुख ने पीड़ितों को मदद का भरोसा दिलाया।

कोठी थाने के कूटी घाट गांव में मंगलवार दोपहर बाद अज्ञात कारणो के चलते बरसाती लाल के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते फूस की सात झोपड़ी जलकर राख हो गयीं। इसमें बरसाती लाल के घर में राशन, कपड़ा जल गया व एक ऊंट झुलस गया। बुधराम के घर में राशन, कपड़ा व 50 हजार से अधिक के जेवर जल गए। कौशल के घर में 30 हजार से अधिक के जेवर राशन व अन्य सामग्री जल गई। श्री राम के घर में निर्माण कार्य के लिए सीमेंट सहित राशन कपड़ा अन्य सामान जलकर राख हो गया। भगवानदीन के घर में सीमेंट थ्रेसर राशन कपड़ा सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। वासुदेव के घर में 20 हजर से अधिक के जेवर जल गए और गैस सिलेंडर फटने से काफी कोहराम मच गया। दुलारा के घर में राशन कपड़ा सहित सामग्री जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत, कोठी मंडल अध्यक्ष कमल सिंह पटेल राम तीरथ सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर हर संभव मदद दिलाने का अवशासन दिया। पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि सारा सामान जलकर राख हो गया है। अब हमारे पास रहने-खाने के लिए कुछ नहीं बचा है। हल्का लेखपाल ने पीड़ित परिवार को एक-एक कंबल वितरित किया। इस संबंध में उप जिला अधिकारी हैदरगढ़ अनुराग सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी। राजस्व टीम को भेजकर आग से हुए नुकशान का आकलन कराया गया है। तत्काल जो व्यवस्था होती है, वह पीड़ितों को उपलब्ध कराई जा रही है। बाकी तहसील स्तर से पीड़ितों की मदद को आगे की कार्रवाई कराई जाएगी।

# रमेश अध्यक्ष व प्रमोद बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



फॉर्मासिस्ट फेडरेशन के चुने गए पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** फॉर्मासिस्ट फेडरेशन की जिला इकाई शाखा का अधिवेशन मंगलवार को प्रशासनिक भवन जिला चिकित्सालय में हुआ। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसमें अध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र वर्मा एलोपैथिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार वेटरनरी, उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह वर्मा एलोपैथिक तथा अश्विनी कुमार त्रिपाठी आयुर्वेदिक, जिला मंत्री पद पर रमापति रावत होम्योपैथिक, कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र त्रिवेदी आयुष, संगठन मंत्री संजीव कुमार वर्मा एलोपैथिक, संयुक्त मंत्री विजय नारायण मौर्य जेल सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए। चीफ फार्मासिस्ट अब्दुल अहद एलोपैथिक को संगठन का संरक्षक नामित किया गया। फेडरेशन की रिटायर्ड विंग का जिला अध्यक्ष आरसी वर्मा, साइंटिफिक विंग का अध्यक्ष डॉ धर्मवीर, मंत्री पद पर डॉ अमित कुमार सिंह, फेडरेशन की यूथ विंग का अध्यक्ष विराट कुमार, मंत्री सुधाकर सिंह वर्मा तथा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा को नामित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुनील यादव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुनील यादव, संरक्षक डॉ. केके सचान, महामंत्री डॉ. अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जेपी नायक, उपाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव तथा जिले के एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, वेटरनरी, आयुष फार्मासिस्ट भी उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से बचाव की दी जानकारी



कार्यक्रम में मौजूद जिला आपदा विशेषज्ञ प्राची उमराव व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नागेश्वरनाथ परिसर में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन द्वारा सर्पदंश से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जिला आपदा विशेषज्ञ प्राची उमराव द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्पदंश परियोजना सलाहकार काव्या शर्मा भी मौजूद रही। उन्होंने लोगों को सर्पदंश से बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम मे बालाजी ग्रुप स्कूल के डायरेक्टर अंकुर माथुर ने जिले में पाए जाने वाले सांपो के बारे में जानकारी दी। पुरोहित अरविन्द, प्रदीप, अश्वनी आदि थे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पोजिट विद्यालय कोटवा सडक विकास खण्ड बनीकोडर के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 4 मार्च 2024 को की जायेगी जिसमें इच्छुक व्यक्ति विद्यालय में उपस्थित होकर अपना नामांकन करा कर नीलामी प्रकिया में भाग ले सकते हैं। भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव के पास अपने आधार की छाया प्रति एंव नीलामी प्रकिया में विभाग द्वारा निर्धारित अग्रिम धनराशि दिनांक 4 मार्च 2024 तक पूर्वान्ह 11 बजे तक जमा कर सकते है।

नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।

दिनाक 23.02.2024

अध्यक्ष / सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति
कम्पोजिट विद्यालय कोटवा सडक
बनीकोडर, बाराबंकी

**लापरवाही** भीखरपुर परिसर में साफ–सफाई के अभाव में उगीं झाड़ियां, किठैया में बंद मिला ताला

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को इलाज की दरकार

विकास पाठक, बनीकोडर, बाराबंकी



आरोग्य मंदिर किठैया में लगा ताला।



परिसर में खराब पड़ा हैंडपंप।

**अमृत विचार:** सरकार ने हेल्थ वेलनेस सेंटर का नाम जरूर आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर दिया है। लेकिन इनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। इन आरोग्य मंदिरों को ही इलाज की जरूरत है। अधिकांश आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ताला लटक रहा है। साफ-सफाई के अभाव में परिसर में झाड़ियां उग आयी हैं।

स्वस्थ व कुपोषणमुक्त जीवन के लिए स्वच्छता बरतने का संदेश देने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) खुद ही बीमार हैं। केंद्र के बाहर झाड़ियां उगी है। केंद्र के बाहर फैली गंदगी से बदबू आ रही है। खास बात यह है कि यहां एएनएम तक की तैनाती नहीं है। सीएचसी बनीकोडर के अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर भीखरपुर परिसर में झाड़ियां उग आयी हैं। मौके पर कोई भी एएनएम नियुक्त नहीं है। सीएचओ अनामिका भले ही मौजूद मिलीं। लेकिन जो हालत यहां दिखी उससे सहज ही अंदाजा लगा कि यहां मरीजों का कैसे इलाज होता होगा। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर किठैया में ताला बंद मिला। बाहर फैली गंदगी से लगा कि यहां कभी कभार ही सफाई होती है। लोगों ने बताया कि जिस दिन टीकाकरण होता है उसी दिन एएनएम सेंटर पर आती हैं। सेंटर के अंदर लगा नल खराब पड़ा था। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ.अमरेश वर्मा ने बताया कि दवाओं की कोई कमी नहीं हैं। एएनएम सेंटर पर 75 से 78 दवाएं उपलब्ध हैं। रही बात एएनएम के सेंटर पर न आने की बात तो वह टीकाकरण वाले दिन ही आती हैं। बाकी दिनों में वह घर-घर जाकर टीकाकरण करती हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील रामसनेहीघाट के ग्राम पंचायत सिल्हौर में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई। प्रधान जवाहर लाल तिवारी के यहां सात दिवसीय कथा का शुरुआत की गई। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए आदि गंगागोमती के तट लालेश्वर महादेव पर पहुंची जहां महिलाओं ने कलश में जल भरा। चित्रकूट से पधारे कथावाचक मनोज शास्त्री श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा सुनाएंगे।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कप्तान सोनकर अंकित है जो सही है। लेकिन मेरे पासपोर्ट (एल 9714780) में मेरा नाम त्रुटिवश सिर्फ कप्तान अंकित है जो गलत है। मेरा सही व पूरा नाम कप्तान सोनकर होना चाहिए, जो सही है। कप्तान व कप्तान सोनकर एक ही व्यक्ति का नाम है। **कप्तान सोनकर पुत्र धनीराम सोनकर निवासी ग्राम भुडकुड़ा पोस्ट रूपईडीह थाना इटियाथोक जिला गोंडा।**

**सूचना**

मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर 134 डीएमयू वास्तव में कहीं खो गया है। **गनेशराम यादव पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बधुईया थाना सैफई जनपद इटावा**

**सूचना**

सूचित हो मैं मो0 फैज़ पुत्र सैय्यद मो0 हसीब निवासी BN/198 माल गोदाम रोड मुनीराबाद, बाराबंकी ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर सैय्यद मो0 फैज़ रख लिया है।

# आजादी के मतवालों को यहां से मिलता था संदेश पर अब इमारत बदहाल

- राजामऊ स्थित श्री विश्वेश्वर सार्वजनिक पुस्तकालय खंडहर में तब्दील, आठ हजार पुस्तकों का था संग्रह

आशीष मिश्रा, बछरावां, रायबरेली


खंडहर में तब्दील श्री विश्वेश्वर सार्वजनिक पुस्तकालय।

**अमृत विचार।** राजामऊ स्थित श्रीविश्वेश्वर सार्वजनिक पुस्तकालय वर्तमान में बदहाल है। इमारत पूरी तरह से खंडहर हो चुका है। इसका प्रयोग ग्रामीण अपनी जरूरतों में करने लगे हैं। यह वही पुस्तकालय है, जहां पर भी आजादी के मतवालों को पत्र-पत्रिकायों के माध्यम से संदेश भेजा जाता था। समय का चक्र ऐसे चला कि अब कोई पूछने वाला नहीं है।

बछरावां के गांधी कहे जाने वाले मुंशी चंद्रिका प्रसाद गुरुजी ने पराधीन भारत में सन 1925 ईस्वी में श्री विश्वेश्वर सार्वजनिक पुस्तकालय की नींव डाली थी। इसी पुस्तकालय के माध्यम से क्रांतिकारी रचनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को आजादी का सिपाही बनाया गया। मुंशी चंद्रिका प्रसाद ने क्षेत्र के लोगों को शिक्षित करने के लिए जहां एक तरफ इंटर कॉलेज से लेकर डिग्री कॉलेज की स्थापना की।

वही क्षेत्र वासियों में शिक्षा के लिए राजा मऊ ग्राम सभा में श्री विश्वेश्वर सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना की, जिसका उद्घाटन आजादी के बाद आठ दिसंबर 1957 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन वित्त मंत्री हाफिज मोहम्मद इब्राहिम ने किया था। जिस पुस्तकालय के भीतर रची गई रचनाओं ने आजादी के मतवालों को जन्म दिया वह अब उपेक्षा के चलते खंडहर बन गया। पुस्तकालय में जब क्रांतिकारी रचनाएं लिखी जाती थीं तो देश की आजादी का जज्बा लोगों के खून में उबाल मारने लगता था।

आजादी के बाद पुस्तकालय में होने वाले वार्षिक उत्सव में फिरोज गांधी, भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी जैसे नेता भी शिरकत करने आए। विगत कई दशको से प्रशासनिक उपेक्षा के चलते आजादी की अलख जगाने वाला यह पुस्तकालय खंडहर बन गया है।

### आजादी में पुस्तकालय की भूमिका

सन 1928 में विजय नामक हस्तलिखित पत्र इस पुस्तकालय के तत्वाधान में मासिक रूप से निकाला गया। इस पत्र के संपादक अवध बिहारी व संरक्षक गुरुजी थे। क्षेत्र में राष्ट्रीय जागृति फैलाने में हस्तलिखित पत्र विजय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इससे प्रेरित होकर अनेक लोग राष्ट्रीय आंदोलन के सिपाही बने। यहां की पुस्तकें जेलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पढ़ने के लिए पहुंचाई जाती थी। हिंदी की श्रेष्ठ पत्र-पत्रिकाएं यहां आती रही। प्रताप, सनेही, सुकवि, हरिजन, आर्य मित्र, हंस, वीणा, माधुरी, सरस्वती, कल्याण, मतवाला जैसी आजकल के दौर की दुर्लभ पत्रिकाओं की अनेक ऐतिहासिक प्रतियों से भरी पुस्तकालय की अलमारियां अब भी हैं

### चतुराई से बचाया साहित्य

बछरावां के गांधी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रिका प्रसाद गुरुजी द्वारा स्थापित पुस्तकालय में राष्ट्रीय भावना से युक्त पुस्तकों के संग्रह पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके चलते अंग्रेजी हुकूमत की पुस्तकालय पर नजर पड़ी। जब्ती साहित्य की तलाश में छापा मारा। चतुराई से काफी साहित्य बचा लिया गया। वहीं अंग्रेजी हुकूमत ने तमाम क्रांतिकारी कृतियां नष्ट कर दी।

### आजादी में पुस्तकालय का योगदान

बात उन दिनों की है जब अंग्रेजी शासन के जुल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड जैसी घटनाओं से देश जल रहा था। देश में हो रही इन घटनाओं को पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाकर आजादी के आंदोलन के लिए जागृति पैदा करने के उद्देश्य से सन 1925 में मुंशी चंद्रिका प्रसाद गुरु जी ने अपनी जन्मभूमि राजामऊ में श्री विश्वेश्वर सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना की। गुरु जी ने पुस्तके मांग-मांग कर एक-एक आना चंदा लेकर लगभग 600 पुस्तकों संग्रह किया। पुस्तकालय के लिए राज कुंवारी रानी साहिबा ने एक भवन व एक गांव दान में भी दे दिया। दान में मिले गांव से लगभग 300 रुपए की वार्षिक आय पुस्तकालय को प्राप्त होने लगी। होने वाली इस आय होने से पुस्तकालय संचालक रामेश्वर शुक्ल ने धीरे-धीरे 8000 पुस्तकों का संग्रह किया।

### उपेक्षा के कारण कई दशकों से नहीं खुला दरवाजा

इस पुस्तकालय को जिला परिषद और प्रदेश सरकार से अल्प सहायता प्राप्त होती रही। किन्हीं कारणों से पुस्तकालय की सहायता बंद कर दी गई। लगभग दो दशकों से पुस्तकालय का दरवाजा तक नहीं खोला गया है। देखरेख के अभाव में पुस्तकालय में रखी ऐतिहासिक कृतियां भी नष्ट हो रही हैं। यह संस्था क्षेत्र की गौरवपूर्ण निधि है फिर भी प्रशासनिक उपेक्षा के कारण जन जागरण व शिक्षा के प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला पुस्तकालय पूर्णतया समाप्ति के कगार पर है।

# चोरी के बाद दुकान में लगाई आग लाखों का सामान जलकर राख

- साहबगंज बाजार में किराना की दुकान में घटना को दिया अंजाम

सलोन, रायबरेली


दुकान में जला पड़ा सामान।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**अमृत विचार।** किराने की दुकान में सेंधमारी करके चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई घटना से एक बार फिर पुलिस की निष्क्रियता की पोल खुली है। किराना की दुकान में हुई आगजनी और चोरी की घटना से लगभग सात से आठ लाख रुपये का नुकसान सामने आया है। पुलिस मामले को हादसा बताकर चोरी की घटना से पल्ला झाड़ रही है।

कोतवाली अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के साहबगंज बाजार में पुत्ती लाल गुप्ता की किराने की थोक एवं फुटकर दुकान है। सोमवार को दुकान बंद करने के बाद सभी लोग घर चले गए। जबकि खाना खाने के बाद पुत्तीलाल का लड़का लल्लू और भाई निमारू दुकान के बाहर चारपाई डाल कर सो गए थे। देर रात लगभग ढाई से तीन बजे के बीच अज्ञात बदमाशों ने दुकान के पीछे सेंध काटी इसके बाद अंदर घुस के गल्ले में रखे लगभग चालीस हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद जाते जाते दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगाकर फरार हो गए।

दुकान के अंदर आग की लपटे देख दोनों चाचा भतीजे ने चीख पुकार मचानी शुरू कर दी। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से लगभग दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। वही घटना के दौरान चौकी पुलिस वारदात स्थल से गायब रही। पीड़ित व्यवसाई के पुत्र दीपक गुप्ता ने चालीस हजार नगदी समेत सात से आठ लाख रूपये के नुकसान का अनुमान बताया है। चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा का कहना है कि दीवार के पीछे दो ईट निकली है। संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगी है। चोरी हुई है या नहीं इसकी जांच की जाएगी। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया की घटना की सूचना पर पुलिस गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

# बदले मौसम से किसान चिंतित बारिश से होगा नुकसान

- सरसो, अरहर की फसलों को लेकर किसान परेशान बरसात से गिर जाएंगे फूल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मंगलवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इससे किसान परेशान है। उनका कहना है कि यदि बारिश हो गई तो फूल वाले फसलों का उत्पादन प्रभावित होना तय है। ऐसे में किसानों के सामने उपज बचाने का संकट खड़ा हो गया है। मौसम विभाग की माने तो अगले दो दिन बारिश हो सकती है।

इस बार मौसम कई रंग दिखा चुका है। हाल ही में हुई बारिश से गेहूं की फसल काफी गिर गई थी। वहीं अब सरसो की फसल लगभग तैयार है। कई जगह कटाई भी शुरू हो गई। अरहर के पेड़ों में फूल आने लगे हैं। यदि बारिश हो गई तो इन सबके प्रभावित होने की संभावना पूरी है। इसके अलावा आलू की खोदाई भी चल रही है। बारिश में खेत में पानी भर जाएगा। इससे आलू का सड़ना तय है। बारिश के बाद सरसों, मटर के दानों मे नमी आने से फूट कर बिखर जाते हैं। ऐसे में उपज प्रभावित होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

### सुबह होते ही निकल आए स्वेटर और जैकेट

कई दिनों से दिन में तेज धूप के कारण सर्दी का असर लगभग कम हो गया था। लोग सदरी और हाफ स्वेटर में ही घर से निकलने लगे थे। वहीं मंगलवार को सुबह से आसमान में बादल छाने और हवाओं के चलने के कारण अचानक सर्दी बढ़ गई। इससे एक बार फिर लोग स्वेटर और जैकेट पहनने को विवश हो गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष की तहरीर पर ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर गांव निवासी कमलेश कुमार की पुत्री विद्या देवी का विवाह बीती 4 फरवरी 2024 को बाराबंकी निवासी संदीप कुमार के साथ हुआ था। 25 फरवरी को ससुराल में विद्या देवी की तबीयत खराब होने की सूचना मिली। जिस पर मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया था, जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में विद्यावती की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर दहेज हत्या सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**डीह, रायबरेली।** अस्पताल से घर जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पर एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के अस्थोरायपुर निवासी कल्लू (45) और अर्जुन (35) सोमवार की रात लगभग 12 बजे बाइक से अपने घर जा रहे थे। तभी खेऊपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी डीह पहुंचाया, जहां पर कल्लू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अर्जुन की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची गांव के गौवा चौराहे के निकट रायबरेली की तरफ से आ रहे बाइक सवार तीन लोगों को पिकअप ने टक्कर मार दी। इसमें 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वही अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना सोमवार देर रात की है।

क्षेत्र के पदमनपुर विजौली निवासी राधेश्याम देर रात बाइक से अपने दस वर्षीय बेटे सनी पुत्र राधेश्यम और छोटेलाल के साथ घर जा रहा था। गौवा बाजार के पास तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। इससे तीनो दूर जा गिरे। हादसे में सनी की मौत हो गई। वहीं अन्य दोनों घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज ब्रजेंद्र सिंह ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिला भेज दिया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह हादसा लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर चिक मीलिक गांव के पास हुआ है। गांव निवासी जय प्रकाश बाइक से किसी काम से जा रहा था। राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन ने उसके बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## राही ब्लॉक सभागार में साक्षात्कार 29 को

संवाददाता, रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा सहायतित एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना पूर्व नाम (चाइल्ड प्रोटेक्शन सर्विसेस) के अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्तियों की सूचीकरण (इम्पैनलमेंट) किये जाने हेतु शासनादेश के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। इसमें आवेदित अभ्यर्थियों के स्क्रीनिंग/साक्षात्कार 29 फरवरी 2024 को विकासखण्ड राही सभागार में होगा।

# डीएम ने 12 नए गेहूं क्रय केंद्रों को दी मंजूरी

**संवाददाता, रायबरेली।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने किसानों की सुविधा के लिए 12 नए गेहूं क्रय केंद्रों को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही जिले में गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या 114 हो गई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 51 एवं पीसीयू के 19 कुल 102 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएम द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेंसी भारतीय खाद्य निगम एवं पीसीएफ से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 12 नये गेहूं क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की है। डीएम ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 114 गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## ठेकेदार पर मेहनताना नहीं देने का आरोप

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कुसमी के रहने वाले मजदूरों ने थाने में तहरीर देकर ठेकेदार पर मेहनताना नहीं देने का आरोप लगाया है। कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण में ठेकेदार द्वारा कार्य करने के बाद मजदूरी नहीं दे रहे हैं। मंगलवार को कुसमी के रहने वाले श्रमिक राजेश कुमार, सुंदरलाल, रामराज, चंद्र रूप, रामबाबू, राजन जगतपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण किया जा रहा था, जिसमें सभी लोगों द्वारा मजदूरी की गई। ठेकेदार द्वारा कहा गया था कि कार्य पूरा होने पर सबका भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन कार्य समाप्त हो गया। हम लोगों की मजदूरी नहीं दे रहे हैं। सभी मजदूरों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# लाभार्थी संपर्क योजना कार्यशाला का आयोजन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए लाभार्थी सम्पर्क अभियान चला रही है। गेगासों मंडल कार्यशाला में अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे और महामंत्री विकेश द्विवेदी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में "फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। अबकी बार भाजपा 400 पार के संकल्प के साथ योजना बनाकर कार्य कर रही है।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि 2014 के बाद मोदी सरकार में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं उज्जवला, जन-धन, आवास, शौचालय, हर घर नल से जल, सौभाग्य योजना से हर घर बिजली, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि सहित कई अन्य योजनायें लागू करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों में लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क व संवाद किया जायेगा।

# जिंदगी के हर मोड़ पर स्काउटिंग आती है काम : डॉ. मालवीय

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में वर्ष 2021 बैच के डीएलएड प्रशिक्षुकों का पांच दिवसीय स्काउट गाइड के विशेष प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें संस्थान के उप शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. चन्द्र शेखर मालवीय को संस्थान के प्रवक्ता एवं स्काउट गाइड के प्रभारी डॉ.आशुतोष पाण्डेय ने स्कार्फ पहना कर स्वागत किया।

संस्थान के प्राचार्य स्काउट गाइड के विशेष प्रशिक्षण में स्काउट गाइड द्वारा लगाए गए टेंट एवं गैजेट का निरीक्षण किया। सर्वोत्तम टेंट एवं गैजेट निर्माण वाली टोली नंबर 4 एवं 6 को पुरस्कृत किया। प्रशिक्षक मंडल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य के जीवन में हर मोड़ पर स्काउटिंग गाइडिंग काम आती है और विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला को सिखाती है। इसलिए सभी प्रशिक्षु सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र के अलावा अपने व्यक्तिगत जीवन में भी इसे उतारने का प्रयास करें।


लीडर ट्रेनर शिवशरण सिंह को प्रमाण पत्र देते उप शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. चन्द्र शेखर मालवीय।

प्रशिक्षण के लीडर ऑफ द कोर्स लीडर ट्रेनर शिव शरण सिंह ने बताया कि स्काउट गाइड के पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, बायां हाथ मिलाना, बेडेन पावेल के छह व्यायाम, प्राथमिक चिकित्सा, गांठें - बन्धन, सामुदायिक सहभागिता, प्रगतिशील प्रशिक्षण, कैम्प क्राफ्ट, बिना बर्तन के भोजन बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षक के रूप में लीडर ट्रेनर शिवशरण सिंह के अलावा रूपेश कुमार शुक्ल, सहायक लीडर ट्रेनर प्रतिमा सिंह, वंदना श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



### चंद्रशेखर आजाद की मनाई पुण्यतिथि

**सरेनी, रायबरेली।** एसबीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल में मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद मिश्रा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही बच्चों को आजादी की लड़ाई में चंद्रशेखर आजाद के योगदान के बारे में बताया। कहा कि आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ अंतिम समय तक लड़ते रहे। उनके साहस को देखकर अंग्रेज भयभीत हो गए थे। शिक्षक रमेश, दिनेश, अकबाल, अजय, रंजीत, मन्नूलाल, सुरेश वीर, अभिषेक निगम, सुशील, सीता, पूनम, कंचन मिश्रा, दिव्या मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य काली किशोर ने सबको आभार ज्ञापित किया। कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। ऐसे क्रांतिकारी को शत-शत नमन। इस मौके पर अखिलेश, विवेक, हितेश, विष्णुकांत, सीता, पूनम, संजय पाल, विनय मिश्रा, संतोष कुमार मिश्रा, दीपू सिंह आदि मौजूद रहे।

### मां-बेटी को पीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** एक मनबढ़ युवक ने रंजिशन मां-बेटी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता महिला सिया रानी पत्नी छेदीलाल निवासी गांव टोंक ने बताया कि पूरे गुरु का पुरवा मजरे रामपुर गहिर खेत निवासी दीपक सोनकर पुत्र गोवर्धन सोनकर उनके परिवार से रंजिश रखता है, जिसके कारण उसे और उसकी पुत्री खुशी को मारा पीटा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। मामले में पुलिस ने महिला का मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

### फंदे से लटकता मिला बालिका का शव

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बसंतपुर कठोइया गांव में 16 वर्षीय बालिका की संदिग्ध मौत हो गई है। बालिका का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त गांव निवासी सूरजपाल की 16 वर्षीय पुत्री काजल ने गले में फंदा लगाकर लटक गई। परिजनों ने देखा तो उसे नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही, प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** खेत में काम कर रहा किसान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला क्षेत्र के हादीपुर मजरे पचखरा गांव का है। उक्त गांव निवासी अमृतलाल मंगलवार की सुबह गेहूं के खेत में खाद डाल रहा था, उसी दौरान बरसात शुरू हो गई। वह कुछ समझ पाता तब तक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। इससे अमृतलाल गम्भीर रूप से झुलस गया। जानकारी होने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर आये, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आने के बाद अधेड़ को सीएचसी लाया गया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### दीवार तोड़ने के दौरान नीचे गिरा श्रमिक, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर बन रहे बाईपास के लिए एक मकान की दीवार तोड़ रहा श्रमिक मलबा के साथ नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग के किनारे सावापुर गांव के पास हुआ है। यहां स्थित चौरसिया होटल का भवन बाईपास निर्माण के लिए तोड़ा जा रहा है। इसमें सवैया तिराहा निवासी श्रमिक रामू काम कर रहा था। दीवार तोड़ते समय रामू मलबे के साथ नीचे गिर गया। साथी श्रमिकों ने तत्काल उसको सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### श्रद्धालुओं ने छका भंडारे का प्रसाद


भंडारे में प्रसाद छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली।** महाकालेश्वर मंदिर स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर के संस्थापक राजेंद्र बहादुर सिंह और उनकी धर्मपत्नी उषा सिंह ने मंदिर में रुद्राभिषेक, हवन-पूजन व सभी देवों को भोग लगाया। हवन पूजन और रुद्राभिषेक के दौरान उनकी पुत्री रश्मि सिंह, छोटू सिंह, खुशी सिंह शामिल रहे। इसके बाद इसके बाद कन्याओं को प्रसाद खिलाने के बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ। इस दौरान हजारों शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। भंडारे में आने वाले सभी शिव भक्तों को पूरी सब्जी खीर आदि प्रसाद वितरित किया गया। देर रात श्रद्धालु उमड़े रहे। इस मौके पर पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक गजाधर सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख बब्बन सिंह, ओम ग्रुप के अध्यक्ष हरिहर सिंह, इंजीनियर विजय रस्तोगी, भाजपा नेता, शिवेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

**बछरावां, रायबरेली।** विकास क्षेत्र की शेखपुर समोधा ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर श्री झारखंडेश्वर धाम के सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया। इससे श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पर्यटन विभाग की ओर से मंदिर के सुंदरीकरण लिए लाखों रुपये का बजट भेजा। इसके पश्चात मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा भेजे गए इस बजट में मंदिर में भव्य गेट का भी निर्माण किया जा रहा है, जो मंदिर की शोभा को बढ़ाने का काम करेगा।

# मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा में जिले का रहा बेहतर प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर जनपद की जनसंख्या के सापेक्ष सर्वाधिक व्यक्तियों का प्रतिभाग सुनिश्चित कराते हुए मानव श्रृखंला का निर्माण कराया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया गया, जिसके लिए प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाले तीन जनपदों में से एक जनपद रायबरेली की मुख्य अतिथि जितिन प्रसाद, कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण एवं विशिष्ट अतिथि दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन ने प्रशंसा की।

साथ ही जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं बेसिक शिक्षाधिकारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम का आयोजन विश्वेश्वरैया हाल, पीडब्लूडी मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जितिन प्रसाद, कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण एवं विशिष्ट अतिथि दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन, वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव परिवहन, उत्तर प्रदेश, चन्द्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश आदि मौजूद रहे।



एआरटीओ मनोज कुमार को प्रशस्ति देते कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद और राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह। अमृत विचार

गौरतलब है कि मुख्य सचिव शासन के अनुपालन में 23 जनवरी, 2024 को न्यू न्यू स्ट्रैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला चौराहा, रायबरेली में परिवहन विभाग, रायबरेली द्वारा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें जिलाधिकारी हर्षिता माथुर मुख्य अतिथि, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल विशिष्ट अतिथि एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की सहभागिता रही। डीएम द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलवायी गयी। उसके बाद मानव श्रृखंला बनाकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी।

मानव श्रृंखला के आयोजन पर न्यू स्ट्रैण्डर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा ट्रैफिक लाइट की प्रतिकृति भी बनायी गयी थी। जनपद के अन्य सभी विद्यालयों के कक्षा 08 से 12 के और उच्च शिक्षा के सभी छात्र/छात्राओं समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा 95 प्रतिशत से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया, जिनकों सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी थी।


बागी विधायकों का पुतला जलाते सपा कार्यकर्ता।

# सपा नेताओं नें फूंका बागी विधायकों का पुतला

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा का समर्थन करने वाले सपा विधायकों के खिलाफ जिले के समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी ने विरोध जताया। साथ ही पार्टी के खिलाफ जाने वाले विधायकों का शहीद चौक पर पुतला फूंका और विधायक मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष राहुल निर्मल बागी के नेतृत्व में पुतला फूंका गया। सपा नेता राहुल निर्मल ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष का नारा पीडीए है, आज जो पीडीए को नहीं मानते थे। संघी व बीजेपी विचारधारा के लोग पार्टी के खिलाफ होकर अपने असली चेहरा में आज सामने आ गए हैं। ऐसे में इस तरीके के विधायकों की पार्टी में कोई जरूरत नहीं है। इस दौरान विभव यादव, ऋषभ सेन, अवनीत चौधरी, आशीष सरोज, छोटू मोहम्मद वसीम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जमीन बिक्री में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** खीरो निवासी आलोक प्रताप सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह ने गांव के ही अवधेश पुत्र राज बहादुर शर्मा और महेंद्र सोनी पुत्र जगत सोनी के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया है। आलोक प्रताप सिंह का कहना है कि उन्होंने अवधेश शर्मा से एक प्लॉट का इकरार नामा कराया था और 20 हजार रुपये देकर लालगंज निबंधक कार्यालय में रजिस्टर्ड इकरारनामा भी कराया था, जिसमें जमीन विक्रय की मियाद 45 दिन थी। लेकिन अवधेश शर्मा ने 45 दिन के अंदर ही जमीन को दूसरे को बैनामा कर दिया। जिसके कारण आलोक प्रताप सिंह ने जरिये कोर्ट लालगंज कोतवाली में अवधेश और उनके साथी महेंद्र सोनी के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज करा दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक निखिलेश कुमार को सौंपी गई है।

### साइकिल और बाइक में टक्कर, पांच लोग घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** सुदामापर चौराहे और कितूली के पास हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। मंगलवार को सुदामापुर चौराहे पर बाइक और साइकिल में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमे अरमान, जमीला बानो, सीमा देवी घायल हो गए। इसी तरह कितूली के पास बाइक और साइकिल में भिड़ंत हो गई। यहां पर आनंद और संतोष निवासी सुल्तानपुर जनौली घायल हो गए। सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी के डॉक्टर संजय तिवारी ने बताया कि पांच लोग घायल आए हुए थे, जिनका उपचार किया जा रहा है।

### मनाई गई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**संवाददाता, रायबरेली।** केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश कुमार शुक्ला और संचालन कांग्रेस नेता इंजीनियर केसी शुक्ला ने किया। केसी शुक्ला ने कहा की चंद्रशेखर आजाद अदम्य साहस की मिसाल थे, जिन्हें युगों-युगों तक प्रेरणा स्रोत के रूप में याद किया जाएगा। युवा नेता रामजी शुक्ला ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद आजादी की लड़ाई के वो गौरवशाली अध्याय थे, जिन्हें एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप मे हमेशा याद किया जाता है। इस मौके पर सोम शुक्ला, रामजी शुक्ला, डीपी यादव, तिरु शुक्ला, आद्या शुक्ला, मोहम्मद उस्मान, सिद्धार्थ गोपाल वर्मा, मोहम्मद जैद, श्याम, शिव प्रताप मिश्रा, गोविन्द आदि मौजूद रहे।

### सपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में छह को हटाया

**संवाददाता, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त छह पदाधिकारियों को प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से जनपद रायबरेली के पदाधिकारियों को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने एवं अनुशासनहीनता के कारण पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्काषित कर दिया गया है। इसमें रवीन्द्र कुमार पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष, शिव नारायण सिंह जिला उपाध्यक्ष, राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराज जिला उपाध्यक्ष, राकेश कुमार ब्लॉक प्रमुख-रोहनियां, डॉ. हर्ष वर्धन जिला सचिव, अशोक कुमार ब्लॉक अध्यक्ष दीनशाह गौरा शामिल हैं।

### मनोज पांडे का लालगंज में सपाईयों ने फूंका पुतला

**लालगंज, रायबरेली।** ऊंचाहार विधायक मनोज पांडे के पार्टी से किए गए बगावत के बाद सपाइयों में उबाल आ गया है। लालगंज के नगर पंचायत तिराहे पर सपा नेता योगेश यादव के नेतृत्व में जहां विधायक मनोज पांडे का पुतला फूंका गया, वही सपाइयों ने विधायक मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। सपा नेता योगेश यादव ने बताया कि ऊंचाहार विधायक मनोज पांडे बहुत दिनों से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लगे हुए थे। सपा कार्यकर्ता उन्हें पार्टी का कोढ़ भी मानते थे। उनके द्वारा पार्टी से बगावत करने पर पार्टी का कोढ़ समाप्त हो गया है। इस नाते पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का भी इजहार किया है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य आशीष यादव, हरिराम, घनश्याम मिश्रा, राजू, कुलदीप पाल, सुनील आदि सपाई मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर चालक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**डीह, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे बुधई के पास बाइक से निमंत्रण में जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात टैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि साथ मे बैठे भतीजे को भी हल्की चोटे आई। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अस्पताल भिजवाया। ग्राम पूरे हेम मजरे उत्तरपारा गांव निवासी लक्ष्मीनारायन पुत्र कल्लू अपने भतीजे सुमित के साथ बाइक से पूरे गजराज मजरे डीह में निमंत्रण में जा रहा था। तभी डीह रायबरेली मार्ग पर पूरे बुधई के पास अज्ञात तेज रफ्तार टैक्टर ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकी भतीजा सुमित मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### पिकअप में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ ओवर ब्रिज के पास चलती पिकअप में उस समय आग लग गई। जब चालक एक गांव में सामान छोड़ने गया था। चालक ने किसी तरह कूद कर जान बचाई, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर किसी तरीके से काबू पाया। लेकिन तब तक आग से पिकअप पूरी तरीके से जलकर स्वाहा हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम रायबरेली से पिकअप चालक सरेनी क्षेत्र के दूलापुर गांव में सामान छोड़ने गया था। सामान छोड़ कर वापस रायबरेली जाते समय लालगंज के डलमऊ बाईपास के पास गाड़ी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक चालक कुछ समझ पाता आग ने विकराल रूप रख लिया। चालक ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। लेकिन पिकअप धू धू कर जलने लगा। आग की लपटों को देखकर स्थानीय लोग भी सहम गए। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरीके से आग पर काबू पाया है। फिलहाल घटना में किसी प्रकार की जानकारी नहीं हुई है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक चोरी की पुलिस से शिकायत

**रायबरेली।** दिनदहाड़े न्यायालय के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित बाइक मलिक ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के दीवानी कचहरी के पास में मिल एरिया थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव के रहने वाले रविंद्र कुमार सिंह अपनी गाड़ी दीवानी कचहरी के पास में खड़ी कर न्यायालय के अंदर चले गए और जब वापस आए तो देखा उनकी मोटरसाइकिल खडे किए गए स्थान से लापता हो गई। जिसको लेकर पीड़ित रविंद्र ने काफी खोजबीन की लेकिन बाइक नही मिली, तो उसने कोतवाली नगर में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है।

# क्रासिंग को जल्द खुलवाया जाएगा: अजय

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने धोबाहा, तिवारीपुर समेत करीब एक दर्जन गांव के लोगों की मांग पर धोबहा स्थित बंद रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि इस रेलवे क्रॉसिंग से प्रभावित हजारों परिवारों की मांग पर जल्द केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मानव सहित फाटक लगाने का आदेश करवाएंगे।


वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

अजय अग्रवाल ने कहा कि इस क्रॉसिंग को तुरंत चालू किए जाने की आवश्यकता है, जिससे कि क्षेत्रवासियों को नौ से 10 किलोमीटर घूमकर न जाना पड़े। साथ ही बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, क्योंकि बच्चों के प्राथमिक विद्यालय क्रॉसिंग के दूसरी तरफ होने से उन्होंने विद्यालय जाना छोड़ दिया है।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि वह इस संबंध में अभी आज ही जाकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखेंगे और जरूरत हुई तो वह स्वयं जाकर एक हफ्ते के अंदर उक्त क्रॉसिंग पर मानव सहित फाटक लगवाने का आदेश जारी करवाएंगे। इस मौके पर बबलू प्रधान, दिनेश प्रधान, महेंद्र सोनकर शिव प्रसाद मिश्रा, राजपाल सिंह, उदित सिंह, अजय अवस्थी, अवधेश पटेल, शैलेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# एक को आयेंगे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, देंगे 16 सौ करोड़ की सौगात

संवाददाता, रायबरेली



**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एक मार्च को रायबरेली आयेंगे। इस दौरान 16 सौ करोड़ की सौगात देंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रयास से दोबारा कार्यक्रम निर्धारित किया गया। मंगलवार को प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने तैयारी बैठक में बोलते हुए कहा कि केंद्रीय परिवहन राज्य मंत्री नितिन गडकरी 1 मार्च को जीआईसी ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

रायबरेली जनपद को 16 सौ करोड़ रुपए की सौगात भी देंगे। उन्होंने बताया कि रायबरेली रिंग रोड फेस टू के साथ-साथ कई ओवर ब्रिज और अन्य योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा लालगंज ऊंचाहार फोरलेन का भी शिलान्यास करेंगे। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्रीय मंत्री की रैली में प्रत्येक बूथ से लोगों को लाने की योजना बन रही है। रैली में 25 हजार लोग शामिल होंगे।

तैयारी बैठक में सभी विधानसभाओं में लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। वे मंडल अध्यक्षों से वार्ता करके रैली को सफल बनाने की योजना में लग गए हैं। तैयारी बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद सिंह, विजय सिंह टप्पू, सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, विशाल पांडे, सरोज गौतम, सुशील शुक्ला, राजकुमार तिवारी, विवेक शुक्ला, शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पोरई प्रधान को कोर्ट से मिली राहत समस्त कार्य अधिकार किए बहाल

सतांव, रायबरेली

- जिलाधिकारी ने भ्रष्टाचार के आरोपी सभी अधिकारों पर लगाई थी रोक

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र की पोरई ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान बिटान देवी पर ग्रामसभा में कराये गये विकास कार्यों (खड़न्जा व बाउण्ड्री वॉल निर्माण) में भ्रष्टाचार की शिकायत गांव के ही राकेश कुमार पुत्र रामस्वरूप ने मार्च 2022 में जिलाधिकारी से की थी। जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी।

नामित जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा 29 मार्च 2022 को संयुक्त जांच आख्या सौंपी गयी, जिसमें 5960 व 11701 रुपए की शासकीय छति का उल्लेख किया गया था। रिपोर्ट में शिकायत की पुष्टि होने के बाद पंचायतीराज अधिनियम की धारा 95 के तहत कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के समस्त अधिकारों पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी थी।

कार्यवाही के बाद ग्राम सभा में विकास कार्यों के संपादन हेतु पंचायत सदस्यों की एक तीन सदस्य समिति का गठन किया गया था। 17 नवंबर 2022 को ग्राम प्रधान बिटान देवी ने उपरोक्त कार्यवाही के विरुद्ध जांच में तकनीकी बिंदुओं को आधार बनाते हुए उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच मे याचिका दायर की थी, जिस पर 2 मई 2023 को बेंच ने सुनवाई करते हुए ग्रामप्रधान बिटान देवी द्वारा उल्लेखित तकनीकी बिंदुओं की जांच के लिए पुनः लोक निर्माण विभाग खंड 2 के अधिशासी अभियंता को पक्ष विपक्ष की मौजूदगी में जांच करने के लिए निर्देशित किया।

विभाग ने मामले की जांचकर 5 दिसम्बर 2023 को अपनी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपी थी। रिपोर्ट में ग्रामप्रधान बिटान देवी द्वारा उल्लेखित तकनीकी बिंदुओं की सत्यता पर न्यायालय ने पंचायती राज विभाग की धारा 95 को समाप्त कर, धारा 27 के तहत कार्यवाही करते हुए 5,960 व 1987 रुपये की वसूली ग्राम प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक मनरेगा से संयुक्त रूप से करने के आदेश दिए व भविष्य में दोबारा इसकी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए ग्राम प्रधान बिटान देवी को न्यायालय ने निर्देशित करते हुए 21 फरवरी 2024 को उनके समस्त कार्य अधिकार पुनः बहाल कर दिये।

# ग्राम चौपाल में जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नामित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने माह मार्च 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गांव की समस्याए गांव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

निर्धारित रोस्टर के अनुसार एक मार्च 2024 को परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विकासखंड जगतपुर में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड सरेनी में और विकासखंड खीरों में उपायुक्त, श्रम रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार आठ मार्च को परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सतांव में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार लालगंज में, 15 मार्च को परियोजना निदेशक अमावां में, जिला विकास अधिकारी डलमऊ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार हरचंदपुर में, 22 मार्च को परियोजना निदेशक शिवगढ़ में, जिला विकास अधिकारी सलोन में एवं उपायुक्त, श्रम रोजगार ऊंचाहार में, 29 मार्च को परियोजना निदेशक छतोह में, जिला विकास अधिकारी बछरावां और उपायुक्त, श्रम रोजगार डीह के किसी एक आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर समस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

## ब्लॉक प्रमुख सहित छह सपाई निष्काषित

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से जिले के आधा दर्जन पदाधिकारियों को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने एवं अनुशासनहीनता के कारण समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्काषित किया गया है। सपा जिला अध्यक्ष बिरेन्द्र यादव ने बताया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण रवीन्द्र कुमार पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष, शिव नारायण सिंह जिला उपाध्यक्ष, राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराज- जिला उपाध्यक्ष, राकेश कुमार ब्लॉक प्रमुख-रोहनियां, डॉ. हर्ष वर्धन जिला सचिव व अशोक कुमार - ब्लॉक अध्यक्ष-दीनशाह गौरा को निष्काषित कर दिया है।

### 16 महिलाओं की हुई नसबंदी

**जगतपुर, रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्जन द्वारा 16 महिलाओं की नसबंदी की गई। मंगलवार को जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्जन जेके लाल द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव गुप्ता व सीएचसी अधीक्षक एलपी सोनकर की मौजूदगी में 16 महिलाओं की नसबंदी की गई। सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि महिलाओं को एंबुलेंस के माध्यम से उनके घर से अस्पताल लाया गया। महिलाओं को नसबंदी कराने के लिए 2000 की प्रोत्साहन राशि उनके खाते में भेजी जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक की मौत

अटौरा, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रायबरेली-लालगंज राजमार्ग पर स्थित रसूलपुर गुण्डा गाँव के समीप मंगलवार अपराह्न करीब 3 बजे दो मोटर साईकिलों सवारों की आपस मे टक्कर हो गयी, जिसमें एक युवक गंभीर व दूसरा मामूली रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया जहां गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौत हो गयी है।

जानकारी के अनुसार हरिओम (34) पुत्र तेजबहादुर व तेज बहादुर(65) पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर निवासी गौरीगंज हरदासपुर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली अपनी मोटर साइकिल से मंगलवार की अपराह्न रायबरेली से लालगंज की तरफ जा रहे थे, जैसे ही रसूलपुर गुंडा गांव के समीप पहुंचे सामने से तेजी से आ रही मोटरसाइकिल से आमने-सामने की टक्कर हो जाने के कारण तेजबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डॉयल 112 ने उपस्थित लोगों की मदद से घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान तेजबहादुर की मौत हो गयी। एस ओ प्रवीर गौतम ने बताया कि तहरीर के मुताबिक केस दर्ज कर लिया गया।

# मुख्य सचेतक का इस्तीफा व राज्यमंत्री के ट्वीट से गर्माई सियासत

- राज्यमंत्री ने ट्वीट कर चुनाव लड़ाने की कही बात
- जिले के बदले राजनीतिक परिदृश्य से भाजपाई खेमे में मची खलबली

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राजनीति में सब संभव है। कब कौन किस खेमे आ जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है। सोमवार को कुछ ऐसा ही देखने को मिला। महज कुछ ही घंटों में जिले का राजनीतिक परिदृश्य ही बदल गया है। पहले ऊंचाहार से सपा विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय ने मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया।

वहीं थोड़ी ही देर बाद प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने एक ऐसा ट्वीट कर दिया, जो पूरे दिन जिले में चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने इशारों ही इशारों में चुनाव में दावेदारी को लेकर सबकुछ पार्टी पर छोड़ दिया। साथ ही पार्टी के घोषित प्रत्याशी को जीत दिलाने की बात भी कही। ऊंचाहार से सपा विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय बीते कई महीने से चर्चा में बने हुए थे। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा लगातार सनातन धर्म पर टिप्पणियों का उन्होंने कई बार विरोध किया। अब चूंकि स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा छोड़कर दूसरी पार्टी बना लिया। वहीं सपा विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय ने भी पार्टी को झटका देते हुए मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया। इससे उनके भाजपा में जाने की अटकले लगने लगी।

इसी बीच लोकसभा चुनाव में दावेदारी कर रहे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने एक ट्वीट किया, जिसमें लगभग खुद को इस दौड़ से बाहर कर दिया। इसको लेकर एक बार फिर चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। हर कोई टिकट को लेकर कयास लगा रहा है।


डॉ. मनोज कुमार पांडेय

### कांग्रेस के बाद सपा को लगा झटका

लोकसभा चुनाव की भले ही अभी घोषणा ना हुई हो, लेकिन तैयारियां सभी दल कर रहे हैं। राहुल गांधी के भारत जोड़ा यात्रा के दौरान कई पदाधिकारियों ने पार्टी से नाता तोड़ लिया। वहीं अब सपा को तगड़ा झटका लगा है। पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने दूरी बनाई। उनकी जिले में अच्छी खासी दखल है। खासतौर पर ऊंचाहार विधानसभा में मजबूत पकड़ है। वहीं अब ऊंचाहार विधायक ने मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया।

### मनोज पर टिकी निगाहें, भाजपा में जाने की अटकले तेज

ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देने के बाद अब जिले भर की निगाहें उन पर लगी हुई हैं। साथ ही भाजपा में जाने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। यदि ऐसा होता है तो इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है। कांग्रेस का पूरा चुनाव गांधी परिवार पर ही टिका है। यदि परिवार का कोई सदस्य लड़ता है तब ही पार्टी में जान आ सकती है। फिलहाल हाईकमान भी यहां के हालात पर नजर रखे हुए है।




## गुमशुदा



सूचित किया जाता है कि श्रीमती केशाना देवी पत्नी राममोहन निवासी शिवाखेड़ा मजरे कहींजर थाना सरेनी रायबरेली जो दिनांक 24/07/2023 को घर से दवा लेने के लिए महारानीगंज निकली व घर वापस नहीं आई, जिनके गुमशुदगी के संबंध में थाना सरेनी रायबरेली में मु.अ.स. 230/23 धारा 364 आईपीसी पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मोबाइल नंबर 8090084199 पर या 8299004245 पर देने की कृपा करें।



## एक नजर

### पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई संपन्न

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** डीएससीएल शुगर मिल लोनी में पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शाहाबाद तहसील की एसडीएम पूनम भास्कर मौजूद रहीं। उन्होंने कहा पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी है उन्होंने बताया पर्यावरण संरक्षण के लिए किसानों का प्रशासन एवं शासन का सहयोग करना चाहिए। इसके अतिरिक्त जीएम राजा श्रीवास्तव ने बताया वर्तमान गन्ना पेराई क्षमता में विस्तार करके 7500 टीसीडी से 15000 टीसीडी तथा सह ऊर्जा उत्पादन क्षमता में विस्तार करके 25 मेगावाट से 50 मेगावाट का लक्ष्य है। इस मौके पर किसान और शुगर मिल यूनिट के तमाम स्टाफ मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के डाभा गांव में दबंगों ने पुरानी रंजिश मानते हुए युवक के साथ मारपीट हुई। जिसमें वह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही प्राथी युवक हर्ष प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही विपक्षीगण पुतान सिंह, शमशेर कैसनपाल व चंदेल ने पुरानी रंजिश मानते हुए देर शाम उसके दरवाजे पर आकर उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगे हैं जब युवक ने विरोध किया तो विपक्षी गणों ने युवक को लाठी डंडों से जमकर पीट दिया वहीं बीच बचाव करने आई युवक का भाई धनंजय सिंह व उसकी मां शांति देवी को भी मारापीटा, जिससे सभी लोग घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**संडीला, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाबा हजाराबाग कालोनी निवासी गायत्री देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह बुधवार को अपनी बहन के घर बनारस गई थी। रविवार को उसके घर के पड़ोसी ने सूचना दी कि उसके घर पर चोरों ने चोरी कर ली है।

## कारोबारी ने दुकान के अंदर की आत्महत्या

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** पेंट का कारोबार कर रहे कारोबारी ने दुकान के फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। हरपालपुर कस्बा निवासी राहुल शर्मा (35) पुत्र लक्ष्मण प्रसाद शर्मा कस्बे में ही नया अस्पताल रोड पर पेंट की दुकान चलाता था। सोमवार की शाम उसने दुकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे के अंदर गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। फांसी पर उसका शव लटकता देख कर वहां हड़कंप मच गया। राहुल अपने पिता का इकलौता था, जबकि उसके परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। वैसे तो इसके पीछे की वजह का पता नहीं चल सका, लेकिन आस-पड़ोस के लोग घरेलू तनाव में रहते हुए आत्महत्या करने की बात कह रहें है। एसएचओ हरपालपुर आनंद नारायण तिवारी का कहना है कि शव कि पोस्टमार्टम कराया गया है। इससे जुड़े मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# सपा की मासिक बैठक में भिड़े जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता


सपा कार्यालय पर आपस में धक्का-मुक्की करते कार्यकर्ता।


बैठक में बोलती पूर्व सांसद ऊषा वर्मा। अमृत विचार

हरदोई

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नारेबाजी को लेकर सपा जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं के बीच बवाल हो गया। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पर मनमानी व दबंगई का आरोप लगाया।

चुनाव से पहले आयोजित मासिक बैठक में सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद ऊषा वर्मा के आते ही उत्साहित कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे। इस बात को लेकर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव भड़क गए। उनका कहना था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा किसी के नाम का नारा नहीं लगेगा। इसी बात पर युवजन सभा के पूर्व अध्यक्ष हरिनाम यादव व उसके साथियों की जिलाध्यक्ष व चालक से झड़प हो गई। देखते ही देखते मामला धक्कामुक्की व गाली गलौज तक पहुंच गया। हरिनाम यादव ने जिलाध्यक्ष पर तानाशाही व दबंगई का आरोप लगाया, वहीं सपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि वीरे यादव के अध्यक्ष बनने के बाद आम कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय तक पर आना नहीं चाहता। काफी देर दोनों पक्षों में हंगामा चलता रहा। पार्टी के कुछ पुराने नेताओं ने समझाने पर मामला शांत हो गया।

बैठक में प्रत्याशी श्रीमती वर्मा ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूती से लगना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बूथ पर कार्यकर्ता मजबूत होने पर उन्हें चुनाव जीतने से कोई हरा नहीं पाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि सपा सरकार द्वारा कराए गए कामों को जनता सपा को वोट देगी। प्रदेश में प्रत्येक वर्ग वर्तमान सरकार से आजिज आ चुका है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष पदमराग सिंह पम्मू, सुभाष पाल, जितेंद्र वर्मा जीतू सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

### सपा मुखिया के इरादों पर फिरता नजर आ रहा पानी

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरकार बनाने की बात कह रहे हैं, लेकिन पार्टी कार्यालय पर हुए बवाल से राष्ट्रीय अध्यक्ष के इरादों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जब कार्यकर्ताओं व जिलाध्यक्ष के सामंजस्य नहीं बन पा रहा है तब सपा प्रत्याशी का चुनाव जीतना मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। बैठक में तमाम पुराने सपाई यह कहते हुए दिखाई पड़े कि जिलाध्यक्ष पार्टी की नीतियों से कोई मतलब नहीं है। वह अपनी मनमानी से पार्टी चला रहे हैं। जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली के चलते तमाम पुराने सपाईयों ने पार्टी कार्यालय पर आना तक छोड़ दिया है।

### नारेबाजी पर हुआ बवाल

पार्टी कार्यालय पर कुछ कार्यकर्ता ऊषा वर्मा व राजपाल कश्यप जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे, इस पर जिलाध्यक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा किसी के नाम का नारा नहीं लगेगा। इसी बात को लेकर कार्यकर्ताओं और जिलाध्यक्ष के बीच विवाद हो गया।

### बवाल नहीं चुनाव से रिहर्सल

पार्टी कार्यालय पर हुए बवाल पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव वीरे ने कहा कि पार्टी में कोई मतभेद नहीं है। बूथ पर दबंगों से कैसे निपटा जाएगा इसका रिहर्सल कार्यकर्ता कर रहे थे। चुनाव में प्रत्येक चीज की जरूरत होती है, इसलिए सपाई समय-समय पर अपने बल कौशल का परीक्षण किया करते हैं।

# लोगों को जागरूक कर बढ़ाएं मतदान प्रतिशत : डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप प्रभारी को कम वोटिंग वाले बूथों पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्वीप प्रभारी से कहा कि विगत विधान सभा निर्वाचन में जिन विधान सभाओं का मतदान प्रतिशत कम रहा है उनमें स्वीप के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यालयों के बच्चों आशा, आंगनबाड़ी, सहायिका, पंचायत मित्र, कोटेदार, सफाई कर्मचारी आदि ग्राम स्तरीय कर्मचारियों को जोड़ा जाये और नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी, जागरूकता रैली आदि के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोगों को जागरूक किया जाये।

उन्होने स्वीप प्रभारी को निर्देश दिए कि विधानसभा वार लोगों में जागरूता फैलाने हेतु जागरूकता कलेन्डर छपवाये और विधान सभावार सभा कराकर वितरण कराए और इसके साथ ही मुख्य-मुख्य चैराहों, गैस एजेंसी, पट्रोल पंप आदि सार्वजनिक स्थानों पर कलेन्डर अवश्य लगवायें। बैठक में डीएम ने स्वीप के माध्यम से होने वाले अन्य कार्यकमों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका सिंह, अतिरिक्त मजिस्टेट राकेश कुमार, उप निदेशक विजय सिंह, राजकीय भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, डीडी कृषि डा0 नन्द किशोर, अपर जिला सूचना अधिकरी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।


बैठक की अध्यक्षता करते जिला निर्वाचन अधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

### बुधवार शाम तक हर हाल में छात्रों का डाटा फीड कराने का निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में स्मार्ट फोने में वितरण में विलम्ब एवं लापरवाही करने वाले महाविद्यालयों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि अपने विद्यालयों के सभी छात्र-छात्राओं का डाटा मार्किंग के साथ बुधवार को देर शाम तक नोडल अधिकारी की उपस्थिति में प्रत्येक दशा में फीड करा दें। जिलाधिकारी ने कहा कि बुधवार को सभी महाविद्यालयों के प्रबन्धक स्मार्ट फोन प्राप्त कर लें और आज ही समस्त छात्रों की माकिंग अनिवार्य रूप से करा लें। उन्होने कहा कि सभी प्रतिनिधि अपने महाविद्यालयों के छात्रों की माकिंग एवं 29 फरवरी 2024 को स्मार्ट फोने वितरण नोडल अधिकारी की उपस्थित में अवश्य करा दें। डीएम ने कहा कि स्मार्ट फोन वितरण प्रमाण पत्र नोडल अधिकारी तथा महाविद्यालय प्रबन्धक द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर के उपलब्ध करायेगें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि स्मार्ट फोन वितरण के दिन किसी भी महाविद्यालय में छात्रों से फीस आदि नहीं जमा करायी जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, डीडी कृषि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी तथा महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 1 मार्च से क्रय केन्द्रों पर शुरू होगी गेहूं खरीद

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी निहारिका ने सभी किसानों से कहा है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंटल रखा गया है। गेहूं विकय हेतु ऑनलाइन कृषक पंजीकरण एक जनवरी से प्रारम्भ हो चुके हैं। किसानों को गेहूं विक्रय के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद क्रय केन्द्रों पर एक मार्च से प्रारम्भ होगी। 100 कुंटल तक के पंजीकरण में मात्रा सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारों के माध्यम से गेहूं खरीद की जायेगी, साथ ही किसानों को छनाई उतराई हेतु लेबर चार्ज 20 रुपये प्रति कुंटल अतिरिक्त उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा।

# हजारों छात्र-छात्राओं ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

हरदोई


मंगलवार को आरआर कालेज में बोर्ड परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा में मंगलवार को हाईस्कूल गणित तथा इंटरमीडिएट के व्यावसायिक वर्ग की परीक्षाएं संपन्न हुई। 15 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। हाईस्कूल गणित परीक्षा में लगभग चार हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरे के स्थान पर एक बालिका परीक्षा देती पाई गईं, जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई।

बोर्ड परीक्षा में मंगलवार को प्रातः पाली में उर्मिला देवी आदर्श विद्या मंदिर इंटर कालेज हरिहरपुर में शहनुमा पुत्री साबिर अली के स्थान पर सनोज पुत्री उस्मान परीक्षा देते हुए पाई गई। जिस पर केंद्र व्यवस्थापक द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई। शहनुमा श्रीपाल बिटोली देवी हायर सेकेंड्री स्कूल बरुआर टड़ियावां से पंजीकृत थी। छह सचल दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सघन निरीक्षण किया गया। 15 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की देखरेख में परीक्षा संपन्न हुई। हाईस्कूल गणित की परीक्षा में 37,995 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 33,893 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। 3,902 परीक्षार्थियों ने गणित की परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार इंटरमीडिएट गृह विज्ञान में 3,415 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 179 अनुपस्थित रहे। व्यावसायिक अध्ययन की परीक्षा में 249 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसमें 22 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शासन की मंशानुसार नकलविहीन परीक्षा होने के कारण तमाम वह परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ रहे हैं, जिन्होंने नकल की उम्मीद लगा रखी थी।

# निजी स्कूलों में लॉटरी से होंगे गरीब घरों के बच्चों के प्रवेश

हरदोई

**अमृत विचार।** शैक्षिक सत्र 2024-25 में शिक्षा के अधिकार कानून के तहत गरीब और इलाहाबाद समूह के बच्चों के पड़ोस के निजी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने समय सारणी तय कर दी हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

बताते चलें निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) ग के अंतर्गत तीन वर्ष से लेकर सात वर्ष के आयु तक के अलाभित समूह एवं दुर्लभ वर्ग के बच्चों को जनपद सहित ग्रामीण क्षेत्र में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय की पूर्व प्राथमिक एवं कक्षा एक मे निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती हैं। जिसकी फीस प्रतिपूर्ति शासन द्वारा विद्यालयों को उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान सत्र 2024 में योजना का लाभ, प्रवेश लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन, पोर्टल के माध्यम से चार चरणों में तिथिवार कराये जा सकते हैं। बच्चों में स्कूल का आवंटन जिला स्तर पर केंद्रीय युक्त लाटरी के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया चार चरणों में संचालित की जाएगी। प्रथम चरण 20 जनवरी से 18 फरवरी तक, द्वितीय एक मार्च से 30 मार्च तक, तृतीय चरण 15 अप्रैल से आठ मई तक, चतुर्थ चरण एक जून से 20 जून तक होगा। लॉटरी निकालने की तिथिवार प्रवेश कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप


नमो युवा चौपाल में जानकारी लेते भाजपा सांसद जयप्रकाश।

### युवाओं से साझा की भाजपा सरकार की योजनाएं

**हरदोई, अमृत विचार।** सांसद जयप्रकाश मंगलवार को गोपामऊ विधानसभा के ब्लाक टड़ियावां के ग्राम अरवापुर में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित नमो युवा चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार की युवा कल्याण के लिये चलाई जा रही तमाम योजनाएं युवाओं के बीच बैठ कर साझा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में युआओं का अहम योगदान है। सरकार ने युवाओं की आकांक्षाओं को अपना लक्ष्य बनाया है। आगे कहा कि भारत अब विकसित भारत के सपने को साकार करने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इस बीच टडियावा मण्डल अध्यक्ष अमरीश द्विवेदी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश गुप्ता रजनीश कुमार, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा, राजपाल सिंह और भाजपा युवा मोर्चा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीओ रवि प्रकाश सिंह ने संभाला कार्यभार

**हरदोई, अमृत विचार।** नवागत सीओ रविप्रकाश सिंह ने मंगलवार की सुबह को सीओ हरपालपुर कार्यालय पहुचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने अधीनस्थों को कानून व्यवस्था मजबूत करने व अपराध पर नियंत्रण करने को प्राथमिकता देने के दिशा-निर्देश दिए हैं। कहा है कि पुलिस कर्मी दायित्व का निर्वाहन बखूबी करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। सीओ रविप्रकाश सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने इरादे जता दिए। अधीनस्थों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही कतई बर्दाशत नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। अपराध पर नियंत्रण, अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना व कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों से दायित्व का निर्वाहन करने पर जोर दिया। श्री सिंह ने अपने सर्किल के पांचों थाना प्रभारियों से कहा है कि सर्किल में अपराध पर अंकुश लगाना ही उनकी प्राथमिकता है। सभी थानाध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहकर अपराध पर अंकुश लगाए और अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाले। ताकि अपराध पर अंकुश लग सके। पुलिस घटनाओं को गंभीरता से लें। साथ ही बिना जांच किए कोई भी फर्जी मुकदमा दर्ज न करे। मंगलवार की रात में सीओ ने बेहटगोकुल थाने का निरीक्षण किया।

### बैनामा करवाकर भी नहीं चुकाया बैंक का कर्जा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा में एक व्यक्ति ने बैनामा करवाने के बाद में तय किया हुआ बैंक का कर्जा न अदा कर धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी अरविंद ने बताया उसके पिता ने लगभग 8 वर्ष पूर्व एक खेत गांव के ही तेजराम पुत्र जानकी के हाथ डेढ़ लाख रुपए में विक्रय किया था। जिसमें 80 हजार रुपया स्टेट बैंक का किसान क्रेडिट कार्ड का पिता पर कर्ज था। विपक्षी ने बैंक का बकाया कर्ज खुद जमा करने के लिए उक्त अस्सी हजार रूपए अपने पास रोक लिए थे। बैनामा होने के बाद खेत पर विपक्षी का कब्जा हो जाने के बाद जब उससे बैंक के कर्ज के बाबत पूछा तो उसने कहा जमा कर दिया है। छह माह पूर्व उसके पिता की मृत्यु हो गई। उसके बाद बैंक वाले उसके घर कर्ज वसूलने आए तो उसको ज्ञात हुआ कि बैंक का कर्ज अदा नहीं किया गया है। जब वह विपक्षी के पास पूछने गया तो उसे गाली गलौज कर भगा दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा में अज्ञात कारणों से बरामदे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम ककरघटा में गुड्डू रैदास की 16 वर्षीय पुत्री सुहागवती ने अज्ञात कारणों से दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय किशोरी की मां अपने मायके गई थी और पिता बाजार से कुछ सामान लेने गया हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया किशोरी ने दुपट्टे से फांसी आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जांच की जा रही है।

### बालक से कुकर्म करने पर 10 साल की कैद व 20 हजार जुर्माना

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश हेमेंद्र कुमार सिंह ने बालक के साथ कुकर्म करने के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही अतिरिक्त मद में 50 हजार रुपए दिलाए जाने का आदेश दिया है। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के नीर निवासी फुल्लू उर्फ रामनारायण ने 5 अक्टूबर 2014 को बालक के साथ कुकर्म किया था। इस मामले की रिपोर्ट बालक के पिता ने आरोपित के खिलाफ दर्ज कराई थी। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई। जज ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न योजनाओं के तहत 50 हजार की धनराशि पीड़ित को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।



### बालिका का अपहरण और रेप में दोषी को 10 साल का कठिन कारावास व जुर्माना

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश अबुल कैश ने एक फैसले में एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण करने के बाद उससे रेप करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। आरोपी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता अमित शुक्ला ने बताया कि थाना अतरौली क्षेत्र के गोनी गोडवा निवासी अंसार ने 27 अप्रैल 2017 को सात बजे शाम एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया और उसके बाद उसके साथ जबरिया रेप किया। इस घटना की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व उसकी बेटी शौच करने गई थी। इस दौरान आरोपी ने उसका बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपी पर अपहरण व रेप का जुर्म साबित पाया और उसे 10 साल की कड़ी कैद 30 हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

### मिशन कायाकल्प की पोल खोल रहा विद्यालय

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर योजनाओं का संचालन किया जाता हैं। बावजूद इसके कुछ विद्यालय उन योजनाओं को मुंह चिढ़ाते नजर आते हैं, ऐसा ही एक मामला विकास खण्ड अहिरोरी के जमुनिया गांव का प्रकाश में आया है। बताते चलें कि विकास खण्ड अहिरोरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनिया को मिशन कायाकल्प के तहत लाखों रुपए का बजट आवंटित किया गया था। बावजूद इसके विद्यालय में अव्यवस्थाएं विकराल रूप से हावी है, विद्यालय की बाउंड्रीवाल कई वर्षों से टूटी पड़ी हुई हैं। शौंचालय जर्जर अवस्था में पड़ा है, विद्यालय परिसर में जगह जगह कूड़े के ढ़ेर लगे हुए हैं। सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। वहीं इस बारे में विद्यालय के सहायक अध्यापक ने बताया कि इस सन्दर्भ मे उच्चाधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है, परन्तु उनका ध्यान इस ओर नहीं हो रहा है।


प्राथमिक विद्यालय जमुनिया की टूटी बाउंड्रीवाल। अमृत विचार

# बहन के घर से लौट रहे भाई की हादसे में मौत

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बहन के घर उसके पोते के मुण्डन संस्कार में शामिल होने के बाद बाइक से लौट रहा अधेड़ भाई रास्ते में हुए सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। हादसा सोमवार की रात में मझिला थाने के जमुरा गांव के पास बताया गया है।

सोमवार को मझिला थाने के पलिया कोट निवासी निर्देश सिंह (55) अपनई बहन अम्बेश्वरी के घर शाहजहांपुर जिले के पिंग रामापुर थाना रौज़ा उसके पोते के मुण्डन संस्कार में शामिल होने गया था। रात में बाइक से लौटते समय रास्ते में मझिला थाने के जमुरा के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं मौत हो गई। निर्देश सिंह के घर उसकी पत्नी नहीं है। दो बेटियों रीना और रीता की शादी हो चुकी है। एक बेटा धर्मेंद्र है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुरस्कार | जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर जनजागरूकता के बेहतर प्रयास पर मिला सम्मान

# रेडियो की डायरेक्टर प्रोडक्शन को मिला अवार्ड



हरदोई

**अमृत विचार।** जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को लेकर जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यूनिसेफ के ब्रांड एंबेसडर देश के प्रख्यात फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना ने मंगलवार को मुंबई के एक होटल में कम्युनिटी रेडियो के क्षेत्र में प्रभावी जलवायु परिवर्तन के संदेशों को हरदोई के रेडियो जागो 90.4 एफएम द्वारा प्रसारित करने के लिए रेडियो की डायरेक्टर प्रोडक्शन अदिति गौड़ को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यूनिसेफ के ब्रांड अम्बेसडर फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना ने जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की सराहना करते हुए हरदोई के रेडियो जागो की प्रशंसा की। फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना ने नीलम नदी को लेकर रेडियो पर दिए गए संदेशों को प्रभावी बताया। कहा यह रेडियो कम दिनों में जनहित से जुड़े मुद्दों पर जिस तरह से कम कर रहा है। आज देश में उस तरह से धरातल पर उतरकर लोगों से जुड़कर काम करने की आवश्यकता है। यूनिसेफ द्वारा मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम में कई फिल्मी दुनिया की हस्तियां, देश भर के चुनिंदा एफएम रेडियो के रेडियो जाकी सहित जिले के वरिष्ठ पत्रकार अभय शंकर गौड़ भी मौजूद रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार को पीटा

## बंदूक से किया फॉयर, पिटाई से एक महिला व युवक की हालत गंभीर, सात पर मुकदमा दर्ज

हरदोई

**अमृत विचार।** दबंगों ने एक ग्रामीण को गांव में सरेआम दौड़ा कर पीटा, पीड़ित जब जान बचाकर अपने घर में घुस गया तो आरोपियों ने वहां भी पीछे से पहुंच गए और जो भी सामने आया उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि घर में मौजूद लड़कियों के कपड़े तक फाड़ दिए। दहशत फैलाने के लिए बंदूक से फायरिंग भी की। एसपी के हस्तक्षेप पर स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

बेहटा गोकुल थाने के बिहगावां निवासी प्रमोद वाल्मीकि पुत्र रामकिशोर वाल्मीकि ने एसपी से की शिकायत में कहा है कि वह 24 फरवरी की रात भागवत सुन रहा था, उसी बीच रात लगभग डेढ़ बजे गांव निवासी मंशाराम पुत्र शिवप्रसाद अपने पुत्रों सुधीर उर्फ भयन्नू, इन्द्रमोहन उर्फ तन्नू, आनंद मोहन के अलावा राजीव मिश्रा पुत्र रामनरेश, सत्यदेव पुत्र मंगला प्रसाद और अजय कुमार उर्फ मुन्ने मिश्रा वहां पहुंचें और उसके ऊपर हमलाकर हो गए, जब वह भागा तो उसे घर तक दौड़ाया और पीछे से उसके घर घुस गए। इस बीच राजीव ने दहशत पैदा करने के लिए अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग की। घर में घुसे हमलावरों ने उसकी भतीजियों के साथ न सिर्फ मारपीट की बल्कि छेड़छाड़ करते हुए उनके कपड़े फाड़ दिए। बचाने दौड़ी उसकी मां रन्ना देवी और भाई विनोद की भी पिटाई कर दी। प्रमोद का कहना है कि वह दौड़ कर थाने पहुंचा और वहां सारी बात बचाई, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। प्रमोद वाल्मीकि की तहरीर पर एक्शन में आए एसपी श्री गोस्वामी के आदेश पर बेहटा गोकुल पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### सीओ करेंगे जांच

घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए ग्रामीण को परिवार से पीटने, जानमाल की धमकी देने और फायरिंग करने के मामले में दर्ज की गई रिपोर्ट की जांच सीओ हरपालपुर रविप्रकाश सिंह को सौपी गई है। सीओ ने बयान दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है, उन्होंने बताया कि हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, आठ पर मुकदमा दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देर रात दो पक्षों में लाठी डंडे चले, जिसमें कुल तीन लोग घायल हुए दोनों पक्षों से चार-चार लोगों पर कुल आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बिलग्राम थाना क्षेत्र के ढाबा गांव निवासी पुतान सिंह ने बताया कि सोमवार की देर शाम वह घर के बाहर बैठा था तो रंजिश के चलते मुन्ना सिंह श्यामू सिंह सामने आकर नशे में गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर तीनों ने मिलकर लाठी डंडों से बुरी तरह से पीट दिया, जिससे सिर व शरीर में काफी चोटें आई है और उसने कोतवाली में जाकर प्रार्थना पत्र दिया है। दूसरे पक्ष की ओर से हर्ष प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को उसके घर के बाहर रंजिश के चलते पुतान सिंह शमशेर उर्फ हीरा ठाकुर अजय पाल व जंदेल ने उस पर आकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया भाई धनंजय सिंह व माता शांति देवी ने बचाने की कोशिश की तो उन्हे भी मारा पीटा सभी तीनों घायलों व पुतान सिंह का पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।


विवाह के लिए तैयार पंडाल।

### सामूहिक विवाह आज, 1477 युवक-युवतियां थामेंगे एक दूसरे का हाथ

**हरदोई, अमृत विचार।** सीएसएन महाविद्यालय में बुधवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर वर वधू को आशीर्वाद देने के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 1445 हिंदू तथा 32 मुस्लिम युवक-युवतियों के विवाह कराए जाएंगे। विवाह को लेकर कई दिन से तैयारियां चल रही थीं। सीएसएन कालेज में भव्य पंडाल का निर्माण कई दिनों से चल रहा था, जो मंगलवार को तैयार हो चुका था। बुधवार को भव्य कार्यक्रम में आयोजित विवाह समारोह में मंत्री, सांसद, विधायकों के अलावा तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस योजना के तहत सरकार प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च करती है। जिसमें 35 हजार रुपये की एफडी दी जाती है।

# थानों में बनी साइबर सेल का वर्चुअल उद्घाटन आज

हरदोई

**अमृत विचार।** सूबे में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए अब सभी थानों में साइबर सेल का गठन किया गया, जिससे साइबर अपराधों का त्वरित गति से निवारण हो सकेगा और पीड़ितों को भागदौड़ नहीं करनी होगी। इस संबंध में आज 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे।

अभी तक पुलिस लाइन में साइबर सिक्योरिटी सेल बनी हुई थी, आज से उसको भी थाना कहा जायेगा। इसके अलावा जिले के सभी थानों में साइबर सेल का गठन कर दिया गया है। इन सबका आज मुख्यमंत्री शुभारंभ करेंगे। बताया गया है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी थानों में साइबर क्राइम सेल स्थापित करने की घोषणा की थी। इसके लिए पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध कंट्रोल से संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके बाद विभिन्न थानों में साइबर सेल का गठन किया गया। इसके नोडल एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक थाने में इस डेस्क पर पुरुष और महिला कर्मचारी तैनात रहेंगे, जो संबंधित साइबर अपराध की सूचना को हेल्प लाइन नंबर 155262 और वेबसाइट पर दर्ज कराने में पीड़ित की मदद करेंगे। यह लोग पीड़ित की ठगी गई रकम को उसके खाते में ट्रांसफर कराने में मदद करेंगे। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि यह साइबर सेल नियमित रूप से आने वाले साइबर अपराध के मामलों को रजिस्टर में दर्ज करेगी और संबंधित विवरणों को साइबर सेफ पोर्टल पर अपलोड करने में सहायता करेगी।

# खाई में गिरा ट्रैक्टर, युवक की मौत, चाचा और भाई घायल

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** युवक अपने भाई और चाचा के साथ कन्नौज के एक कोल्ड स्टोरेज में आलू रख कर ट्रैक्टर-ट्राली से वापस लौट रहा था। उसी बीच ट्रैक्टर-ट्राली रास्ते में मोड़ पर बेकाबू हो कर खाईं में जा गिरा। सोमवार की देर रात हुए इस हादसे में ट्रैक्टर सवार युवक उसके इंजन के बीच फंस गया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। जबकि उसका भाई और चाचा दोनों ज़ख्मी हो गए। हादसा होते ही ट्रैक्टर चल रहा युवक वहां से फरार हो गया।

मल्लावां कोतवाली के तौकलाबाद निवासी 30 वर्षीय पंकज श्रीवास्तव पुत्र रविंद्र श्रीवास्तव सोमवार को अपने 45 वर्षीय चाचा अवधेश और 21 वर्षीय भाई शिवा साथ गांव के ही सुनील के ट्रैक्टर-ट्राली से आलू लाद कर उन्हें कन्नौज के एक कोल्ड स्टोरेज में रखने गया था। देर रात को तीनों लोग उसी ट्रैक्टर से वापस लौट रहे थे। ट्रैक्टर सुनील चला रहा था। उसी बीच रास्ते में खांदी मोड़ के पास ट्रैक्टर ट्राली के साथ अचानक बेकाबू हो कर खाईं में जा गिरा। जिससे ट्रैक्टर के इंजन पर बैठा पंकज उसके बीच फंस गया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गईं। साथ ही चाचा अवधेश और भाई शिवा ज़ख्मी हो गया। उसी बीच ट्रैक्टर चला रहा सुनील वहां से भाग गया। आनन-फानन में उन दोनों को कन्नौज के ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर इंजन में फंसे हुए पंकज के शव किसी तरह से बाहर निकाला गया। इसका पता होते हई उसके घर में कोहराम मच गया। गया। पंकज पीओपी का कारीगर था परिवार में उसकी पत्नी के अलावा दो बेटे प्रभात व आयुष और एक बेटी पायल है।


पलटा ट्रैक्टर ट्राली व मृतक पंकज की फोटो। (इनसेट में) अमृत विचार

### ट्रक से कुचल कर बड़े भाई की मौत, छोटा घायल

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** तेज़ रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को टक्कर मारते हुए उन्हे कुचल दिया, जिसमें बड़े भाई की वहीं पर मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है। पिहानी कोतवाली के भुजईपुरवा मजरा वाजिद नगर निवासी शोएब (25) पुत्र लालमीन मंगलवार की देर शाम को अपने छोटे भाई 18 वर्षीय सोहैल के साथ बाइक से पिहानी आ रहा था। उसी बीच पिहानी-जंगबहादुर गंज रोड पर हरिहरपुर के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े, उसी बीच तेज़ रफ्तार ट्रक दोनों को कुचलते हुए निकल गया, जिसमें शोएब की वहीं पर मौत हो गई। जबकि सोहैल बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। शोएब के अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह गांव में रह कर मेहनत-मज़दूरी करता थाएजबकि सोहैल बाहर काम करता था। एक 10 वर्षीय सबसे छोटा भाई है। पिता लालमीन की मौत के बाद से घर की सारी ज़िम्मेदारी शोएब के ऊपर आ गई थी। वही घर वालों की देखभाल करता था। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत


**हरदोई।** लखनऊ रोड पर खजुरमई तिराहे के पास सई नदी पुल पर ट्रैक्टर से टकरा कर ज़ख्मी हुए बाइक सवार एक युवक की मौत हो गईएजबकि दो युवको का इलाज चल रहा है। सोमवार को अलावलपुर निवासी राहुल सुरसा थाने के भगवानपुरवा निवासी आशीष और टड़ियावां थाने के भोजपुरवा निवासई अंशू के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते मे बघौली थाने के खजुरमई तिराहे के पास सई नदी पुल पर तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से राहुल को लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

# एडीजी जोन ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरदोई

**अमृत विचार।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) लखनऊ जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर ने आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारों के मद्देनजर मंगलवार को जिले का भ्रमण किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस ऑफिसर मेस में आगमन किया, जहां पर उन्हें को सलामी गार्ड द्वारा सलामी दी गयी। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक हरदोई, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व समस्त क्षेत्राधिकारी गणों के साथ गोष्ठी कर आगामी चुनावों व त्यौहारों के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के सम्बंध में बिन्दुवार समीक्षा करते हुए चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनपद हरदोई में निर्वाचन संबंधी ड्यूटी हेतु आगमन करने वाले अर्द्धसैनिक बलों/पुलिसकर्मयों के ठहरने हेतु चिन्हित आरआर इंटर कॉलेज व राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, कोतवाली शहर का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।


आरआर कालेज का निरीक्षण करते एडीजी जोन लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर साथ में एसपी हरदोई व अन्य पुलिस अधिकारी।

### विद्यालय के जीर्णोद्वार कार्य का किया उद्घाटन

**हरदोई।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने पुलिस लाइन में स्थित प्राथमिक विद्यालय जलाखर पुरवा का फीता काटकर जीर्णोद्वार किया। प्राथमिक विद्यालय के नवीनीकरण एवं तकनीकी शिक्षा की पहल एवं सराहना की। पुलिस लाइन में स्थित नवनिर्मित में पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों के कल्याणार्थ हल्के नाश्ते हेतु बनाये गए गपशप कैफे व पुस्तकालय बुक परदे का निरीक्षण किया गया। बुक परदे के अन्दर व बाहर की व्यवस्था अत्यन्त उच्च कोटि की पायी गयी उसकी प्रशंसा की। वहीं कहा पुलिस कर्मियों एवं उनके बच्चों के कल्याणार्थ पुलिस वातावरण बदलने के लिये यह एक अच्छी पहल है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक हुए घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां-संडीला रोड पर दो बाइकों की आमने सामने भिंडत में तीन लोग घायल हो गए। मंगलवार की शाम कस्बे की संडीला रोड पर एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के सामने रामपुर गांव निवासी सतीश तिवारी (30) अपनी बहन को रघुवाई श्ववरपुर गांव से छोड़कर वापस घर जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार संदीप (30) निवासी सौयडी माधौगंज अपने साथी कल्याण (40) निवासी बांसा के साथ जा रहे थे, तभी दोनों बाइकों की सीधी टक्कर होने से तीनों लोग घायल हो। घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाया गया जहां डॉक्टर जीतेन्द्र पटेल ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों लोगों को रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने चार चोरों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बड़ी चोरियों की वारदातों को अंजाम देने वाले चार चोरों पर शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने गैंग बनाकर दहशत फैलाने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट लगाया है। गैंगस्टर एक्ट की पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अराजक तत्वों में भय व्याप्त हो गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में पिछले कुछ माह में चोरी की बड़ी वारदातें हुई हैं, जिससे पुलिस काफी परेशान रहे। चोरी की कुछ वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने कमरुल पुत्र अन्ना निवासी काजीपुरा बिलग्राम, मुख्तर उर्फ मुख्तार पुत्र अब्दुल्ला निवासी सखेड़ा थाना सांडी, हसमत अली पुत्र रहमत अली निवासी सखेड़ा थाना सांडी तथा अच्छन पुत्र जहीर निवासी सकौली थाना पाली को गिरफ्तार किया था। इनमें से कमरुल को पुलिस ने हरदोई हाईवे स्थित मिलन ढाबा के पीछे 15 दिसंबर एक मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया था। सभी आरोपियों को चोरी की बड़ी वारदातों को अंजाम देने में जेल भेज दिया गया। मंगलवार को पुलिस ने इन सभी चोरों पर अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होकर लोगों में भय व्याप्त करने एवं गैंग बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंगस्टर की इस कार्रवाई के बाद आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अन्य अराजक तत्वों में बेचैनी व्याप्त हो गई है।

### पीएम किसान निधि वितरण का आज होगा प्रसारण

**मसकनवा, गोंडा:** पीएम किसान सम्मान निधि वितरण समारोह का आयोजन ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को किया जायेगा। बीडीओ ओम प्रकाश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त के वितरण के उपलक्ष्य में समारोह का सीधा प्रसारण विकासखंड छपिया के परिसर में सुबह 10 :00 बजे किया जायेगा। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित जन प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

# छत से गिरकर बच्चे की हुई मौत

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** बहन के बच्चे को गोद में लेकर छज्जे की रेलिंग के सहारे खड़ी मौसी अचानक रेलिंग टूटने से नीचे आ गिरी। हादसे में बच्चे की मौत हो गई जबकि मौसी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना से पूरे घर में कोहराम मच गया।

मल्लावां कोतवाली के अकबरपुर की पूजा अपनी छोटी बहन पारुल की शादी की तैयारियों के सिलसिले में सोमवार को बच्चों के साथ अपने मायके हर्रई गई हुई थी।

**मचा कोहराम**

**छज्जे की रेलिंग टूटने से हादसे की शिकार हुई युवती व बच्चा**

मंगलवार को पारुल पूजा के छह माह के मासूम बच्चे को गोद में लिए छत पर बहला रही थी। वह भांजे को गोद में लिए-लिए वहीं छज्जे की रेलिंग के सहारे खड़ी हुई, उसी बीच रेलिंग टूट गई और पारुल अपने मासूम भांजे के साथ नीचे गिर पड़ी, जिससे उस मासूम की वहीं पर मौत हो गई, जबकि पारुल ज़ख्मी हो गई। इस तरह हुए हादसे से वहां कोहराम मच गया। मासूम की मौत से पूजा के मायके में मातम पसर गया। पारुल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया।

पूजा की छोटी बहन पारुल की बुधवार को सामूहिक विवाह समारोह में शादी होनी थी। घर में शादी की तैयारियां हो रहीं थी, पूजा भी उन्हीं तैयारियों में हाथ बंटा रही थी। पारुल उसके बच्चे को बहलाने छत पर चली गई और फिर उसी बीच हुए हादसे से शादी वाले घर में शहनाई गूंजती, लेकिन उससे पहले मासूम की मौत होने से वहां चीखें गूंजने लगी।

### ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** अतरौली पुलिस ने चकमा दे कर फरार चल रहे 10 हज़ार के ईनामी बदमाश को वृंदावन मोड़ पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस टीम की अगुवाई एसएचओ अतरौली दिलेश कुमार सिंह कर रहे थे। बताया गया है कि मंगलवार को एसएचओ अतरौली दिलेश कुमार सिंह एसआई रमेश सिंह, हेड कांस्टेबिल श्रवण दुबे और कांस्टेबिल विकास सिंह के साथ गश्त पर थे। उसी बीच पता चला कि कोई संदिग्ध युवक वृंदावन मोड़ पर खड़ा हुआ है। एक पल भी गंवाएं पुलिस वहां पहुंच गई और घेराबंदी कर उस संदिग्ध को दबोच लिया। की गई पूछताछ में उसने अपना नाम दीपू निवासी कनकारी थाना तम्बौर ज़िला सीतापुर बताया। दीपू के खिलाफ अतरौली थाने में गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज है, वह काफी अरसे से पुलिस को चकमा दे कर फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने उसके ऊपर 10 हज़ार का ईनाम रखा था। दीपू के कब्ज़े से तमंचा व कारतूस बरामद किए गए है।



### महिला उत्पीड़न के रोकथाम की दी जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, उ, प्र, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे की अध्यक्षता में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय में किया गया। अपर जिला जज द्वारा ने महिलाओं का उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 विषय पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिनियम के बारे में जानकारी दी।

**रामलीला** मेघनाद की पत्नी सुलोचना के सती होने व कुंभकरण वध लीला का किया गया मंचन

# कुंभकरण ने रामा दल में मचा दिया हाहाकार

हरदोई

**अमृत विचार।** शहर के नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार को सती सुलोचना लीला का मंचन वृंदावन कलाकारों ने किया। लीला में दर्शाया गया कि रामचंद्र रावण दोनों का युद्ध में कुंभकरण को भेजा गया। युद्ध के लिए कुंभकरण ने राम दल में हाहाकार मचाया और राम ने कुंभकरण को मार दिया। रावण ने फिर मेघनाथ को भेजा। मेघनाथ ने यज्ञ किया। लक्ष्मण ने यज्ञ विध्वंस किया और मेघनाथ को मार दिया। समाचार मेघनाथ की मृत्यु का समाचार सुनकर रावण खुद युद्ध के लिए जाता है। इधर सुलोचना रावण के पास गई बोली उन्हें उसके पति का सिर चाहिए। इस पर रावण ने असमर्थता जताई, तब सुलोचना अपने पति का सिर लेने के लिए रामादल में गई। सुलोचना के निवेदन पर राम ने मेघनाथ का सिर उसकी पत्नी को दे दिया। पत्नी का सिर लेकर वह सती हो गई।



रामलीला का मंचन करते कलाकार व रावण का पुतला तैयार करते कारीगर।

### रावण वध का मंचन आज

पूरे वर्ष जिलेवासियों को रावण वध का इंतजार रहता है। रावण वध लीला की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उस दिन रामलीला मैदान में सैकड़ों की भीड़ पहुंचती है। विशाल मेला मैदान में गुमशुदा केंद्र में लगातार खोए हुए लोगों की सूचनाएं प्रसारित होती रहती हैं। रावण वध के दिन कई आतिशबाजों की प्रतियोगिताएं होती हैं। दर्जनों फिट ऊंचे रावण के पुतले के दहन को देखने के लिए सैकड़ों की भीड़ मेला मैदान में पहुंचती है। यही नहीं पुतला दहन के बाद चरकुला नृत्य, आग नृत्य सहित तमाम गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया जाता है।

# स्थानांतरित बीईओ को शिक्षकों ने दी विदाई

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड सण्डीला के शिक्षकों द्वारा स्थानांतरित खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला सीमी निगार का विदाई सम्मान समारोह जूनियर हाईस्कूल सण्डीला के सभागार में किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला सीमी निगार का स्थानांतरण हरदोई ज़िले से जनपद सीतापुर में हो गया है और सीतापुर में कार्य भार भी ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ सण्डीला के संरक्षक चौधरी हैदर रजा ब्लाक अध्यक्ष अनन्त कुमार, ब्लाक मंत्री अमृत लाल, ब्लाक कोषाध्यक्ष सुमित दीक्षित, अहसन तकवीम, मनोज कुमार, उपेन्द्र कुमार, नीलू निगम, फुरकान अंसारी, मो. आरिफ, ओमप्रकाश, विमलेश पाल सिंह, रामभरोसे सरोज, कौशल किशोर, नरायनलाल, सीमा गुप्ता, सोबरन लाल, समीना, संतोष कश्यप, विमलेश कुमार, सीमा पाण्डेय, शबाना, मो. बिलाल, दीप्ति त्रिपाठी, गीता कुशवाहा, शिवनारायण, सुमन लता, कामले, फ़ैज़ व हयात आदि शिक्षक मौजूद रहे।


बीईओ सीमी निगार को सम्मानित करते शिक्षक।

इसके अलावा बीआरसी भरखनी पर खण्ड शिक्षा अधिकारी भरखनी पूजा सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपने स्थानांतरण पर उन्होंने कहा कि इस ब्लॉक के सभी शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक एवं कर्मचारी सभी सम्मान के पात्र हैं, क्योंकि यह सब आपसी सामंजस से और टीम भावना से कार्य करते हैं और इस दो साल के समय में हर मौके पर मेरा साथ दिया।

कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भरखनी ब्लॉक इस समय सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छी पोजीशन पर आप सभी शिक्षकों के सहयोग से पहुंच चुका है और आप सब में जो टीम भावना से कार्य करने की आदत है उसकी वजह से मेरा भी नाम रोशन हुआ और आपके विभाग का भी नाम पूरे प्रदेश में जाना जा रहा है आप सभी का जो स्नेह और प्रेम मुझे मिला वो कभी भी भुलाया न जा सकेगा। कार्यक्रम में संजय मिश्रा, अजय वर्मा, अभिषेक सिंह, ललित द्वेदी, राजीव त्रिवेद, राधेश्याम, अखिलेश सिंह, प्रशांत अग्निहोत्री, नरेन्द्र सिंह, नन्हेलाल, शिवानन्द व मनोज पाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शशी कुमार सिंह ने किया।

## एक नजर

### फैसला कराने गये वृद्ध को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लहरपुर।** ग्राम समोलिया में खेत का फैसला कराने गए वृद्ध को विरोधियों ने जमकर पीटा। ग्राम समोलिया निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र नीलकंठ 58 वर्ष ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह गांव के लोगों को लेकर अपने खेत का फैसला करने खेत पर गए थे। खेत पर पहले से मौजूद विपक्षी घनश्याम, अनुराग, आशुतोष एवं घनश्याम की पत्नी ने उसे खेत पर देखकर गंदी-गंदी गालियां दीं व विरोध करने पर उसे लात घूसों से मारा पीटा, शोर मचाने पर उसका पुत्र गौरांश व पुत्री अलंकती बीच बचाव करने के लिए आई तो उसे भी विरोधियों ने लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा। ग्रामीणों के मौके पर आने पर आरोपी यह धमकी देते हुए मौके से भाग गए की। इस बार बच गए हो अगली बार नहीं बचोगे। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, पीड़ित जितेंद्र कुमार की तहरीर पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सोलर पैनल के लिए करें आवेदन

**सीतापुर, अमृत विचार।** सतत विकास तथा लोगों के कल्याण के लिए नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा इस वर्ष पूरे भारत में एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाने तथा प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए संकल्प लिया गया है। इसके तहत डाक विभाग नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए संभावित लाभार्थियों का अपने वितरण स्टाफ के सहयोग से सर्वे करा करके पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल पर पंजीकरण करेगा। इस कार्य हेतु जनपद के सभी डाकघरों में कार्यरत कर्मचारियों को योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस सम्बन्ध में डाककर्मी घर-घर जाकर इस योजना का लाभ बताएँगे। व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए मेलाध्कैंप भी आयोजित किये जाएँगे। इच्छुक लाभार्थी के पास सोलर पैनल लगाने के लिए स्वयं की छत अथवा जमीन होनी चाहिए तथा पिछले छः माह के बिजली बिलों में से किसी एक माह का बिजली बिल होना अनिवार्य तथा आवश्यक है।

### ईवीएम व वीवीपैट भंडारण कक्ष का निरीक्षण

**सीतापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वीवी पैट मशीन भण्डारण कक्ष का मासिक निरीक्षण जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मंगलवार को किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ईवीएम एवं वीवी पैट भण्डारण के लिए आयोग के निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निरन्तर साफ-सफाई एवं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष के बाहर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे का लगाये जाने के लिए संबंधित को निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर पंकज सक्सेना, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा उपस्थित रहे।

### ग्राम समाज की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग

**सिधौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अटरिया की ग्राम प्रधान पूनम सिंह ने में ग्राम समाज की नवीन परती श्रेणी की भूमि पर दबंगों के अवैध कब्जे को हटवाने के लिए जिला अधिकारी से गुहार लगाई है। जिलाधिकारी को भेजे गये पत्र में ग्रामप्रधान ने बताया कि ग्राम अटरिया में नवीन परती श्रेणी की भूमि है। उक्त भूमि के एक बड़े भाग पर ग्राम देवरिया निवासी कमल सिंह ने कब्जा कर रखा है। तहसीलदार, सिधौली ने दिनांक 8 फरवरी को उ.प्र.रा.संहिता की धारा-67 के तहत बेदखली का आदेश भी दे दिया है, लेकिन विपक्षी भूमि खाली नहीं कर रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से भूमि खाली करवाने का अनुरोध किया।

# डीएम-एसपी ने खंगाली जेल

**निरीक्षण**

- आजम खां की बैरिक समेत अन्य बैरिकों की ली तलाशी
- कैदियों से वार्ता कर जेल मैनुअल की ली जानकारी



निरीक्षण के बाद जेल से बाहर आते जिला जज सहित डीएम-एसपी व अन्य।

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को जिला न्यायाधीश मनोज कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। मासिक निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम ने जेल की बैरिकों सहित पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां की बैरिक को खंगाला। निरीक्षण के दौरान टीम को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा ने औचक निरीक्षण के दौरान जेल में बंद बंदियों से वार्ता कर जेल मैनुअल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जिला जज के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने जेल की सभी बैरिकों की जांच की। निरीक्षण के दौरान जेल में कोई संदिग्ध वस्तु न मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

**महमूदाबाद, सीतापुर**




**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की सोमवार देर रात सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वह एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद जरूरी काम से जा रहा था।

इसी दौरान हादसा हो गया। मदारीपुर निवासी रुचि की सोमवार को शादी थी। उसका चचेरा भाई निर्भय कुमार उम्र करीब 22 वर्ष भी शामिल हुआ। सभी लोग बरातियों का स्वागत कर खाने-पीने में जुट गए। इसी बीच निर्भय अपनी बाइक से किसी जरूरी काम से मोल्हरपुर चला गया। रास्ते में उसे भूसे से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे महमूदाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# हरगांव इलाके में तिलक समारोह में गए बालक का खेत में मिला अर्धनग्न शव

## परिजनों ने गांव के ही एक नामजद सहित तीन लोगों पर हत्या का लगाया आरोप




हत्या के बाद गांव में लोगों की उमड़ी भीड़ व रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव थाना इलाके में तिलक समारोह में लापता हुये 12 वर्षीय बालक का शव खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। मंगलवार की दोपहर बालक का शव अर्धनग्न अवस्था में देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों ने गावं के ही लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम ककरैहया मजरा शेखापुर निवासी संदीप का 12 वर्षीय पुत्र राज सोमवार की रात गांव के ही उमेश के घर तिलक समारोह में शामिल होने गया था। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह तक वह जब घर नहीं पहुंचा तब परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे गांव के लोग जब आसपास के खेतों में तलाश कर रहे थे। तभी गांव के दक्षिण रामकुमार के गन्ने के खेत में उसका शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। बताया जाता है कि रविवार को मृतक राज गांव के किनारे स्थित मछली पकड़ने गया था। वहीं पर गांव के ही सौरभ पुत्र रामकुमार से गाली गलौज हुआ था,और सौरभ ने राज को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है उक्त विवाद के बाद आरोपी सौरभ ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर राज की निर्मम हत्या कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिशें दे रही है। मृतक राज के एक छोटा भाई व दो छोटी बहन है तथा उसका पिता संदीप मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। घटना से गांव मे आक्रोश व्याप्त है। जिसे देखते हुए गांव में दो उपनिरीक्षक सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर सतीश शुक्ला,कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक विमल गौतम,क्यूआरटी टीम तथा एसओजी टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्रित किए। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में कौमी एकता मुशायरा दो को

**तम्बौर।** तंबौर में एक शाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी स्मृति में कौमी एकता मुशायरा का आयोजन दो मार्च को होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सैयद जफर अली नकवी पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय अल्पसंख्यक उच्च शिक्षा आयोग भारत सरकार और समारोह की अध्यक्षता सैयद हैदर अली जाफरी एडवोकेट करेंगे। इसके अलावा अन्य अतिथियों में अयाज अहमद अयूबी एडवोकेट, मस्त हफीज रहमानी, केजी त्रिवेदी, प्रो. अब्दुल हलीम प्राचार्य इरम यूनानी मेडिकल कॉलेज लखनऊ, डॉक्टर फजल इमाम मदनी आकाशवाणी शामिल होंगे। शैक्षिक, साहित्यिक, सामाजिक एवम सांस्कृतिक संस्था रिजवान लाइब्रेरी सोसाइटी तंबौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वासिफ फारूकी, मिर्जा शारिक, इरफान लखनवी, रिजवान फारूकी, शकील गायवी, सलीम ताबिश, अकील फारूकी, कादिर लखीमपुरी, डाक्टर अखलाक अहमद, अजीज खेराबादी, प्रो. अजमल बिस्वानी महाराजगंज, शाहिद कमाल, विवेक मिश्रा राज, आलोक सीतापुरी, नदीम सीतापुरी, शाहिद पार्वी, मंजर यासीन, यासीन इब्ने उमर, सबा बाराबंकवी सहित अन्य कवि शामिल होंगे।

## गन्ना उतराई के नाम पर प्रति ट्रॉली लिए जा रहे दो सौ रुपये




गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते चीनी मिल के अधिकारी। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** गन्ना विकास परिषद कमलापुर ने डालमिया चीनी मिल यूनिट जवाहरपुर के कन्ना क्रय केन्द्र कमलापुर बी के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सरौराकलां मे मंगलवार को किसान गोष्ठी का आयोजन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक कमलापुर डॉ. दीप शिखा, सचिव सहकारी गन्ना विकास समित माधव राम, वरिष्ठ गन्ना अधिकारी जवाहरपुर चीनी मिल चन्द्रप्रकाश मिश्रा, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक गोंडा रामनरेश वर्मा की मौजूदगी में किया गया।

किसानों ने जवाहरपुर चीनी मिल के मैनेजमेंट पर आरोप लगाते हुए कहा कि गन्ना किसानों से उतराई के नाम पर प्रति ट्राली 200 रुपये लिए जाते हैं। सूखा के नाम पर किसानों से चीनी मिल के कांटा बाबू ने प्रति ट्राली दो से तीन कुन्तल गन्ना लिया जाता है। जवाहरपुर चीनी मिल द्वारा लगाए गए कांटे पर घटतौली की जाती है। साथ ही एक पेणी गन्ना की पर्ची न जारी करने का जवाहरपुर चीनी मिल के मैनेजमेंट पर आरोप लगाया गया है। मौजूद अधिकारियों ने किसानों की बात का खण्डन करते हुए किसानों से समस्या के समाधान के लिए उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। किसी भी अधिकारी ने गन्ना सेंटर का निरीक्षण करना उचित नहीं समझा।

## समेकित शिक्षा का प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी : बीईओ

**लहरपुर।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को प्रतिभागियों को मूक-बधिर बच्चों की शिक्षा के अंतर्गत सांकेतिक भाषा की विशेषताओं एवं उसकी तकनीकी बारिकियों के बारे में जानकारी दी गईं। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने कहा कि समेकित शिक्षा का यह प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी और महत्वपूर्ण है, विशेषज्ञों द्वारा जो भी जानकारियां दी जा रहीं हैं, उसे गम्भीरता पूर्वक समझ लें तथा विधालय में कक्षा शिक्षण करते समय व्यवहार में लाकर दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आईसीटी तथा विद्यालय में मौजूद संसाधनों को प्रयोग में लाकर शिक्षण को बेहतर और प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं इन्दु देवी ने सांकेतिक भाषा में उंगलियों तथा शरीर के अंगों के स्पर्श के माध्यम से, सांकेतिक भाषा की वर्णमाला, अंक ज्ञान, फल, सब्जी, रंगों के नाम और परिवारिक रिश्तों के बारे में जानकारी दी तथा अभ्यास भी कराया। इस मौके पर शिक्षक आरिफ खां, रामचन्द्र वर्मा, अनवर अली, अर्पित त्रिवेदी, अमिता वर्मा, रेखा देवी तथा अल्पना वर्मा आदि ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

## पीडीए यात्रा में सांसद के निधन पर दी श्रद्धांजलि



पदयात्रा में सांसद शफीकुर्रहमान की तस्वीर के साथ लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया व अन्य अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी व पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में 14 फरवरी से लगातार चल रही समाजवादी पीडीए पदयात्रा विधानसभा क्षेत्र धौरहरा, हरगांव, महोली व कस्ता के बाद 14वें दिन मोहम्मदी विधानसभा के ग्राम जमिरहा से प्रारंभ होकर कोडरा, खिरिया, सुखबसा, पांडेवारी, झिंगरी पुरवा, बिजौली खानपुर, बेहटी अफगान, बौधिकलां, रछेला वाजिदपुर होते हुए गोकन भट्टा पहुंची। आनंद भदौरिया के नेतृत्व में चल रही पीडीए पदयात्रा की समाप्ति पर संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क की बीमारी के चलते हुए निधन पर सभी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पदयात्रा मंगलवार को जमरिहा से प्रारंभ हुई। प्रवीण कुशवाहा, विपिन कुशवाहा, रामकुमार यादव व जयदेव यादव नें, बेहटी अफगान में मोहम्मद आरिफ खान बिजौली खानपुर में दाताराम गौतम, रछेला वाजिदपुर में विपिन यादव, राजू व हरजीत राज के साथ सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया।

## सार-संक्षेप

### लाभार्थियों का पंजीकरण कर दी योजनाओं की जानकारी




पालिका कार्यालय पर आयोजित किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम नगर पालिका परिषद कार्यालय एवं श्री रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, पात्र गृहस्थी योजना, हेल्थ चेकअप कैंप, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि के स्टाल लगाकर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई एवं लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया व एलईडी वैन के माध्यम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अनरूद्ध पटेल अधिशासी अधिकारी, संजीत यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक, रामे बाजपेई भाजपा नगर अध्यक्ष, मनमोहन गुप्ता, राजू तिवारी पूर्व सभासद, पालिका सदस्यों के साथ-साथ पालिका कर्मचारी एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



उचित दर विक्रेता की दुकान के खिलाफ कार्यवाही करते पूर्ति निरीक्षक।

### कोटे में कम मिला राशन, पूर्ति निरीक्षक ने दुकान की सीज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर गेरुही के उचित दर विक्रेता की दुकान पूर्ति निरीक्षक ने कमियां मिलने पर सीज कर दी। मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक रूपेश जैन ने विकासखंड क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर गेरुही की उचित दर विक्रेता मीरा देवी की दुकान की जांच की। ग्रामीणों की शिकायत के बाद पूर्ति निरीक्षक ने खाद्यान्न कम मिलने पर दुकान को सीज कर दिया। ज्ञातव्य है कि ग्रामीणों ने उचित दर विक्रेता की शिकायत उपजिला अधिकारी लहरपुर से की थी, लेकिन कार्यवाही न होने के उपरांत ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी से संपर्क करके शिकायत की। जिला पूर्ति अधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत को लेकर पूर्ति निरीक्षक को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था। पूर्ति निरीक्षक रूपेश जैन ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान दुकान में मात्र सात बोरी गेहूं व पांच बोरी चावल ही स्टॉक में मौजूद था, जबकि दुकान में 63.41 कुंतल गेंहू, 123.74 कुंतल चावल व 84 किलो चीनी होना चाहिए था। दुकान पर मिले अवशेष राशन को सतीश चंद्र उचित दर विक्रेता गेरुहा के सुपुर्द कर दिया। पूर्ति निरीक्षक ने गांव के करीब दो दर्जन लोगों के बयान भी दर्ज किए, उन्होंने बताया कि कोटेदार मौके पर नहीं मिली, कमियां मिलने पर दुकान को सीजकर कार्यवाही की जा रही है।

### साइकिल से एशिया भ्रमण पर निकला पुर्तगाली युवक

**सीतापुर।** महमूदाबाद कस्बे में साइकिल से एशिया भ्रमण के लिए निकले पुर्तगाली युवक मंगलवार को कस्बे में पहुंचा। पुर्तगाली युवक ने कस्बे में स्थित कई ऐतिहासिक स्थानों का उसने भ्रमण करते हुए स्थलों के इतिहास का अवलोकन किया। इसके साथ ही ऐतिहासिक स्थलों के बारें में जानकारियां की। महमूदाबाद स्थित ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करते समय स्थानीय व किले में मौजूद लोगों ने पुर्तगाली युवक का स्वागत अतिथि के रूप में किया। युवक टेरों ने बताया कि वह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पुर्तगाल देश से साइकिल के माध्यम से पूरे एशिया का भ्रमण करने निकला है। इस दौरान टेरो ने कई देशों से भ्रमण करते हुए भारत देश में प्रवेश किया। युवक ने बताया कि उसने भारत में भी कई प्रदेशों का भ्रमण करते हुए राजधानी लखनऊ से मंगलवार की दोपहर बाद साइकिल से ऐतिहासिक राजा किला महमूदाबाद पहुंचा। राजा महमूदाबाद मौजूद किले के सचिव अनवार हुसैन ने पुर्तगाली युवक का स्वागत किया और किले का पूरा भ्रमण भी कराया। इसके बाद पुर्तगाली युवक ने अमीरगंज स्थित करबला का भी दीदार किया और इतिहास के बारें में जानकारी ली।



पुर्तगाली युवक टेरो। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी- कसमंडा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023-2024 दिनांक 27/02/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना-अल्पकालीन**

कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27/02/2024 से दिनांक 05/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राहुल के मकान से तालाब तक नाली कार्य | 197094.00 | सीमेंट 78 बोरी, मौरंग 7.66 घनमी0 बालू 2.65 घनमी0, गिट्टी 3.25 घनमी0 रोड़ा 5.51 घनमी0, सरिया 1.41 क्विंटल ईट 8665 No. | 157871.00 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत उसरी के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

**प्रधान- ग्राम पंचायत उसरी, कसमण्डा-सीतापुर** **सचिव- ग्राम पंचायत उसरी कसमण्डा-सीतापुर**

**दिशा-निर्देश**

**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों पर की गई चर्चा**

# जर्जर परिषदीय विद्यालयों के भवनों को किया जाए ध्वस्त




विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं सीडीओ। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि संचालित निर्माण कार्यों की पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये।

उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। जर्जर परिषदीय विद्यालयों के भवनों के ध्वस्तीकरण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, यूपीसीएनडीएस, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यों के सापेक्ष आवंटित धन का उपभोग प्रमाण-पत्र समय से प्रेषित कर दिया जाये तथा शेष धन आवंटन हेतु मांग पत्र समय से प्रेषित किया जाये। पर्यटन विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को आकर्षक रूप से कराया जाये। निर्माणाधीन सेतुओं का निर्माण समय से पूर्ण कराने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल व अन्य उपस्थित रहे।

## पहला ब्लॉक में 28 दिव्यांगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड पहला सभागार में मंगलवार को दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग ने कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिले से अकेले ही आए डीईआरसी के लिपिक मंगलाचरण ने बताया कि शिविर में आए क्षेत्र के 28 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया है। जिनका व्हील चेयर ट्राई साइकिल, बैसाखी व कृत्रिम हाथ व पैर के लिए चिन्हांकित किया गया है। शिविर में लोग अपने परिजन या जनप्रतिनिधियों के साथ आए थे। इनके खाने-पीने की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। शिविर में विभाग के लिपिक के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहला से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद व डॉ. अमरनाथ उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा- कसमंडा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023-2024 दिनांक 27/02/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना-अल्पकालीन**

कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27/02/2024 से दिनांक 05/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहावा में जाबिर के घर तक नाली निर्माण कार्य | 196694.06 | सीमेंट 79 बोरी, मौरंग 3.15 घनमी0 बालू 7.57 घनमी0, गिट्टी 2.87 घनमी0 रोड़ा 6.56 घनमी0, सरिया 1.6 क्विंटल ईट 8538.75 No. | 154780.00 | 200.00 |
| 2 | नन्दू के घर से दहावा बाजार तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 235477.93 | ईट 3302.80 No., सीमेंट 55 बोरी मौरंग 6.24 घनमी0, बालू 2.33 घनमी0 गिट्टी 0.54 घनमी0, रोड़ा 13 घनमी0 सरिया -, इण्टरलाकिंग ईटा 3731- No. | 192577.83 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत दहावा के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

**प्रधान- ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा-सीतापुर** **सचिव- ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा-सीतापुर**

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतया: निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है,व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है,भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निमाण की आवश्यकता है,अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब संसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते,बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एव्ल्युशनरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एव्ल्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब संसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

## प्रसंगवश

# जीवन में मिथक का सत्य

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं,वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता,किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है,वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं,उनकी सत्ता विद्यमान है,किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है,चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है,सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है,मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है,जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर,भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे,उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग,ऊर्जा,तकनीकी,रक्षा,परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा,रक्षा,तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

## सोशल फोरम

# नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन' घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं,लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है,उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज,जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। **-फेसबुक वॉल से**

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलत: देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे,जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है,जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र शृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी,सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं,जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा,'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है,मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

# बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।

हाल के दिनों में बैंकिंग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है,जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही,अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं,वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है,जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वत: बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिंग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

# चौपाल में युवाओं को भाजपा से जुड़ने का किया आह्वान

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर



एलिया ब्लॉक में युवा चौपाल में मौजूद मंडल प्रवासी व जिला उपाध्यक्ष।

**अमृत विचार।** भाजपा ने युवा मोर्चा के माध्यम से मंगलवार को युवा चौपाल का आयोजन किया। इस निमित्त एलिया मंडल में मंडल प्रवासी अभिषेक मिश्रा व जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा के दिशा निर्देशन में युवा चौपाल संपन्न हुई। इस कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को यह अवगत कराया गया कि युवा चौपाल का आयोजन मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय हित से जोड़ना है। साथ ही अपील की गई कि वह भाजपा को वोट करें और सरकार बनाएं, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का एक ही सिद्धांत है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास।

भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया है इस लक्ष्य को पूर्ण करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार मोदी की गारंटी शब्द प्रयोग किया है यह इस बात का प्रमाण है कि जो भी वादा प्रधानमंत्री करते हैं उसको अवश्य पूर्ण करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं से नमो ऐप को डाउनलोड करने के लिए भी कहा गया। प्रधानमंत्री से जुड़ने के लिए एक नंबर मो. 9638002024 भी युवाओं को दिया गया जिस पर मिस कॉल के माध्यम से लोग प्रधानमंत्री से जुड़ सकते हैं। इस कार्यक्रम में मंडल एलिया के युवा मोर्चा के पदाधिकारी अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इस चौपाल कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी के रूप में शरद वर्मा, विनय सिंह, अवधेश सिंह, अवनीश सिंह, विवेक मिश्रा, अमन दीक्षित, विकास मिश्रा, मनीष राज, राजेंद्र मिश्रा, अनुपम बाजपेई, विकास वर्मा, विकासदीप निषाद, अजीत वर्मा, अंकित पांडे सहित मंडल एलिया के युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। इस युवा चैपाल कार्यक्रम में लोगों का पंजीकरण भी किया गया।

# गैस लीक होने से खाना बनाते समय सिलेंडर फटा, 1 घायल

थानगांव, सीतापुर


आग लगने के बाद बचा सामान बटोरती महिला।

**अमृत विचार।** गैस लीक होने से खाना बनाते समय सिलेंडर फट गया। जिससे घर में आग लग गई। वहीं सिलेंडर का एक टुकड़ा लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे घरवालों ने सीएचसी रेउसा ले गये।

थानगांव थानाक्षेत्र के अंतर्गत गनेशपुर मजरा सुजातपुर सावित्री पत्नी सुरेश आयु 40 वर्ष दोपहर में खाना बनाते समय सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। उस समय सुरेश खेत मे काम कर रहे थे। सिलेंडर फटने से सावित्री के टुकड़ा लगने से सिर फट गया व दोनो हाथ झुलस गये। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी रेउसा ले गए। वहीं सिलेंडर कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर चला गया। जिससे आग लग गई। दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। जब तक ग्रामीणों व फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया, तब तक नकदी समेत लाखों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। गृहस्वामी सुरेश के मुताबिक एक लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। गृहस्वामी सतीश की पत्नी सावित्री के मुताबिक आगजनी में 50 हजार रुपए नकदी, डेढ़ लाख के जेवर सहित लगभग ढाई लाख लाख की गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर थानगांव पुलिस भी मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय लेखपाल नीरज कुमार ने मौके का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

# गौशालाओं को समय से नहीं मिल रहा पैसा

सांडा, सीतापुर


गौशाला में गायें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सकरन की दर्जन भर अस्थाई गौशालाओं में 200 से 300 बेसहारा गौवंश प्रत्येक गौशाला में संरक्षित किए गए हैं। गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों को जीवन जीने के लिए समुचित मात्रा में चारा पानी मिल सके इसके लिए गौशाला संचालकों को समय पर पैसा नहीं मिल पाता है। कई गौशाला संचालक प्रधान ब्याज पर पैसा लेकर पशुओं के लिए चारा पानी की व्यवस्था करते हैं जो पशुओं के जीवन जीने के लिए पूरी नहीं पड़ती है। ऐसे में बड़ी संख्या में पशु कुपोषण का शिकार होकर असमय जान गँवा देते हैं।

गौशाला संचालक कई प्रधानों का कहना है कि गोवंश के चारा पानी के लिए मिलने वाला पैसा चार से पांच माह तक का करीब 20 से 25 लाख रुपया बकाया है। ऐसे में वह ब्याज पर कर्ज लेकर किसी तरह से चारा पानी की व्यवस्था करते हैं जो पशुओं के लिए पर्याप्त नहीं होती है। समुचित चारा पानी न मिल पाने के कारण पशु कमजोर हो जाते हैं। वहीं क्षेत्रवासी विनोद तिवारी, आनंद अवस्थी, कृष्णकांत गुप्ता, राकेश जयसवाल, रामजी गुप्ता, अनुपम जायसवाल, दिनेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, अमन गुप्ता, शुभम गुप्ता, विकास जायसवाल, राहुल मिश्रा, पुष्पेंद्र वर्मा, उपेंद्र शुक्ला, आदित्य अवस्थी आदि का कहना है कि अब जब पशुओं को चारा पानी के लिए मिलने वाली धनराशि सरकार ने 30 से बढ़ाकर 50 रूपये कर दी है, तब भी गौशालाओं में पशु कुपोषित होकर जान गंवा रहे हैं यह सोंचनीय विषय है। यदि ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तरीय आला अधिकारी समय-समय पर गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें तो गौशालाओं में गोवंशों के जीवन से हो रही लापरवाही पर शायद विराम लग सकेगा।

सकरन की गौशालाओं में जब चारे पानी की समुचित व्यवस्था को लेकर पशुचिकित्साधिकारी सांडा डॉ राजेश प्रसाद से बात की गई तो उनका कहना था कि गौशालाओं से संबंधित प्रधान और पंचायत सचिव समय पर उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करा पाते हैं। ऐसे में पैसा मिलने में देर होना स्वाभाविक है।

# होली पर भी खाली रहेंगे मनरेगाकर्मियों के हाथ


सकरन विकासखंड पर प्रदर्शन करते मनरेगाकर्मी। अमृत विचार

सांडा, सीतापुर

▸▸ **मनरेगाकर्मियों को 8 माह से नहीं मिला मानदेय**

**अमृत विचार।** 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा अब न तो योजना से जुड़े अल्प मानदेय पर काम करने वाले मनरेगाकर्मियों को आठ माह के लंबे समय से मानदेय दे पा रही है। वहीं गांव में ही रहकर मनरेगा में काम करके परिवार की आजीविका चलाने वाले तमाम जॉब कार्ड धारक मजदूरों को बीते चार माह से उनकी बकाया मजदूरी का पैसा भी नहीं दे पायी है। ऐसे में मनरेगा से जुड़े तमाम संविदा कर्मियों के साथ मनरेगा मजदूरों को शायद आगामी होली के त्योहार पर भी उन्हें अपना पारिश्रमिक नहीं मिल पाएगा।

मनरेगा संविदा कर्मी जिन्हें 7800 रुपये प्रतिमाह मानदेय के रूप में मिलता है उन्हें बीते आठ माह से मानदेय नहीं मिल पाया है, तो वहीं मनरेगा में श्रम रोजगार करके जीवन यापन करने वाले बड़ी संख्या में जॉब कार्ड धारक मजदूरों को बीते चार माह से मनरेगा में किए गए काम की मजदूरी नहीं मिल पाई है। अब इन परिस्थितियों में जब मनरेगा से जुड़े लोगों को घर परिवार की जरूरतों को पूरा करने में ही तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हो तो आने वाले कुछ ही दिनों में होली के पर्व को कैसे मनायेंगे। इसे लेकर मनरेगा कर्मियों की चिंता बढ़ती जा रही है। अल्प पारिश्रमिक पर काम करने वाले मनरेगा कर्मियों को लंबे समय से पारिश्रमिक और मजदूरों को बकाया मजदूरी का भुगतान ना मिल पाने की समस्या को लेकर जब जिला स्तरीय आला अधिकारियों से बात की जाती है तो उनका जवाब मिलता है कि जब सरकार से पैसा मिलेगा तो मनरेगा कर्मियों और श्रमिकों को मिल जाएगा।

# फाइलेरिया को समाप्त करने की दी जानकारी

▸▸ **जीएलआरए इंडिया की सार्वजानिक परामर्श और परियोजना परिवर्तन बैठक आयोजित**

सीतापुर


खैराबाद ब्लॉक सभागार में मलेरिया व फाइलेरिया की जानकारी देते अधिकारी।

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान एवं स्वैच्छिक संगठन जर्मन लेप्रोसी एंड टीबी रिलीफ एसोसिएशन (जीएलआरए) इंडिया के सहयोग से अधिकारियों एवं समुदाय के साथ सार्वजानिक परामर्श और परियोजना परिवर्तन बैठक का आयोजन मंगलवार को खैराबाद ब्लॉक कार्यालय सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्था द्वारा विगत पिछले तीन वर्षों से समुदाय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के मुद्दे पर किये गए कार्य से समुदाय में हुए बदलाव के विषय में कहानियां साझा की गईं।

जिला मलेरिया अधिकारी मंजूषा गुप्ता ने मलेरिया एवं फाइलेरिया रोग के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार द्वारा फाइलेरिया को समाप्त करने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर साल सरकार द्वारा फाइलेरिया से बचाने के लिए अभियान चलाकर हर किसी को फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जाती है, उसे हर किसी को खाना चाहिए। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक मच्छर के काटने से होता है, इसलिए हर किसी को अपने घर में और घर के आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए, जिससे मच्छर न पनप सके। जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय से नॉन मेडिकल सुपरवाइजर नरेन्द्र नाथ चैबे ने बताया कि संस्था समुदाय में किस तरह से लोगों को जागरूक करने के लिए शिविर एवं जागरूकता अभियान चला रही है। इसके साथ उन्होंने विभाग द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं के विषय मे भी जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी, पंचायत संजय कुमार सिंह ने गांव में संस्था द्वारा बनाये गए सामुदायिक शौचालय के प्रयोग को कैसे बढ़ावा दें एवं गांव में साफ-सफाई रखने से क्या लाभ है, इसके बारे में जानकारी दी। सीएचसी के ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज तिवारी ने आशा कार्यकर्ताओं को एवं संस्था के लोगों को नए मरीजों के पहचान एवं इलाज के विषय में सीएचसी पर उपलब्ध योजनाओं के बारे में जानकारी दी। महदापुर गांव की प्रधान कमला देवी ने बताया कि संस्था द्वारा हमारे गांव में साफ-सफाई से रहने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके चलते स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के मुद्दे पर जागरूता बढ़ी हैं। संस्था द्वारा ब्लॉक के महदापुर गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण, सोकपिट निर्माण, सोलर लाइट आदि का काम कराया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के प्रधान, आशा बहू एवं स्वास्थ्य समिति के सदस्यों ने संस्था द्वारा किये गए कार्यों को अनवरत चलाये जाने की मांग की एवं सभी ने संस्था को आगे भी काम को जारी रखने में सहयोग देने का वादा किया। इस मौके पर सभी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र शुक्ला, डॉली केसरवानी, जीएलआरए संस्था से मनीष बहेल, संतोष सक्सेना, प्रतिभा, आदित्य, राजेन्द्र, और रीता के अलावा आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## मारीच व सुबाहु का वध कर राम-लक्ष्मण ने मिलकर यज्ञ कराया पूर्ण

**औरंगाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** महाराज राजा दशरथ के दरबार में महामुनी विश्वामित्र जी का आगमन हुआ विश्वामित्र जी ने विश्व कल्याण यज्ञ का अनुष्ठान किया था जिस यज्ञ में राक्षसों के द्वारा उपद्रव किया जा रहा था जिस कारण महाराज दशरथ जी के पुत्र राम और लक्ष्मण को यज्ञ की सुरक्षा हेतु मांगने की याचना महाराज दशरथ से की और यदि पूर्ण होने के पश्चात आपके दोनों पुत्रों को सकुशल वापस अयोध्या छोड़ जाने का आश्वासन दिया तत्पश्चात राम और लक्ष्मण को लेकर महामुनी विश्वामित्र जी अयोध्या से प्रस्थान किया रास्ते में राक्षसी ताड़का मिली जिसका श्री रामचंद्र जी ने वध किया तदुपरांत राक्षस मारीच और सुबाहु का वध किया राम और लक्ष्मण ने मिलकर विश्वामित्र जी का यज्ञ पूर्ण करवाया उसके उपरांत राजा जनक ने विश्वामित्र जी को अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर का निमंत्रण भेजा निमंत्रण पाकर विश्वामित्र जी ने अपने दोनों शिष्यों राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुरी के लिए प्रस्थान किया।


राम-लक्ष्मण के भेष में कलाकार।

# विद्यालय में छात्रों की स्थिति पर की चर्चा

▸▸ **बीआरसी कार्यालय पर सम्पन हुई प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक**

कमलापुर सीतापुर


बीआरसी पर मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कसमंडा पर मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने निम्न कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। जैसे विद्यालय की साफ सफाई पर चर्चा, निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में छात्रों की स्थिति पर चर्चा, निपुण ऐप से 100 प्रतिशत बच्चों का आंकलन, दीक्षा एप का नियमित प्रयोग, टैबलेट के प्रयोग की स्थिति व समस्या का निदान, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अकादमिक गतिविधियों व सूची तालिका प्रदर्शन के क्रियान्वयन पर चर्चा, विद्यालय में निरीक्षण पंजिका की उपलब्धता पर चर्चा, छात्र उपस्थित बढ़ाने को लेकर प्रयासों पर चर्चा, प्रार्थना सभा को प्रभावित करने का प्रयोग, बताया निपुण लक्ष्य ऐप से 100 प्रतिशत बच्चों का आकलन व निपुण संवाद टूल का प्रयोग करें। बैठक में एआरपी हिमांशु शुक्ला, दिनेश सिंह, मनोज कनोजिया एसआरजी मदनेश मिश्रा सहित कसमंडा ब्लॉक के प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापिका सहित बीआरसी के कर्मचारी मौजूद रहे।

## मदनपुर में किराना व्यवसायी की दुकान में लूटपाट

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुकान बंद करने जा रहे किराना की दुकान में बदमाश घुस गए। व्यवसायी व उसके सहयोगी पर तमंचा सटाकर गाली दी और नकदी व मोबाइल छीनकर जान धमकी देते हुए फरार हो गए। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सरैया निवासी बृजेश कुमार जायसवाल की मदनपुर चौराहे पर किराने की दुकान है। किराना व्यवसायी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक रविवार रात लगभग 10 बजे वह अपनी दुकान बंद करने जा रहा था, तभी एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आए सिगरेट मांगे और दुकान में घुस गए। गाली देते हुए व्यवसायी तथा दुकान में काम करने वाले आजाद पर तमंचा सटा दिए। बदमाशों ने दुकान में रखा लगभग 40 हजार रुपया जबरन ले लिए। तीन मोबाइल छीन लिए व धमकी देते हुए शहर की तरफ बाइक से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एलआईसी ऑफिस में बिजलीकर्मियों से नोकझोंक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विद्युत विभाग ने चेकिंग अभियान के तहत नगर क्षेत्र में 232 उपभोक्ताओ का बकाया बिल नहीं जमा करने पर कनेक्शन काटा। एलआईसी कार्यालय के कनेक्शन काटने के दौरान नोक-झोक के बाद फरवरी का बिल जमा करने के बाद कनेक्शन फिर जोड़ा गया। इसके साथ कई उपभोक्ताओं का मीटर घर से बाहर किया गया। जिले में बकायेदारों के खिलाफ विभाग ने एक बार फिर अभियान चलाया है।

मंगलवार को एसडीओ नगर के नेतृत्व में गठित टीमों की ओर से चेकिंग किया गया। चेकिंग के समय बिल बकाया होने पर 232 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से 42 लाख रुपए का बकाया जमा कराया गया। 35 उपभोक्ताओं का मीटर घर से बाहर किया गया। सुपरमार्केट स्थित एलआईसी कार्यालय का 68 हजार बकाया होने पर कनेक्शन काट दिए। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों से नोक-झोक भी हुई, लेकिन बाद में फरवरी माह का बिल जमा करने पर कनेक्शन फिर जोड़ दिया गया। एसडीओ नगर ने बताया कि बुधवार को जनपद में मेगा अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत बकाया बिल जमा कराया जाएगा।

**भ्रष्टाचार** आईजीआरएस के निस्तारण में दोषी पाए जाने पर परियोजना निदेशक को शासन ने किया था निलंबित

# निलंबन के दौरान पीडी ने कर दिया साढ़े 3 लाख रुपये का भुगतान

संवाददाता, सुलतानपुर




**अमृत विचार :** आईजीआरएस के निस्तारण में दोषी पाएं जाने पर निलंबित हुए परियोजना निदेशक के डिजिटल हस्ताक्षर से साढ़े तीन लाख से अधिक के भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए शिकायतकर्ता ने शासन के अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजते हुए डीएम से भी शिकायत दर्ज कराई है।

परियोजना निदेशक के पद पर तैनात कृष्ण करुणाकर पांडेय को बीते दिनों आईजीआरएस की जांच मिली थी। जांच के दौरान परियोजना निदेशक ने संबंधित अधिकारी को बचाते हुए आईजीआरएस निस्तारण की रिपोर्ट शासन को भेज दिया था। निस्तारण से संतुष्ट नहीं होने पर संयुक्त सचिव प्रहलाद ने परियोजना निदेशक को बीते 16 फरवरी को निलंबित कर दिया था। बताते चलें कि परियोजना निदेशक के पास धनपतगंज ब्लॉक का बीडीओ का भी प्रभार था। आरोप है कि इसी बीच उनके निलंबन के दौरान परियोजना निदेशक ने धनपतगंज ब्लाक से साढ़े तीन लाख से अधिक का भुगतान कर दिया। जानकारी होने पर धनपतगंज ब्लाक के पिपरी साईनाथपुर निवासी आशाराम ने शासन के उच्च अधिकारियों के साथ जिले की डीएम से शिकायत की है। शिकायतकर्ता का आरोप है 21 फरवरी को प्रभारी खंड विकास अधिकारी केके पांडेय के डिजिटल हस्ताक्षर से पहली बार 88,780 रुपए, दूसरी बार में 66,700 तीसरी बार में 1,92,740 रुपये , चौथी बार में 16,100 रुपये का भुगतान किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने इसकी शिकायत करने के लिए ग्राम विकास आयुक्त से वार्ता की तो उन्होंने सीडीओ अंकुर कौशिक से बात कराई। सीडीओ अंकुर कौशिक ने कहा कि धनपतगंज ब्लॉक का चार्ज 20 फरवरी को कुड़वार बीडीओ नीलिमा गुप्ता को दिया गया है। वहीं, कुडवार बीडीओ ने शिकायत कर्ता को बताया कि उनके पास चार्ज नहीं है। शिकायत कर्ता ने प्रभारी बीडीओ द्वारा निलंबन की अवधि में भुगतान किए जाने को लेकर डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

**विकास आयुक्त को किया गया गुमराह : आसाराम**

शिकायतकर्ता आसाराम ने बताया कि सीडीओ अंकुर कौशिक द्वारा ग्राम्य विकास आयुक्त को गुमराह किया गया है। जिला प्रशासन परियोजना निदेशक को बचाने में लगा है। निलंबन के दौरान हुए भुगतान की जांच कर स्वयं या मजिस्ट्रेट से करवाया जाय। जांच के दौरान उसे भी अपनी बात रखने की अनुमति दी जाए।

> निलंबन का पत्र 17 फरवरी को मिल गया था। मेरे द्वारा कोई भी भुगतान नहीं किया गया है। फिलहाल, निलंबन पर कोर्ट से स्टे ऑर्डर मिल गया है। -**कृष्ण करुणाकर पांडेय**, परियोजना निदेशक

> मामला संज्ञान में नहीं है। जो शिकायती पत्र है, व्हाट्सएप कर दीजिए। -**अंकुर कौशिक**, सीडीओ

## सार-संक्षेप

### बीए अंतिम वर्ष में एक मेजर विषय में होगा प्रोजेक्ट कार्य


राणा प्रताप के अर्थशास्त्र विभाग के पाठ्यचर्चा कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने मंगलवार को पाठ्यचर्या परिचय सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें स्नातक छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को उनके प्रश्न पत्रों से संबंधित जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के नये निर्देशों के अनुसार अब बीए अंतिम वर्ष में केवल एक मेजर विषय में ही प्रोजेक्ट कार्य किया जाना है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सुनील कुमार त्रिपाठी ने प्रोजेक्ट की प्रस्तावना निर्माण से जुड़े आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिनव मिश्र, अपर्णा कसौधन व शुभी सिंह सहित अनेक विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे।

### डॉ. रजनीश अध्यक्ष तो डॉ. भारत बने सचिव



इंडियन डेंटल एसोसिएशन की कार्यकारिणी के घोषित पदाधिकारी।

सुलतानपुर, अमृत विचार : इंडियन डेंटल एसोसिएशन की बैठक एक निजी होटल में आयोजित की गई। डॉ.रजनीश मेहरोत्रा को अध्यक्ष, डॉ.भारत सिंह सचिव, डॉ. इंद्र सेन सिंह को संयुक्त सचिव, डॉ. एम. रजा को सहायक सचिव, डॉ. सुनील गुप्ता कोषाध्यक्ष पद पर चयनित हुए। पूर्व अध्यक्ष डा अनुराधा द्विवेदी व सचिव डॉ.पावन रिबेलो ने नई कार्यकारिणी को दायित्व सौंपा। कार्यक्रम में आने वाले सत्र की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में डॉ.मनोज सिंह, डॉ.अनुपम पांडेय, डॉ.अमित सिंह, डॉ. एएम रिबेलो, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ.अवनीश मिश्र, डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. मनीष यादव, डॉ.अभिनव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा अवनीश मिश्र व डा रवि जायसवाल ने किया।

### हर्षिता और हार्दिक को राज्यपाल ने किया सम्मानित


राज्यपाल के साथ शूटिंग के खिलाड़ी।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** श्याम कुमारी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज पेमापुर रूपिनपुर जयसिंहपुर की कक्षा 12 की छात्रा हर्षिता एवं छात्र हार्दिक साहू ने नई दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करके प्रदेश और कालेज का नाम रोशन किया है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हर्षिता और हार्दिक को राजभवन में आमंत्रित करके उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने छात्र हार्दिक साहू और छात्रा हर्षिता को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### शुद्ध अंतःकरण ही अनंत सुख प्राप्ति का साधनः शास्त्री

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के धौरहरा गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। ऋषभ देव के चरित्र वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य को ऋषभ देव जी जैसा आदर्श पिता होना चाहिए जिन्होंने अपने पुत्रों को समझाया कि इस मानव शरीर को पाकर दिव्य तप करना चाहिए, जिससे अंतरूकरण की शुद्धि हो तभी उसे अनंत सुख की प्राप्ति हो सकती है। भगवान को अर्पित भाव से किया गया कर्म ही दिव्य तप है। कथा श्रवण को कल्पवृक्ष से भी बढ़कर बताया। क्योंकि, कल्पवृक्ष मात्र तीन वस्तु अर्थ, धर्म और काम ही देता है। मुक्ति और भक्ति नहीं देता, लेकिन श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है। यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करता है। मुख्य जजमान पंडित श्याम बिहारी पांडेय ने व्यासपीठ की आरती, पूजन किया। इस मौके पर राम लवट दुबे, मयंक दुबे, योगेश चंद पांडेय, हेमचंद पांडेय राम अभिलाष, केशव पांडेय, नरेंद्र, पंकज, सर्वेश पांडेय की आदि रहे।

### पैतृक मकान से कब्जा हटवाने की मांग

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ऊँचाखेरा अजई के मजरे तेलईगांव के निवासी एक ग्रामीण ने कुछ दबंगों ने गांव स्थित उसके पैतृक मकान की भूमि पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीण संतोष कुमार सिंह उर्फ दारा सिंह ने बताया कि वह तेलई गांव का निवासी है और उसका पुराना कच्चा मकान तेलईगांव में स्थित है। वह उसी मकान में बड़ा हुआ है। लगभग चार दशक पूर्व उसके पिता की हत्या कर दी गई थी और उसके परिवार को मजबूरन लखनऊ जाकर रहना पड़ा और वह वर्तमान में जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ में रहता है। वह तीज त्योहार पर ही गांव आ पाता था। देख-रेख न हो पाने के कारण पैतृक कच्चा मकान भी गिर गया था। उसकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर गांव के ही इंद्रपाल सिंह ने उक्त भूमि पर कब्जा कर मकान बना लिया है। उन्होंने उसके पैतृक मन्दिर और समाधि स्थल पर भी कब्जा कर लिया है। वह जब भी भूमि से कब्जा हटाने को कहता है विपक्षी मारपीट पर आमादा हो जाता है। ग्रामीण ने प्रशासन से उसके पैतृक मकान से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

# जनशिकायतों का त्वरित हो निस्तारण : सांसद

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जन चौपाल लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं



चौपाल के दौरान बुजुर्ग की समस्या सुनती केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।

मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत दादरा माना मदनपुर नेवादा व कस्बा मुसाफिरखाना सहित आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में बुधवार को केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पहुंच कर लोगों की जन समस्याएं सुनीं। इसके साथ-साथ जन संवाद विकास यात्रा में उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चात संबंधित अधिकारियों को समस्याओं से निजात दिलाने के लिए त्वरित निर्देशित किया।

केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र की जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने एवं उसका निदान करने की कोशिश की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब मैं अमेठी की निवासी हूं। अमेठी की जनता से हमारा परिवारिक रिश्ता हो गया है।

**▸▸ केंद्रीय मंत्री से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने की बिजली गड़बड़ी की शिकायत**

केंद्रीय मंत्री के जन संवाद विकास यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्थानीय सासंद से विद्युत विभाग की समस्या उठाते हुए बिजली विभाग की ओर से जारी विद्युत बिल में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सही करने की शिकायत की। इसके साथ-साथ पेंशन आवास राशन कार्ड किसान सम्मान निधि नाली निर्माण आयुष्मान कार्ड सहित अन्य जन शिकायतें आई। जिसके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्त के आवास पर पहुंचकर जलपान एवं कार्यकर्ताओं से मंत्रणा की।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, एडीएम अमेठी, सीएमओ डाक्टर अंशुमान सिंह, एसडीएम दिग्विजय सिंह, सीओ अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार राहुल सिंह, खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह, पूर्ति निरीक्षक जितेंद्र प्रजापति, नायब तहसीलदार प्रशांत सिंह, इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, प्रभात शुक्ल, अतुल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सत्य प्रकाश यादव, नकुल टंडन, ओम प्रकाश पांडे, राम गोपाल कौशल, जयविंद सिंह सहित अधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री से शिकायत के बाद जागा अफसर

**फुरसतगंज, अमेठी।** अमेठी सांसद स्मृति जुबिन ईरानी बीते 25 फरवरी को ग्राम सभा निगोहां की जन चौपाल में ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि दलित बस्ती की साफ सफाई तथा नाली खंड़जे में अतिक्रमण है। उसका संज्ञान लेने के बाद मंगलवार को बहादुरपुर ब्लाक खण्ड विकास अधिकारी ब्रजेद सिह एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह के द्वारा अतिक्रमण को हटवाया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान चंदपाल यादव, सचिन तिवारी, मोहित द्विवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### जल जीवन योजना : टोंटी के लिए ग्रामीण परेशान

**सिंहपुर, अमेठी।** सेमरौता क्षेत्र में जल्द ही पानी की समस्या दूर हो जाएगी। जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत दो महीने में शुरू होने की संभावना है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सिंहपुर में लोगों को समस्या का समाधान हो जाएगा। वहीं बना पुरवा में पानी की टंकी का निर्माण 70 फीसदी तक पहुंच गया है। अब तक ग्रामीण क्षेत्र बना पुरवा में कई जगह फर्जी पाईप डालकर छोड दिया गया है तो कहीं पाईप का नामों निशान नहीं है। क्षेत्र के विकास आयाम स्थापित करने वाले पाईप के ठेकेदार काफी दिनों से निर्माण स्थान पर नहीं आए। टंकी के ठेकेदार सुनील सिंह ने बताया कि शेष कार्य आगामी दो महीने तक समाप्त कर लिया जाएगा।

### माटीकला टूल किट्स चयन हेतु साक्षात्कार आज

**अमेठी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में उ.प्र. माटीकला बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित माटीकला के परम्परागत कामगारों को नि:शुल्क विद्युत चालित चाक चयन हेतु जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से साक्षात्कार किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि समस्त माटीकला कामगार जिन्होंने माटीकला टूल किट्स के लिए कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किया है।

# संग्रामपुर में कार्यशाला का आयोजन

अमेठी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं निपुण भारत मिशन के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक स्तर के अध्यापकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन एवं उन्मुखीकरण हेतु हमारा आंगनबाड़ी, हमारे बच्चे का एक दिवसीय कार्य शाला (उत्सव) का आयोजन बीआरसी संग्रामपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुआ मुख्य अतिथि रूपेश सरोज बाल विकास परियोजना संग्रामपुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने 52 सप्ताह की गतिविधियों को भली-भांति परिचित होकर नौनिहालों के लक्ष्य को पूर्ण करायें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा ने कहा कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा के बुनियादी लक्ष्य को हासिल करके ही प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में 52 सप्ताह गतिविधि कार्यक्रम के संदर्भ दाता डॉ पवन कुमार पाण्डेय नोडल शिक्षक संकुल, उर्मिला देवी सुपरवाइजर बाल विकास परियोजना, अंजली सिंह रहे। कार्यक्रम में गणेश तिवारी एआरपी, अविनाश मोर्य एआरपी, अरूण कुमार द्विवेदी, नागेन्द्र सिंह, यदुनाथ, दिनेश, विनय पांडेय, ललित, विवेकानंद सहित विकास खंड के शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी आशुतोष मिश्र ने किया।



मेरा आंगनबाड़ी मेरा बच्चा कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षकगण।

# पुलिस ने वाहन समेत चार कछुआ तस्करों को दबोचा

**जगदीशपुर, अमेठी।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने वाहन समेत चार कछुआ तस्करों को धर दबोचा। पकडे गए अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने वन जीव संरक्षण अधिनियम एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थानाक्षेत्र के अंतर्गत पूरे भगवानदीन गांव स्थित रेलवे क्रॉसिंग अंडरपास के निकट उस वक्त आसपास के लोगो में हडकंप मच गया। जब वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए एक वाहन को रोककर उसमे तलाशी लेने पर विभिन्न प्रजाति के 498 अदद कछुओं को बरामद किया। वहीं वाहन में बैठे चार लोगो को हिरासत मे लेकर पूछताछ के पश्चात उन्होने अपना नाम राजेश कुमार व दूसरे ने माइकल निवासीगण गांधीनगर पालपुर थाना जगदीशपुर व तीसरे ने अपना नाम बब्बन निवासी मुबारक पुर थाना जगदीशपुर व चौथे अभियुक्त ने राज बहादुर निवासी चतुरीपुर मजरे मऊ थाना गौरीगंज जनपद अमेठी बताया। पुलिस ने बताया कि पकडे गए अभियुक्तों के विरुद्ध थाना जामो व जगदीशपुर मे कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया कि पुलिस अर्से से लगी हुई थी इन चारो अभियुक्तों को पकडने के बाद मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध मे कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि बरामद कछुओं की अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत




खेलकूद में विजेता खिलाड़ियों को सांसद द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र।

**अमेठी।** भेटुआ ब्लॉक में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिला खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला खिलाड़ियों में एक अजब रोमांच देखने को मिला। महिला खेल में कई प्रकार के खेल खेले गए, जिसमें नींबू दौड़, कुश्ती दौड़, पैदल दौड़, बैलून दौड़ आदि प्रमुख है। कुर्सी दौड़ में बृजेश कुमारी, कृष्ण, ललित, सुनीता तथा नींबू दौड़ में आशा, ममता, कौशल्या पैदल चाल में पुष्पा, राजमती, खातून बैलून दौड़ में बृजेश, आशा, अमृता रस्साकसी में मोहब्बता, पूजा अनारा देवी मटका फोड़ में सुनीता, राजकली, सुमित्रा आदि प्रमुख विजेताओं को मंडल उपाध्यक्ष भाजपा के द्वारा पुरस्कार को वितरण किया गया। इस पुरस्कार वितरण में मंडल उपाध्यक्ष सुशील शुक्ला के साथ अमित तिवारी अभय यादव रोहित यादव अगस्त पांडे आदि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनसमूह भी उपस्थित रहा।

### भेटुआ में राम कथा की निकली भव्य कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल कथावाचक व श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमेठी।** अमेठी के भेटुआ में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां नौ दिनों तक चलने वाली श्री राम कथा की शुरुआत बुधवार से होगी। श्री राम कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य श्री शान्तनु जी महाराज श्रद्धालुओं को राम कथा रस पान करायेंगे। मंगलवार को कथा प्रारंभ करने के पूर्व आयोजक के घर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो गोवर्धनपुर, पूरबद्वारा, भगवान शिव के स्वयंभू मंदिर, दुर्गा माता मंदिर होते हुए कथा स्थान खेल मैदान गोवर्धनपुर पहुंची। कलश यात्रा में जय श्री राम उद्घोष व डीजे की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने ग्रामीण माहौल को राम मय बना दिया। कथा बुधवार 28 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी। 8 मार्च को 101 पार्थिव शिवलिंगों का रुद्राभिषेक व 9 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

# स्वास्थ्य खराब होने की वजह सदन नहीं जा सकी

**अमेठी, अमृत विचार।** राज्य सभा चुनाव में क्रास वोटिंग और विधायक महाराजी प्रजापति द्वारा मतदान न करने का राजनीतिक घटनाक्रम मंगलवार को दिन भर सुर्खियों में रहा। सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के पाला बदल खेल को लेकर पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी के समर्थक तरह-तरह की चर्चाएं करते देखे गए।

विधायक महाराजी प्रजापति ने कहा है कि स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे सदन नहीं जा पाईं। मंगलवार को सात विधायकों की ओर से दल की मर्यादाओं के विपरीत अंतरात्मा की आवाज पर वोटिंग और भाजपा के तीसरे प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए डबल इंजन सरकार के मैनेजमेंट के बारे में देर शाम तक तरह तरह की चर्चाएं होती रही। सबसे अधिक चर्चा पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी और अमेठी की विधायक महाराजी प्रजापति के बारे में हो रही हैं। महाराजी प्रजापति सदन क्यों नहीं पहुंच पाई और उन्होंने मतदान क्यों नहीं किया, इस बात को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी। सपा के सात विधायकों से अधिक चर्चा महाराजी के बारे में हो रही है। कुछ लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजी प्रजापति से मिलने से मना कर दिया। इसलिए उन्होंने अन्य विधायकों की तरह भाजपा के पक्ष में मतदान नहीं किया। विधायक के जनसंपर्क कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजी प्रजापति का स्वास्थ्य पिछले एक सप्ताह से अधिक खराब है, वे पिछले दिनों कार्यालय पर आयोजित रविदास जयंती में भी शामिल नहीं हो पाईं थीं। उधर, राकेश प्रताप सिंह की सीएम से मुलाकात के बाद गौरीगंज विधानसभा की भविष्य की राजनीति को लेकर चर्चाएं हो रही है।

**▸▸ मतदान न करने से सबसे अधिक चर्चा में रहीं अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति**

# जायस में इलाज के दौरान दोनों युवकों की गई जान

जायस, अमेठी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र जायस अन्तर्गत मलिक मोहम्मद जायसी मेमोरियल हॉस्पिटल के पास सोमवार की देर शाम हुई स्कार्पियो की टक्कर से मौके पर ही बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल दो युवकों को अस्पताल भेज दिया था। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को घायल दोनों युवकों का इलाज के दौरान मौत हो गई है।

गौरीगंज थाना क्षेत्र गांव लालपुर निवासी रोहित कुमार (21) जायस थाने के भीरा गांव में अपनी आया था। सोमवार की देर शाम रोहित भीरा गांव के ही सचिन (22) व रविन्द्र कुमार उर्फ राजू (24) के साथ मोटरसाइकिल से जायस कस्बे की तरफ जा रहा था। बाइक सवार तीनों युवक जैसे ही मलिक मोहम्मद जायसी मेमोरियल हॉस्पिटल के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार में आ रही अनियंत्रित स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल में जोर दार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। तीनों घायलों को पुलिस ने राहगीरों की मदद से सीएचसी फुरसतगंज भेज दिया था। जहां डॉक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया था, और सचिन व रविन्द्र की गंभीर अवस्था देख रायबरेली रेफर कर दिया था। मंगलवार को इलाज के दौरान सचिन और रविन्द्र की भी मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से गांव में कोहराम मचा हुआ है।

**▸▸ सोमवार को स्कार्पियों ने बाइक को मारी थी टक्कर, घटना के समय ही एक युवक की गई थी जान**

### ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध तेज हुआ अभियान

**अमेठी।** बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा के दौरान बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से पढ़ाई के दौरान किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को ध्यान में रखकर ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ एक अभियान शुरू किया गया है। यदि किसी विद्यार्थी को पढ़ाई के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के तेज आवाज से समस्या हो रही है तो वह 112 पर कॉल कर के पुलिस की सहायता ले सकते हैं। 112 पर कॉल आते ही पुलिस रिस्पांस वेहिकल (पीआरवी) को तत्काल मौके पर भेजा जायेगा। निर्धारित मानक के अनुरूप परमीशन ले कर ही निर्धारित समयावधि तक ध्वनि का प्रसारण किया जा सकेगा। पीआरवी द्वारा शिकायतकर्ता की सूचना पर मौके पर पहुंचकर शालीनता से नियमों के उल्लघंन का हवाला देते हुए ध्वनि प्रदूषण को बन्द कराने की कार्यवाही की जायेगी। नियमों का उल्लंघन पर उसके खिलाफ पुलिस कार्यवाही की जायेगी।

# भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी : त्यागी

गौरीगंज, अमेठी



बैठक में चर्चा के बाद बसपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय कान्हा मैरिज लान में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला एवं विधानसभा कमेटियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा के बाद कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि अयोध्या मंडल के मंडल प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा कि बसपा देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था को संघर्षरत है। बसपा की मुखिया बहन मायावती ने उत्तर प्रदेश में चार बार के मुख्य मंत्रित्व काल में सबसे अच्छी सरकार चलाकर सर्व समाज का हित किया। भाजपा अम्बानी, अडाणी और पूंजीपतियों की पार्टी है, भारत की जनता की पार्टी नहीं है। इसीलिए डबल इंजन की सरकार में देश की 98 फीसदी जनता बेरोज़गारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार और नफ़रत की राजनीति से त्रस्त है। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने किया। जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, दिनेश, बामसेफ जिला संयोजक किसमता संजीव, बबलू, विधानसभा अध्यक्ष शिवराम, विजय, लक्ष्मण, कन्हैयालाल, कुसुम, विधानसभा प्रभारी रामकेवल सरोज, मोहनलाल, निजामुद्दीन, धर्मवीर, मथुरा प्रसाद आदि मौजूद रहे।



# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल जेल, अर्थदण्ड

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को दोषी पाते हुए 20 साल कारावास व 25 हजार अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

वादिनी मुकदमा ने कोर्ट के समक्ष बताया की वर्ष 2015 में 3 नवम्बर को करीब रात 10 बजे उसकी नाबालिक पुत्री घर से बाहर शौच करने गई थी तभी उसे सुनील कुमार पटक कर गिरा दिया और उसके साथ जबरन बलात्कार किया। पीडिता ने भी न्यायालय में उपस्थित होकर बताया कि 3 नवंबर 2015 को रात 10 बजे अपने घर के पूरब तरफ़ शौच करने के लिए गई थी, तभी सुनील कुमार उसे पटक कर गिरा दिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। शोर मचाया तो मेरी मां दौड़कर आई तो अभियुक्त मुझे छोड़कर भाग गया।

अभियोजन की ओर से छह गवाहों को प्रस्तुत किया गया, 10 दस्तावेज साक्ष्यों को भी साबित कराया गया। बचाव पक्ष की तरफ से भी एक साक्षी को प्रस्तुत किया गया। सुनील कुमार सरोज निवासी थाना रानीगंज को दोषी पाते हुए कोर्ट ने 20 वर्ष के कारावास और 25 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

## बोलेरो मांगने पर बरातियों को बनाया बंधक

**कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार।** दूल्हे द्वारा दुल्हन पक्ष से बोलेरो व चेन की मांग पर खलबली मच गई। रात भर पंचायत के बाद भी बात न बनने पर बरातियों को बंधक बना लिया गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। विवाह सम्पन्न होने के बाद दुल्हन की विदाई की गई। मानिकपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी युवक की बारात संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के काशीपुर मठन में तय की गयी थी। द्वारचार व जयमाल के बाद विवाह के फेरों के समय दूल्हे ने बोलेरो व सोने की चेन की मांग की। अपनी मांग पूरी न होने पर दूल्हे ने शादी से इनकार करने लगा। बात नहीं बनी तो घरातियों ने दूल्हे सहित उसके घर वालों को बंधक बना लिया। सुबह घरवालों की सूचना पर संग्रामगढ थाने के एसआई अमित सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद वैवाहिक संस्कार सम्पन्न हुए।

# रामत्व का होगा प्रसार, बनाएंगे सबल समाज

**संबोधन**

- विहिप के नवनिर्वाचित महामंत्री बोले- देशभर में एक लाख स्थानों पर कार्य का करेंगे विस्तार

अयोध्या कार्यालय



पत्रकारों से बातचीत करते विहिप महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा व मौजूद अन्य।

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की त्रिदिवसीय बैठक मंगलवार को कार सेवक पुरम् में संपन्न हो गई। बैठक में देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा कर हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए षष्ठी पूर्ति वर्ष में संगठन के विस्तार की योजनाएं भी बनाई गई।

विश्व हिंदू परिषद के नव निर्वाचित महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक में देश-विदेश से पधारे प्रतिनिधियों ने अनेक विषयों पर चर्चा के साथ यह संकल्प लिया कि भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब हम संगठन, समाज और विदेशस्त हिंदुओं में रामत्व के प्रसार के साथ संस्कारित व सबल समाज की पुनर्स्थापना करेंगे।उन्होंने बताया इसके लिए विहिप के इस षष्ठीपूर्ति वर्ष के अंत तक देश भर में लगभग एक लाख स्थानों तक अपने कार्य का विस्तार करेगी। विहिप के महामंत्री ने कहा कि सेवा कार्यों का विस्तार, गौ रक्षा व गौ संवर्धन के साथ धर्मातरण को रोकने व घर वापसी के कार्य को और गति देने के बारे में भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई।

विदेशों में बसे हिंदुओं के साथ संपर्क व समन्वय को और अधिक मज़बूत बना कर उनकी समस्याओं के यथोचित समाधान के लिए भी अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपनी कार्य योजना बताई। महामंत्री बागड़ा ने बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर उत्तराखंड सरकार का अभिनंदन करते हुए प्रन्यासी मंडल ने आशा व्यक्त की शेष राज्य भी एक सशक्त समान नागरिक संहिता लाएंगे। जिससे देशवासियों के बीच भेदभाव समाप्त हो कर सभी बच्चों व महिलाओं को समान अधिकार मिल सकें। धर्मातरण रोकने के लिए कुछ राज्यों ने कठोर कानून बनाए हैं किंतु अन्य राज्य भी इस बारे में आगे बढ़े, इस बात पर भी प्रन्यासी मंडल ने चिंतन किया। उन्होंने बताया नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम जारी होते ही कार्यकर्ता पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धर्म आधारित उत्पीड़न का शिकार हिंदू जैन, सिख, बौद्ध बंधु भगिनियों की नागरिकता के संदर्भ में भी शीघ्रता के साथ कार्रवाई करें, ऐसा भी निवेदन हुआ।

### आलोक बने विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वर्तमान कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार निर्वाचित हुए। महामंत्री के रूप में वर्तमान संयुक्त महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा चुने गए। साथ ही विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री के रूप में वर्तमान महामंत्री मिलिंद परांडे और सह संगठन महामंत्री के रूप में विनायक राव देशपांडे की नियुक्ति को भी सदन ने स्वीकृति प्रदान की। प्रेसवार्ता में विहिप के नवनिर्वाचित अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार भी उपस्थित रहे।

# कक्ष निरीक्षक से स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने की अभद्रता

- 39 हजार ने दी हाईस्कूल गणित की परीक्षा, 3,761 परीक्षार्थी अनुपस्थित
- दूसरी पाली में 159 केंद्रों पर परीक्षा, 40 पर नहीं थे एक भी परीक्षार्थी

संवाददाता, प्रतापगढ़



**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने कक्ष निरीक्षक से अभद्रता की। नाराजगी जताते हुए ड्यूटी से इनकार करने पर केंद्र व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य व शिक्षकों के सामने स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने गलती स्वीकारी तो मामला शांत हुआ। शिक्षक ने भी परीक्षा ड्यूटी करने पर सहमति जताई। मंगलवार को हाईस्कूल गणित की परीक्षा में पहली पाली में 39 हजार आठ परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 13062 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा 169 केंद्रों पर कराई गई, जबकि 40 परीक्षा केंद्रों पर एक भी परीक्षार्थी नहीं थे।

अमर जनता इण्टर कालेज कटरा गुलाब सिंह में 22 फरवरी को यूपी बोर्ड की परीक्षा चल रही थी। इण्टर की परीक्षा में प्राथमिक विद्यालय रामनगर के शिक्षक सुनील यादव एक कमरे में कक्ष निरीक्षक थे। आरोप है कि परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट लेखपाल बलराम सरोज ने कक्ष निरीक्षक से बेवजह अभद्रता की। व्यवहार से आहत कक्ष निरीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षा ड्यूटी करने में असमर्थता जतायी। सुनील प्रार्थना पत्र देने पहुंचे तो केंद्र व्यवस्थापक ने प्रार्थना पत्र लेने से मना कर दिया।

शिक्षकों के सामने काफी देर तक बातचीत चली तो स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने अपनी गलती स्वीकारी। कहा दुबारा ऐसी गलती नहीं होगी। इसके बाद शिक्षक ने परीक्षा ड्यूटी करने पर सहमति जताई। जिले के 199 परीक्षा केंद्रों पर हुई हाईस्कूल गणित की परीक्षा में कुल 42 हजार 769 पंजीकृत रहे। इसमें से 29 हजार 707 छात्र व 13 हजार 62 छात्राएं रहीं। मैदान छोड़ने वाले 13062 परीक्षार्थियों में 3113 छात्र व 648 छात्राएं रहीं।

परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचिता पूर्वक परीक्षा कराने के लिए नामित प्रांतीय पर्यवेक्षक निदेशक सीमैट प्रयागराज दिनेश सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम में डबल लाक दो अलमारियां सुरक्षित रहें। सीसीटीवी कैमरा और वाइस रिकार्डर हमेशा क्रियाशील रहे। उन्होंने तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी, टीपी इंटर कालेज, एसबीएम इंटर कालेज, कृपालु बालिका इंटर कालेज, ।एसपी इंटर कालेज आदि का निरीक्षण किया।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार।** शादी के बाद से परिवार के साथ अपने मायके में रह रही महिला की दुकान का टीनशेड गिराने को लेकर मंगलवार सुबह दो पक्षों में सिरफुटव्वल हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से 10 लोग घायल हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। लीलापुर थाना क्षेत्र के बहलोलपुर निवासी अब्दुल लतीफ के तीन पुत्रों और तीन पुत्रियों में एक पुत्री जैबुननिशा उर्फ गुड़िया (60) शादी के बाद से सपरिवार मायके में ही रह रही थी। हाईवे किनारे पुश्तैनी जमीन पर टीनशेड रखकर दुकान चला रही थी। आरोप है कि उसके सगे भाई सगीर की पत्नी शहनाज कुछ लोगों के साथ टीनशेड गिराकर कब्जा करने लगी।

# विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस दिखी असहाय, दबंगों ने पीटा

रानीगंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस को दबंगों ने पिटाई कर दी। पिटता देख साथी पुलिसकर्मी वहां से भाग निकले। मामले में केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

फतनपुर थाना क्षेत्र के चूड़ामणि का पुरवा नौडेरा गांव निवासी प्रेमनारायण शुक्ल और कृपा शंकर शुक्ल के बीच दीवार बनाने को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार को दोपहर में दोनों पक्षों में निर्माण को लेकर विवाद हो गया।

विवाद की सूचना पर फतनपुर थाने के सिपाही उपेन्द्र सिंह गुर्जर, राम प्रताप व गोविन्द मौके पर पहुंचे और विवाद सुलझाने का प्रयास करने लगे। सिपाही उपेन्द्र सिंह का आरोप है कि मामले को सुलझाने का प्रयास चल ही रहा था कि प्रेम नारायण शुक्ल पक्ष के लोग उग्र हो गये। प्रेम नारायण ने सिपाही उपेन्द्र सिंह का कालर पकड़कर खींच लिया और अभद्रता करते हुए पिटाई की। जिससे उसके शर्ट की बटन टूट गई। साथी की पिटाई देख अन्य पुलिस कर्मी भाग निकले। मामले में सिपाही उपेन्द्र ने थाने में तहरीर दी। जिस पर चूड़ामणि का पुरवा गांव निवासी प्रेम नारायण शुक्ल, पत्नी मीरा देवी व बेटा अनिकेत शुक्ल के खिलाफ मारपीट, जानलेवा धमकी, सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में फतनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी।

## कोर्ट ने जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन किया रद्द

**पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार।** कोर्ट ने मंगरौरा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन रद्द कर दिया। वादी ने खुशी व्यक्त करते हुए सच्चाई की जीत कहा।मंगरौरा तृतीय से इंद्रदेव तिवारी जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए थे। मतगणना का परिणाम आने के बाद मामला जिला न्यायालय में चला गया था। जनपद न्यायालय में याचिका दायर कर कंधई क्षेत्र निवासी उमेश सिंह ने मंगरौरा के वार्ड संख्या 11 में हुए मतगणना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए चुनाव परिणाम को रद्द करने की मांग की थी। जिला न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने मंगलवार को मतगणना परिणाम को अवैध घोषित करते हुए चुनाव को रद्द कर दिया। उमेश ने खुशी जताते हुए फैसले को सच्चाई की जीत बताया।

# चालक को पीटकर किया मरणासन्न बोलेरो लेकर भाग निकले बदमाश

रानीगंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** बरात छोड़कर वापस लौट रहे बोलेरो चालक को असलहा धारी बदमाशों ने पीटकर मरणासन्न कर दिया। इसके बाद बोलेरो व उसका मोबाइल लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र के अमरपुर निवासी लाल प्रभाकर यादव के पास बोलेरो है। चालक बारात लेकर फतनपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोसाई गांव आया था। बारात छोड़कर जब वापस जा रहा था तो कुछ दूर पहुंचा था कि अचानक कुछ बदमाश असलहा के साथ पहुंचे और तमंचा दिखाकर उसके वाहन को रोक लिया।

उसे प्रयागराज के बहरिया थाना क्षेत्र के करनाईपुर नहर के पास छोड़कर वाहन व उसका मोबाइल लेकर भाग निकले। तभी उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति से चालक ने आप बीती बताई। तो डायल 112 सहित बहरिया थाने की पुलिस को भी सूचना दी गई। बाद में वाहन मालिक को सूचना हुई तो फतनपुर थाने पहुंचा और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## गैरहाजिर मिले 98 शिक्षकों का बीएसए ने रोका वेतन

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने 16 जनवरी से 12 फरवरी तक बीईओ और जिला समन्वयकों से परिषदीय स्कूलों का औचक निरीक्षण कराया। निरीक्षण में बिना सूचना 59 शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक बिना सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित रहे। इसी तरह 13 फरवरी से 20 फरवरी तक कराए गए निरीक्षण में 39 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए।

# 17 हजार करोड़ की परियोजनाओं का पीएम करेंगे शिलान्यास

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संगमनगरी आगमन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 मार्च को 17 हजार करोड़ परियोजनाओं का कार्यक्रम करेंगे। जिसके लेकर परेड मैदान पर सभा के लिए सारी तैयारियां शनिवार से ही शुरु कर दी गई है। इस पंडाल में लगभग 12 हजार लोगों के बैठने का व्यवस्था की जा रही है।

खास बात यह है कई इस समारोह के लिए जर्मन हैंगर लगना शुरु हो गया है। इसे चार दिनों में लगा दिया जायेगा। पीएम के आने को लेकर सुरक्षा एजंसियों ने भी प्रयागराज में डेरा डाल दिया है। देश कई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो मार्च को प्रयाग की पावन नगरी संगम में आएंगे। पीएम मोदी त्रिवेणी तट ही 17 हजार करोड़ की विभिन्न परियोजनाओ का शिलांन्यास करने के साथ लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। संगम नगरी में वह चार घंटे रहेंगे। पीएम का मुख्य कार्यक्रम रेलवे का है, जिसके बाद वह संगम परेड मैदान पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। वहां कार्यक्रम में शामिल होकर वह 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियां का निरीक्षण करने के लिए दो दिन पहले आएंगे।

### पीएम के आने से पहले तीन हेलीपैड तैयार

पीएम मोदी दिल्ली से भारतीय वायु सेना के विशेष प्लेन से एयरफोर्स एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके लिए तीन हेलीपैड बनाया जा रहा है। एयरपोर्ट से वह पहले सूबेदारगंज स्थित ईडीएफसी कंट्रोल रूम पहुंचेंगे, फिर एयरपोर्ट जाएंगे, जहां से सेना के तीन हेलीकाप्टर से परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। परेड में तीन हेलीपैड बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों ने हेलीपैड के स्थान का निरीक्षण भी कर लिया है। पीएम मोदी समारोह में महाकुंभ की विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के साथ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक प्रदान करेंगे। चिन्हित महिलाओं व पुरुषों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी देने के बाद वह एयरपोर्ट जाएंगे, जहां से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### क्या है तैयारी

पीएम मोदी के आने को लेकर बड़ा प्लान तैयार किया गया है। जिसमें कुल 12 ब्लाकों में सिटिंग प्लान किया गया है। इसके लिए दो मंच तैयार किया जा रहा है। बड़े मंच पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के अलावा कैबिनेट मंत्री व अन्य के बैठने की व्यवस्था की गई है। जबकि छोटे मंच पर भाजपा के बड़े नेता मंचासीन होंगे। पीएम के आने की तैयारी के लिए इस कार्यक्रम का टेंडर मुजफ्फर नगर की एक बड़ी टेंट कंपनी भी जिम्मेदारी सौपी गई है।


## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।
5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।
7.1. व्यक्ति
4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।
6. जानवरों को होने वाला एक रोग।

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।
2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।
3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।



### वर्ग पहेली - 355 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू-73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

### सुडोकू - 72 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 29 फरवरी 04.18 तक तत्पश्चात पंचमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-हस्त 07.33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क** — आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** — आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या** — आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला** — आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक** — आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है, जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु** — आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर** — आज अपने जीवन-स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ** — आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11.39
कीमत — रात : 07.07

Sony Max
लगे रहो मुन्ना भाई — सुबह : 10.12
विश्वासघात — रात : 10.04

Sony Pix
लाइफ — सुबह : 10.48
जिओस्ट्रोम — रात : 09.00

Zee Cinema
हाईजेक — सुबह : 10.30
विजय द मास्टर — रात : 07.30

Colors Cineplex
जुर्माना — दोपहर : 12.31
फिर हेरा फेरी — रात : 09.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर सुबह-10.12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति -मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी- हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति- रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका!
एक औरत ने गुस्से से कहा-फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मंसूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देसी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राजमा सफेद | 13000-14000 |
| राजमा काला | 11500-12500 |

**तेल तिलहन**

| | |
|---|---|
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 |
| तेल सरसों (15 ली) | 1475-1900। |

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।

### 'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

#### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में



भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# ऑनलाइन लोनः चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

## वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगीः इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी



अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

## राष्ट्रीय

# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।

### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

## बिहारः कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरितः खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप



कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

## एक नजर

### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

## बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

## जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

## राजस्थानः आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

## मुंबई : छोटा राजन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, "मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था

# बीकानेरः जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

## मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट



आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

## आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन का त्यागपत्र

## आरोप लगाया- लंबे समय से वेतन रोका, गुटबाजी से काम करना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी



लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहीं एलेना नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था तथा महासंघ में गुटबाजी से काम करना मुश्किल हो गया था।

ऑस्ट्रेलिया की नॉर्मन 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थीं और उन्हें तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया था। हॉकी इंडिया के नॉर्मन के पद छोड़ने के संबंध में किसी कारण का उल्लेख किए बिना इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि (वेतन से जुड़े हुए) कुछ मुद्दे थे तथा काफी पहल करने के बाद पिछले सप्ताह उन्हें मंजूरी मिली। नॉर्मन ने कहा कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। दो गुटों की लड़ाई में काम करना मुश्किल हो रहा था। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता। नॉर्मन का त्यागपत्र राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने नॉर्मन का त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। टिर्की ने कहा कि न सिर्फ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बल्कि पूर्व खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी होने से मैं 12-13 वर्षों में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। नॉर्मन के सानिध्य में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं पुरुष टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर 41 साल के इंतजार को खत्म किया था।

### 13 साल तक एलेना नॉर्मन ने संभाला था पद

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया की निवर्तमान सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा कि महासंघ में जैसा माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल हो गया था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। 13 साल तक यह पद संभालने के बाद नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में इसका कोई कारण नहीं बताया है लेकिन नॉर्मन ने इन दो चीजों का जिक्र किया है जिनसे उन्हें अपना पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 33 गेंद पर जड़ा शतक

कीर्तिपुर (नेपाल), एजेंसी



नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मल्ला ने पिछले साल हांगझाउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 3 विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। 22 साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक है। लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली, जिससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## खेल डायरी

### एंडी मरे ने दुबई में जीत के बाद दिया संकेत, कुछ महीने और बचे हैं



दुबई, एजेंसी। तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब कुछ अंतिम महीने बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की। पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा कि बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल हो जाता है। संभवत: मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

### रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे से बवाल

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने से विवादों में फंस गए हैं। उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को मेसी मेसी के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। लियोनेल मेसी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

### मेरा लक्ष्य पैरालंपिक स्वर्ण बरकरार रखना है : प्रमोद

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब पेरिस में अपना पैरालंपिक खिताब बरकरार रखना चाहते हैं और उनका इरादा 2036 खेलों में भी भाग लेने का है। बिहार में जन्मे 35 वर्ष के भगत ने रविवार को इंग्लैंड के डेनियन बेथेल को एसएल3 वर्ग के फाइनल में हराकर चीन के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पोलियो के शिकार भगत ने कहा कि ओलंपिक के बाद से मेरे अभ्यास में कमी आ गई थी और उसने भी अपने खेल पर काम किया। हमने जितने फाइनल खेले हैं, उसका दबदबा रहा है लिहाजा मेरे लिए मानसिक अवरोध पैदा हो गया था। पेरिस पैरालंपिक से पहले वह तोड़ना जरूरी था। मैं यह गलती सुधारना चाहता था जो मैने ओपन टूर्नामेंटों में की थी।

### न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने टेस्ट से संन्यास लिया

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने 5 दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वैगनर ने 2012 में टेस्ट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छाप छोड़ी।



# शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से बाहर होना तय

## जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी रह सकते हैं बाहर



नई दिल्ली, एजेंसी

- गत वर्ष वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में निभाई थी अहम भूमिका
- 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था अपना अंतिम मैच

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाएं टखने (अकिलीज़ टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिससे वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन हुआ। शमी को फिट होने में 3 महीने का समय लग जाएगा। इससे वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनका जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। शमी ने सोमवार को अस्पताल से अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अभी मेरे अकिलीज़ टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं।वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी दर्द के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेले थे। वह टखने में विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी में लंदन चले गए थे। उन्हें हालांकि इससे कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की ओर से शमी के लिए तैयार किए रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवाल उठ गया है। इस गेंदबाज के बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में वापसी करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस से जल्द चोट से उबर जाएंगे।

### शमी का बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए झटका

शमी का आईपीएल से बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए करारा झटका है, जिसके ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही मुंबई इंडियंस से जुड़ चुके हैं। शमी ने पिछले साल आईपीएल में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेकर उसे फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी को हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अभी तक एक दशक के अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 229, वनडे में 195 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 24 विकेट लिए हैं।

# भारत से प्रतिस्पर्धा का मौका तक नहीं था: बेन

रांची, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर 5 मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई श्रृंखला गंवाई है। स्टोक्स ने कहा कि 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन जिस तरह से हमने भारत को चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था, लेकिन हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।

स्टोक्स ने कहा कि यह युवा और कम अनुभवी टीम दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था। हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे हर खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

### गिल-जुरेल की साझेदारी ने भारत को संभाला

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी की थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# मंधाना ने आरसीबी को 8 विकेट से दिलाई जीत



बेंगलुरू, एजेंसी

कप्तान स्मृति मंधाना की आक्रामक पारी और गेंदबाजों के प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को गुजरात जाइंट्स को 8 विकेट से हराया। मंधाना ने 27 गेंद में 8 चौकों और 1 छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं एस मेघना ने 28 गेंद में 36 रन जोड़े, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके टीम को 12.3 ओवरों में ही 108 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने जाइंट्स को 7 विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 14 रन देकर 2 और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए। मंधाना ने तेज गेंदबाज लिया ताहुहू की पहली दो गेंदों पर 2 चौके लगाए। उन्होंने चौका जड़कर पहले ओवर में 13 रन निकाले। तीसरे ओवर में आरसीबी का स्कोर बिना नुकसान के 32 रन था, लेकिन चौथे ओवर में सोफी डेवाइन को एशले गार्डनर ने आउट किया। मंधाना ने ताहुहू को छक्का लगाया। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर ने आउट किया। इससे पहले मंधाना ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और उनके गेंदबाजों ने इसको सही साबित किया। जाइंट्स की कप्तान बेथ मूनी सिर्फ 8 रन ही बना सकी। रेणुका को दो चौके जड़ने के बाद वह अगली गेंद पर आउट हो गई। रेणुका ने फोबे लिचफील्ड को भी आउट किया जो बाहर निकलकर खेलने के प्रयास में चूकीं और रिचा घोष ने कुशल स्टम्पिंग किया। रेणुका ने 4 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए। डायलान हेमलता ने 25 गेंद में नाबाद 31 रन बनाकर उसे 100 रन के पार पहुंचाया। जाइंट्स ने पहले दस ओवर में 44 रन बनाए जबकि उसके दो विकेट गिरे। पूरी पारी में जाइंट्स के बल्लेबाज 10 चौके और 2 छक्के ही लगा सके।

## डब्ल्यूपीएल संहिता के उल्लंघन में अरुंधति पर लगा जुर्माना

बेंगलुरु। दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस खिलाड़ी ने दिल्ली की यूपी के खिलाफ 9 विकेट से जीत में 1 विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि अरुंधति रेड्डी पर यूपी के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत आने वाले लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।



# बॉलीवुड हलचल

## वार 2 का ऋतिक ने वीडियो किया शेयर



फिल्म 'फाइटर' के बाद ऋतिक रोशन की नई फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में खुद एक्टर ने स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 'वॉर 2' का बीटीएस वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। ऋतिक रोशन ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी स्टाइलिस्ट के साथ चल रहे हैं और खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं उस वीडियो में स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया भी है उन्हीं को एक्टर ने विश कर लिखा- अनसुनी चीजों को पर्दे पर लाने के लिए धन्यवाद, आपका आने वाला साल सुपरसोनिक हो! प्यार। ऋतिक रोशन और स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ काफी समय से एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वह एक्टर के लुक से शानदार जादू चलाती है। इससे पहले बैंग बैंग, वॉर और अब वॉर 2 जैसी फिल्मों में भी ऋतिक के साथ काम किया हैं।

### अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के इवेंट में हंगामा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' साल की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। एक्टर सोमवार (26 फरवरी) को लखनऊ में थे जहां उन्होंने भारी भीड़ के सामने कुछ स्टंट किए। शेयर हुए एक वीडियो के मुताबिक हालात जल्द ही बेकाबू हो गए क्योंकि भीड़ ने इवेंट में हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में अक्षय और टाइगर को मंच पर देखा गया जहां उन्होंने लखनऊ आने पर अपनी एक्साइटमेंट के बारे में बात की। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई सिक्योरिटी के होते हुए भी भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया। कई लोगों को सामने चप्पल फेंकते देखा गया जबकि सुरक्षा बलों ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की। भीड़ में से कई चप्पलें मैदान के चारों तरफ पड़ी देखी गईं। हंगामे के कारण मची अफरा-तफरी से कुछ देर के लिए प्रोग्राम रोक दिया गया। टाइगर श्रॉफ को लोकेशन पर इकट्ठा हुए फैन्स से कुछ देर इंतजार करने के लिए माफी मांगते भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि लखनऊ आना और वहां की एनर्जी देखना उनके लिए अब तक का सबसे 'हैरान कर देने वाला पल' था। इस इवेंट के दौरान सितारों ने कुछ हवाई स्टंट भी दिखाए।

## यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल



फिल्म आर्टिकल 370 का कलेक्शन वीकेंड के बाद गिरा है लेकिन इसे वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ये फिल्म विद्युत जामवाल की क्रैक पर भारी पड़ती दिख रही है। एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 जब रिलीज हो रही थी उस दौरान लोगों का ऐसा मानना था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाएगी, लेकिन इससे एकदम विपरीत होता दिख रहा है। फिल्म फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी कमाई के ताजा आंकड़े इस बात का सबूत हैं। इसी के साथ विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक कमाई के लिए काफी संघर्ष कर रही है। दोनों फिल्में एक साथ ही रिलीज हुई थीं। वीकेंड के बाद यामी गौतम की फिल्म में गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म ने वीकेंड में काफी अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म ने 3 दिनों में 23 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को फिल्म ने 9 .6 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने 3 .25 करोड़ का कलेक्शन चौथे दिन किया है। ये कलेक्शन भले ही रविवार की तुलना में कम है, लेकिन इसके बाद भी फिल्म के कलेक्शन को वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। 4 दिनों में आर्टिकल 370 ने 26 .15 करोड़ कमा लिए हैं। फिल्म की इस कमाई से यामी गौतम भी खुश नजर आ रही हैं और उन्होंने फैंस को थैंक्स कहा है। वहीं, क्रैक तो रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म का कलेक्शन अच्छा नहीं जा रहा है। फिल्म ने वीकेंड तक 8 .70 करोड़ की कमाई कर ली थी। रविवार को फिल्म सिर्फ 2 .3 करोड़ कमा सकी. लेकिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। बड़े स्टार्स से सजी ये फिल्म एक दिन में 1 करोड़ रुपये भी कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। फिल्म ने सोमवार को करीब 1 करोड़ कमाए हैं। फिल्म के लिए आगे के दिन और मुश्किल होने वाले हैं। फिल्म को रफ्तार पकड़ने के लिए वीकेंड का इंतजार करना होगा।

## चाचा की नकल से अर्जुन को मिली थी फिल्म



अर्जुन कपूर बॉलीवुड में एक दशक से काम कर रहे हैं। अब वह अजय देवगन की सिंघम अगेन में बड़े रोल में नजर आएंगे। अर्जुन ने कई सारी फिल्मों में काम किया है। भले ही वे फिल्मी खानदान से आते हैं, लेकिन एक्टर को फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना पड़ा था। अर्जुन कपूर की डेब्यू फिल्म इशकजादे आज तक उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाती है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म और अपने करियर पर बात करते हुए बताया कि उन्हें ये फिल्म उनके चाचा अनिल 5कपूर की कॉपी करके मिली थी। दरअसल अर्जुन कपूर और रणबीर का 'कॉफी विद करण' शो का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर से पूछा गया कि उन्हें ये फिल्म कैसे मिली, तो एक्टर ने इस बारे में बताया कि 'इशकजादे' फिल्म उन्हें ऑडिशन के बेस पर मिली थी। अर्जुन कपूर ने बताया कि जब वो ऑडिशन दे रहे थे, तो उन्होंने उस सीन को अपने चाचा की नकल करते हुए किया। उन्होंने अनिल कपूर की एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने अनिल कपूर के साथ सलमान खान की एक्टिंग भी की। प्रोड्यूसर को दोनों सुपरस्टार्स की कॉपी की गई एक्टिंग पसंद आई और उन्होंने अर्जुन को फाइनल कर लिया। इस तरह से अर्जुन कपूर को चाचा की नकल करके उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई। इस फिल्म में उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा थीं।

### ओम शांति ओम ने बदल दी अर्जुन रामपाल की किस्मत



अर्जुन रामपाल इन दिनों क्रैक को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म ने 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में वो विद्युत जामवाल के साथ हैं। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने शाहरुख खान के साथ 27 साल पहले की एक फिल्म का जिक्र किया और बताया कि कैसे उस फिल्म ने अर्जुन रामपाल की जिंदगी बदल दी थी। अर्जुन रामपाल ने अपने करियर की शुरुआत 22 साल पहले 2001 में आई फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से की थी। उन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उसके बाद से अब तक वो विलेन से लेकर हीरो तक कई रोल निभा चुके हैं। 2 दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे अर्जुन रामपाल ने कई फिल्में की हैं, जिसमें उनके अलग-अलग तरह के रोल देखने को मिले हैं, लेकिन वो शाहरुख खान के साथ की ओम शांति ओम को अपने करियर की सबसे अहम फिल्म मानते हैं. उनका कहना है कि ये फिल्म उनके करियर में टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म ओम शांति ओम साल 2007 में आई। फिल्म का निर्देशन फराह खान ने किया था। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फराह खान की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल ने विलेन मुकेश मेहरा का रोल किया था। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

**400** किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा

● भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।



### प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

### अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### अजित कृष्णन

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे।

वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## एक नजर



### थाईलैंड: भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### वीजा रैकेट में शामिल ब्रिटिश एयरवेज का कर्मचारी फरार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस अपने भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश एयरवेज (बीए) के एक कर्मचारी की तलाश कर रही है। कर्मचारी वीजा रैकेट मामले में फरार चल रहा है और कथित तौर पर भारत में है। मीडिया के मुताबिक, व्यक्ति (चौबीस वर्षीय) हीथ्रो हवाई अड्डे के टर्मिनल पांच पर सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। आरोपी लोगों को बिना जरूरी वीजा दस्तावेजों के ब्रिटिश एयरवेज से यात्रा कराने के लिए प्रत्येक यात्री 25 हजार पाउंड लेता था। फरार कर्मचारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर खोज रही है।



### आंदोलन: किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्साव।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11 .5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के





राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।

### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।



इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

# इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

● दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

## तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है।

ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सड़क पर उतरे लोग...



**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी






## अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ



कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।

## सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडर: जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

# अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्ध: जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



● बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

विज्ञान — इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।

# यूएई: आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

**15** से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति



अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।